हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 3 नवंबर 2026

RENAULT TRIBER TCe

WARRANTY 3 YEARS WARRANTY

100PS

RE-019-LT

शुरुआती कीमत

₹7.84 L*

625L बूट स्पेस*

7 सीटर फ़ैमिली कार

21 kmpl फ़्यूल एफ़िशिएंसी

*the price mentioned above is the ex-showroom price for the Evolution Turbo variant, and may vary depending on the model/variant and features in the car. all Renault vehicles now come with standard warranty of 3 years or 100 000 km, whichever comes first. #625 litres boot space with 5-seater configuration and 3rd row seats removed. *21kmpl fuel efficiency as certified by Test Agency Under Rule 115 (G) of Central Motor Vehicles Rules 1989. the features mentioned in this advertisement may vary depending on the model/variant and features in the car. corporate / PSU / defence personnel/ government employee / professional benefits applicable on each model are basis eligibility of the customer and based on submission of required proof by the customer. the final price valid will be the one on the date of purchase. for detailed terms and conditions, please visit www.renault.co.in

Renault recommends Castrol

renault.co.in

SHOWROOMS: MADHYA PRADESH: RENAULT **BHOPAL NEW** Ph: 9289220870. RENAULT **AGAR** Ph: 8448220030. RENAULT **CHATARPUR** Ph: 7603868297. RENAULT **CHHINDWARA** Ph: 9667215285. RENAULT **DAMOH** Ph: 9289263623. RENAULT **GWALIOR CITY** Ph: 8448383235. **INDORE:** RENAULT **INDORE** Ph: 9821199958, RENAULT **INDORE EAST** Ph: 9289263821. **JABALPUR:** RENAULT **JABALPUR WEST** Ph: 7291980314. RENAULT **MANDSAUR** Ph: 8448220394. RENAULT **SAGAR** Ph: 9311340949. RENAULT **SATNA** Ph: 7290094892. RENAULT **SHAHDOL** Ph: 7029805696. RENAULT **UJJAIN** Ph: 8448220031.

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी के साथ डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सार्थक संवाद

त्रिवेदी बोले-कांग्रेस पार्टी और राहुल भारत विरोधी शक्तियों का मुखौटा बन गए हैं... खतरा पहचानिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी का कहना है कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी भारत विरोधी शक्तियों का मुखौटा बन गए हैं, हम इसलिए सावधान करना चाहते हैं कि इस मुखौटे पर मत जाइए, पीछे छुपे असली खतरे को पहचानिए। राहुल गांधी जाने-अनजाने में आज उन शक्तियों के टूल बन गए हैं पूरी तरीके से। श्री त्रिवेदी के साथ हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने सार्थक संवाद किया। पेश हैं प्रमुख अंश-

▶▶ *आज भाजपा सफलता के जिस शिखर पर है, तो क्या आप मानते हैं कि नरेंद्र मोदी का नेतृत्व इतना चमत्कारिक है, इसलिए यह सफलता मिल गई, जो अटल जी या आडवाणी जी के दौर में नहीं थी?*

▶▶ *देखिए, आपने जो बात कही, उसको थोड़ा और व्यापक फलक पर देखेंगे, तो थोड़ा एक्सपैंड करके, अटल जी-आडवाणी जी के युग से और पीछे जा के, पिछले 70 सालों में भारतीय जनसंघ और भाजपा का विस्तार देखिए। और यह जो कांग्रेस और राहुल गांधी कहने का प्रयास करती है कि साहब वो एंटी-इंकंबेंसी थी। अरे साहब, ऐसा नहीं है, हमारा ऑर्गेनिक राइज हुआ है। 50 का दशक, हम एक इर्रेलेवेंट पार्टी, अप्रासंगिक दल, हमें कोई पूछता नहीं था। 60 का दशक, 1966 में गो-रक्षा आंदोलन हमने किया और 67 के चुनाव में हमारे 35-35 सांसद जीत के आए। उत्तर प्रदेश की विधानसभा में 96 एमएलए जीत के आए। और उत्तर भारत के अनेक राज्यों में हमने संविद सरकारें 1968-69 में बनाईं, यानी हम एक प्रासंगिक दल बने। 70 का दशक, हम जनता पार्टी के मुख्य घटक बने। अनेक राज्यों में हमारी गठबंधन सरकारों, तीन राज्यों में हमारे मुख्यमंत्री बने, जिसमें हिमाचल, राजस्थान और मध्य प्रदेश, और उस समय छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश का हिस्सा था। 80 का दशक, थोड़ा सा शुरुआत में दो-दो सीट वाला झटका आया, मगर लोग भूल जाते हैं, उस समय भी इन टर्म्स ऑफ परसेंटेज ऑफ वोट भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस के बाद नंबर दो की पार्टी थी, हमारा 8% वोट था। वहां पे दूसरे नंबर की पार्टी इन टर्म्स ऑफ सीट्स तेलुगु देशम थी, 23 थी, मगर उसका परसेंटेज ऑफ वोट 2% के आसपास था। अब आप आइए, 80 के दशक का एंड आता है, हम 89 सीट की 86 सीट की पार्टी। और 91 में हम मुख्य विपक्षी दल। पहला गैर-कांग्रेसी दल जो 100 सीटों से ऊपर आया और हमने यूनिपोलर पॉलिटिक्स को बाईपोलर कर दिया। 90 के दशक का अंत आता है, अब गठबंधन के हम साथी नहीं हैं, गठबंधन का नेतृत्व कर रहे हैं अटल जी के नेतृत्व में।*

▶▶ *एक दमदार सरकार रहते हुए, भारतीय जनता पार्टी को 'लोकतंत्र बचाने' के संदर्भ में निकलना पड़ा, अराजकता हटाने' के संदर्भ में बात करनी पड़ रही है।*

▶▶ *भारत का जिस प्रकार का राइज हो रहा है दुनिया में, देखिए, तीन बड़े ब्लॉक्स हैं अमेरिका, चाइना और यूरोप, तीनों जगह समस्या आ रही है। नेचुरली अब भारत के सामने संभावनाएं हैं, तो बहुत सी शक्तियां नहीं चाहतीं, उसमें देश के अंदर की भी, बाहर की भी, कि भारत उभरे। तो आप देखिए, मोदी जी का नेतृत्व अगर नहीं होता, तो बगल में देखिए, बांग्लादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, शक्तिशाली देश देखिए, फ्रांस, इटली, स्पेन, बेल्जियम, अल्बानिया, क्या हो रहा है? इवन कैपिटल हिल और ब्लैक लाइव्स मैटर्स जैसे उग्र आंदोलन अमेरिका जैसे देश में हो गए। उसके बाद भारत में कुछ हो नहीं पा रहा है, तो इसलिए नहीं हो पा रहा है कि मोदी जी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी एनडीए की सरकार है। इसको आप ऐसे समझिए कि दुनिया के समंदर में सुनामी आई हुई है, अगल बगल के जहाज पलट गए हैं, हमारे जहाज पर हिचकोले लग रहे हैं, तो यह आरोप यह नहीं कहेंगे कि दुनिया में लहरें चल रही हैं षड्यंत्र की, यह कहेंगे कि जहाज के कप्तान को, कप्तान की वजह से हम बचे हुए हैं। तो मैं मोदी जी की तरफ से विपक्ष के लिए कहना चाहूंगा, हमें इल्जाम मत दीजिए, बहुत अफसोस होता है। बड़ी तरकीब से कश्ती यहां तक ले आए हैं, बदल देते हैं हम दरिया की लहरें अपनी हिम्मत से, आंधियों में भी अक्सर चराग हमने जलाए हैं।*

▶▶ *जब अराजकता नहीं है, तो आप जैसा विद्वान प्रवक्ता जिस पार्टी का हिस्सा है, वो इस प्रकार का अभियान क्यों लेकर आ रहा है?*

▶▶ *मैं बताना चाहता हूं। देखिए, दुनिया में जहां कहीं उपद्रवियों ने बवाल* ▶▶शेष पेज 4 पर

खबर संक्षेप

शरद पवार की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

पुणे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार को सीने में दर्द और खांसी की शिकायत के बाद पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। सांस लेने के दौरान सीने में दर्द होने पर उन्हें चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। उनकी बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। पवार के मेडिकल टेस्ट किए जा रहे हैं और उनके सभी स्वास्थ्य पैरामीटर स्थिर हैं।



फिल्ममेकर वेद राही का 93 साल की उम्र में निधन

मुंबई। भारतीय साहित्य और मनोरंजन जगत के दिग्गज लेखक एवं फिल्ममेकर वेद राही का 93 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने रविवार को महाराष्ट्र के ठाणे स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उन्हें दूरदर्शन के धारावाहिक 'गुल गुलशन गुलफाम' के निर्देशन के लिए विशेष रूप से याद किया जाता है। वर्ष 1983 में कहानी संग्रह 'आले' के लिए राही को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था।



एचपीसीएल रिफाइनरी में लगी भीषण आग

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम स्थित गाजुवाका औद्योगिक क्षेत्र में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) की रिफाइनरी में सोमवार को भीषण आग लग गई। आग सल्फर पिच टैंक में लगी, जिससे आसपास के इलाकों में घना धुआं फैल गया। दमकल की कई गाड़ियों ने आग बुझाने में जुटी रहीं। पुलिस के अनुसार आग टैंक तक सीमित है और रिफाइनरी के अन्य हिस्सों को खतरा नहीं है।



जबलपुर में भाजपा ने निकाली 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा, बोले सीएम

यह 'नेताजी बोस' के नहीं हुए तो किसके होंगे, यह कांग्रेस का अतीत

यह अन्याय के खिलाफ न्याय की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम ने कहा कि जबलपुर से यह जो धनुष की टंकार की जो आवाज आई, कांग्रेस की धरती इससे कंपायमान हो गई

भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार को जबलपुर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा आयोजित की गई। इस पदयात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत माता के जयघोष के साथ अपने संबोधन को शुरू करते हुए कहा कि यह अन्याय के खिलाफ न्याय की यात्रा, बेईमानों के खिलाफ खुलेआम पदयात्रा है।

आज बच्चा-बच्चा प्रधानमंत्री मोदी के प्रति और भाजपा सरकार के प्रति यह विश्वास रखता है कि आज भारत आगे बढ़ा है तो प्रधानमंत्री मोदी के कारण, भारत का मान सम्मान बढ़ा है तो प्रधानमंत्री मोदी के कारण, बेईमानों को जवाब देने की कोई जगह होगी तो वह जबलपुर होगी। मैं जबलपुर का दीवाना हूं, जबलपुर की धरती जो करती है, सबसे भारी करती है। जबलपुर से यह जो धनुष की टंकार की जो आवाज आई, कांग्रेस की धरती कंपायमान ▶▶शेष पेज 4 पर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल सहित शामिल हुए कई वरिष्ठ नेता



पदयात्रा में सीएम डॉ. यादव, अर्जुन राम मेघवाल व हेमंत खंडेलवाल सहित अन्य

कांग्रेस देश को नुकसान पहुंचा रही: मेघवाल

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'रिजीम चेंज' (सत्ता परिवर्तन) वाले बयान का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2024 में देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना जनादेश दे दिया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, सड़कों पर मार्च करने से सत्ता ▶▶शेष पेज 4 पर

भाजपा का यह अभियान जनता को कांग्रेस की राजनीति के प्रति जागरूक करने के लिए

कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर रही

मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस अराजकता फैलाकर देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाना चाहती है और संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर रही है। भाजपा का यह अभियान जनता को कांग्रेस की राजनीति के प्रति जागरूक करने के लिए है। मेघवाल ने दिवाली से ठीक पहले कांग्रेस की रैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने व्यापारियों की अपील और सिख समुदाय की भावनाओं को नजरअंदाज किया। ▶▶पढ़ें पेज 07 भी



राहुल गांधी बैलेट से भी चुनाव हारते रहे: खंडेलवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि राहुल गांधी क्यों चाहते हैं कि विदेशी नागरिकों और मृत व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में बने रहें? वे क्यों चाहते हैं कि एक ही व्यक्ति का नाम दो-तीन जगह दर्ज हो? लोकतंत्र पर बार-बार सवाल उठाने वाले राहुल गांधी बैलेट से भी चुनाव हारते रहे हैं। हार का रिकॉर्ड बनाने वाले राहुल गांधी अपनी नाकामी छिपाने के लिए लगातार लोकतांत्रिक संस्थाओं पर प्रहार करते हैं।

11 हजार वोल्ट की लाइन के संपर्क में आई रोड़ी मिलाने वाली मशीन

सड़क निर्माण के दौरान करंट लगने से 8 मजदूरों की मौत

पीएम मोदी ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए देने की घोषणा की

एजेंसी ▶▶ झुंझुनू

राजस्थान के झुंझुनू जिले में सड़क निर्माण के दौरान बड़ा हादसा हो गया। छापोली गांव में निर्माण कार्य के दौरान हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से 8 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य झुलस गए। पुलिस ने सोमवार को आठ मजदूरों की मौत की पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक गांव में सड़क निर्माण ▶▶शेष पेज 4 पर


रोड़ी मशीन के ऊपर से गई लाइन

मथुरा के संतों ने जताई कड़ी नाराजगी

कृष्ण पर टिप्पणी पर धीरेंद्र शास्त्री ने मांगी माफी, बोले भाव में हो गई गलती



संतों ने कहा ब्रजवासी नहीं करेंगे माफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण पर की गई विवादित टिप्पणी को लेकर सफाई दी है। उन्होंने हाथ जोड़कर कहा कि वे भावावेश में बोल गए थे। उनका उद्देश्य भगवान राम और कृष्ण में भेद करना नहीं था। यदि उनकी बात से किसी की भावनाएं आहत हुई हैं तो वे क्षमा मांगते हैं। शास्त्री ▶▶शेष पेज 4 पर

छात्रावास की बदहाली से परेशान

दीवार फांदकर कलेक्टर से मिलने 40 किमी पैदल निकलीं छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहडोल


10 किमी पैदल चलीं तब प्रशासन ने बस से पहुंचाया

जिले के आवासीय विद्यालयों में समस्याओं को लेकर विद्यार्थियों के पैदल कलेक्टर से मिलने पहुंचने का सिलसिला थम नहीं रहा है। सोमवार सुबह जयसिंहनगर स्थित आवासीय विद्यालय की करीब 50 छात्राएं दीवार फांदकर बाहर निकल गईं। वे अपनी समस्याएं बताने के लिए 40 किलोमीटर से अधिक दूर शहडोल मुख्यालय के लिए पैदल रवाना हुईं। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक ▶▶शेष पेज 4 पर

सरदार पटेल का बनाया विशाल चित्र

एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम, रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा


युवा कलाकार 'मन' ने 5 हजार वर्ग फीट का चित्र तैयार किया

विंध्य के युवा कलाकार मन ने 20 हजार से अधिक रंगीन कापियों से लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का 5 हजार वर्ग फीट का विशाल मोजेक चित्र तैयार कर इतिहास रच दिया है। उनकी इस अनूठी कलाकृति को आधिकारिक तौर पर 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में स्थान मिला है। 'मन विजुअल्स' के बैनर तले तैयार इस कलाकृति में पांच रंगों की कापियों का इस्तेमाल किया गया। ▶▶शेष पेज 4 पर

शराब की लत से परेशान था परिवार

बेटे की हत्या के लिए पिता ने ही दी तीन लाख की 'सुपारी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिंड


आरोपी पिता सहित चार पुलिस की गिरफ्त में

देहात थाना पुलिस ने मानपुरा रोड स्थित खंती में मिले अज्ञात युवक के शव की पहचान कर हत्या का खुलासा किया है। मामले में मृतक के पिता सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार पिता ने बेटे की हत्या के लिए तीन लोगों को एक-एक लाख रुपए की सुपारी दी थी। 26-27 अक्टूबर की दरम्यानी रात ग्राम मानपुरा की खंती में प्लास्टिक की बोरी और ▶▶शेष पेज 4 पर

राज्यसभा सीट के लिए वोटिंग संभव

तीसरा प्रत्याशी चुनाव मैदान में, कांग्रेस ने दे दिया समर्थन

कांग्रेस के 10 विधायक बने प्रस्तावक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


राजकुमार लोहानी

मप्र के राज्यसभा चुनाव में तीसरे प्रत्याशी की एंट्री भी हो गई है। सोमवार को निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर भोपाल स्थित घोड़ानक्कास के रहने वाले राजकुमार लोहानी ने नामांकन दाखिल किया है। हायर सेकंडरी पास लोहानी मोबाइल एसेसरीज की दुकान चलाते हैं। एक सीट के लिए अब तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। लोहानी को कांग्रेस ने समर्थन दे दिया है। नामांकन पत्र पर कांग्रेस ▶▶शेष पेज 4 पर

नीलकेणि कमेटी का कार्यकाल बढ़ा

कमेटी 2027 की शुरुआत में ही सौंपेगी एग्जाम रिफॉर्म का प्लान

50,000 से अधिक सुझावों पर मंथन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में परीक्षाओं को पूरी तरह सुरक्षित और पेपर-लीक प्रूफ बनाने के लिए काम कर रहे हाई पावर टास्क फोर्स को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है।


नंदन नीलकेणि

केंद्र सरकार ने इन्फोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलकेणि की अगुवाई वाले इस विशेष पैनल का कार्यकाल बढ़ा दिया है। टास्क फोर्स को अब अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपने के लिए जनवरी 2027 तक का समय दिया गया है।

इस छह सदस्यीय हाई-पावर कमेटी का गठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसी साल 25 जुलाई को किया गया था। अब तक इस टास्क फोर्स को देश भर के छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, शैक्षणिक संस्थानों और परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसियों से 50,000 से अधिक महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हो चुके हैं।

प्रगति की जानकारी दी

सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल करके इस पैनल द्वारा अब तक की गई प्रगति की पूरी जानकारी भी शेयर की है। इस कमेटी के अन्य सदस्यों में इसरो के पूर्व अध्यक्ष एस सोमनाथ, आईबी के पूर्व निदेशक तपन डेका, आईआईटी मद्रास के निदेशक वी कामकोटि, पूर्व शिक्षा सचिव अनिता करवाल और लॉजिस्टिक्स एक्सपर्ट अमृत लाल मीना शामिल हैं।

18 नवंबर को कैबिनेट की विशेष बैठक गांधी सागर में होगी, कई मुद्दों को मिलेगी मंजूरी

देश का 'पहला' 1950 मेगावाट का हाइड्रो प्रोजेक्ट बनकर लगभग तैयार, दिसंबर में शुरू करने की तैयारी

इसे कुल 11,500 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया

हरि अग्रहरि ▶▶ भोपाल

मप्र में देश का पहला हाइड्रो पावर स्टेशन शुरू होने जा रहा है। इससे रात के समय करीब 1950 मेगावाट बिजली पैदा होगी। इसे कुल 11,500 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। यह एशिया का तीसरा ऐसा प्रोजेक्ट है, जिसे दिन के समय सौर ऊर्जा से पंपों को चलाकर 31 मीटर टापू पर बने विशाल इंटरवेल (तालाब) में पानी भरा जाएगा, इसके बाद रात के समय हाइड्रो टरबाइन पर पानी छोड़कर इसे चलाया जाएगा। इससे उत्पादित बिजली काफी महंगी लगभग 10 रुपए प्रति यूनिट के आसपास बेची जा सकती है। इससे सरकार को काफी लाभ होगा। देश के इस पहले हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट को लेकर गांधी सागर में पहली बार 18 नवंबर को विशेष कैबिनेट की बैठक होने जा रही है। इस बैठक में हाइड्रो पावर से जुड़े कई निर्णय लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अध्यक्षता में होने वाली इस कैबिनेट बैठक में सभी मंत्री व विभागीय अधिकारी ▶▶शेष पेज 4 पर

अलग खबर


प्रोजेक्ट की झलक

काफी सस्ती बिजली का उत्पादन होगा

आज भी हाइडल प्रोजेक्ट की बिजली सबसे सस्ती मानी जाती है। सौर ऊर्जा की बिजली मेंटेनेंस खर्च व अन्य उपकरणों की वजह से अपेक्षाकृत पन बिजली से महंगी होती है। ऐसे में यह प्रोजेक्ट काफी सस्ती बिजली पैदा कर सकेगा। गांधी सागर हाइड्रो प्रोजेक्ट की खासियत यह है कि इसमें पहाड़ी के नीचे से कुल 9 टरबाइन को एक दूसरे के नीचे स्थापित किया गया है। पानी को जैसे ही नीचे की तरफ छोड़ा जाता है तो बारी-बारी से वह नीचे की तरफ लगे टरबाइन को घुमाता है। इससे बिजली का उत्पादन शुरू हो जाता है।

भोपाल, मंगलवार 3 नवंबर 2026 ■ कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष : 13, अंक : 214 ■ पृष्ठ : 16+8=24 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 29 न्यून. 19 haribhoomi.com

हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए इसे कर्तव्य की वेदी पर दिया गया सर्वोच्च बलिदान बताया। माफिया और अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।



40 लाख के कर्ज में डूबे युवक ने बेच दिया था घर और कार, किराए के मकान में रह रहा था मृतक



वर्दी से बर्बरता इंदौर-बैतूल हाईवे पर रविवार देर रात अवैध शराब से भरे एक आयशर ट्रक को रोकने के दौरान खातेगांव थाना प्रभारी (टीआई) दिलीप पुरी को उसी ट्रक से कुचल दिया गया

स्पेशल डीजी उपेंद्र जैन को सौंपी जांच की कमान, एसआईटी गठित

शराब माफिया ने खातेगांव टीआई दिलीप पुरी की ट्रक से कुचल कर हत्या कर डाली

मुख्यमंत्री ने किया 1 करोड़ देने का ऐलान, पत्नी को अनुकंपा नियुक्ति मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ देवास/भोपाल

प्रदेश के देवास जिले में अवैध शराब माफिया के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि उन्होंने खाकी पर ही बर्बर प्रहार कर दिया। इंदौर-बैतूल हाईवे पर रविवार देर रात अवैध शराब से भरे एक आयशर ट्रक को रोकने के दौरान खातेगांव थाना प्रभारी (टीआई) दिलीप पुरी को वाहन से कुचल दिया गया। गंभीर रूप से घायल टीआई ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए इसे कर्तव्य की वेदी पर दिया गया सर्वोच्च बलिदान बताया। उन्होंने घोषणा की कि राज्य सरकार शहीद टीआई दिलीप पुरी के परिवार को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता देगी और उनकी पत्नी को पुलिस विभाग में सब-इंस्पेक्टर (एसआई) के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाएगी। सीएम ने दो टूक शब्दों में कहा कि माफिया और अपराधियों ▸▸शेष पेज 4 पर



दिलीप पुरी



शव को तिरंगे में लपेटा गया, आखिरी विदाई देता परिवार

रूह कांप उठी

- वाहन मालिक केरम सिंह आलीराजपुर जिले से गिरफ्तार, 3 निलंबित
- पुरी को खातेगांव थाने में तिरंगे में लपेटकर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

ट्रक का पिछला भारी पहिया पुरी के ऊपर से गुजर गया

पुलिस को सूचना मिली थी कि हरदा की ओर से अवैध शराब की बड़ी खेप आयशर वाहन में लादकर इंदौर के रास्ते गुजरात भेजी जा रही है। एसपी आदित्य मिश्रा के निर्देश पर नाकाबंदी कर टीमों को अलर्ट किया गया। खातेगांव और संदलपुर के बीच जब संदिग्ध ट्रक ढाबे के निकट ▸▸शेष पेज 4 पर ▸▸पढ़ें पेज 09 भी

गुप्त कंपार्टमेंट में छिपाई शराब की पेटियां

एसपी आदित्य मिश्रा भारी बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की पड़ताल के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। राज्य सरकार के निर्देश पर भोपाल से स्पेशल डीजी (आईपीएस) उपेंद्र जैन को जांच की कमान सौंपी गई। आईपीएस उपेंद्र जैन ▸▸शेष पेज 4 पर

ट्रक ड्राइवर को दबोचने छापे: वारदात के बाद आरोपी चालक ट्रक को आगे संदलपुर फाटे के पास छोड़कर फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। कार्रवाई के तहत पुलिस ने ट्रक के आगे कार से पायलेटिंग कर रहे वाहन मालिक केरम सिंह को आलीराजपुर जिले से धर दबोचा है। फरार चालक ▸▸शेष पेज 4 पर

जिंदगी से बर्बरता कर्ज और आर्थिक तंगी में पूरी वारदात को दिया अंजाम, पड़ोसी बोले शाम तक बच्चे खेलते आए थे नजर, सुबह सबकी लाशें दिखीं

सोते हुए 4 परिजनों को हथौड़ा मारा फिर गला काटकर हत्या कर दी

कर्ज के बोझ को समझा जिंदगी का बोझ पूरे परिवार को मारा, फिर कर ली खुदकुशी

बुलट से सूखीसेवनिया पहुंचकर की रेल से कटकर आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित एलआईजी कॉलोनी मालीखेड़ी दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां परिवार के साथ रह रहे युवक ने नींद में सो रही मां पत्नी और बेटा बेटी की हथौड़े से हमला कर हत्या कर दी। इसके बाद उनके गले काट दिए। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने हाथ मुंह धोया और बुलट लेकर निकल गया। वह सीधे सूखीसेवनिया पहुंचा और जीजा को कॉल कर घर जाने का कहा। इसके बाद खुद रेलवे ट्रैक पर गर्दन रखकर आत्महत्या कर ली। परिवार के चार सदस्यों की हत्या और खुद आत्महत्या करने के पीछे कारण पारिवारिक विवाद नहीं, बल्कि कर्ज और आर्थिक तंगी की बात सामने आई है। दरअसल, कर्ज पूरा करने वह अपना मकान और कार बेच चुका था। बावजूद इसके कर्ज चुका नहीं सका। पुलिस ने घर से हत्या में इस्तेमाल हथौड़ा और चाकू बरामद किया है। सभी शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिए गए हैं। ▸▸पढ़ें पेज 02 भी



मृतकों के शव घर से बाहर ले जाती पुलिस

- छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित एलआईजी कॉलोनी मालीखेड़ी में दिल दहला देने वाली घटना
- पुलिस ने घर से हत्या में इस्तेमाल हथौड़ा और चाकू बरामद किया

रेलकर्मी का मकान किराए पर लिया था

जानकारी के अनुसार नरेंद्र साहू (37) एलआईजी कॉलोनी, मालीखेड़ी, टिटोरी घाट के पास छोला में परिवार के साथ रहता था। उसके परिवार में मां सरस्वती साहू (58) पत्नी सोमलता साहू (30) और 10 साल की बेटी कीर्ति साहू सहित छह साल का बेटा कुश रहता था। करीब एक साल ▸▸शेष पेज 4 पर

सुसाइड के बाद खुला हत्याकांड

सूखी सेवनिया पुलिस ने चौपड़ा कला रेलवे ट्रैक से सुबह करीब दस बजे नरेंद्र साहू की लाश बरामद की। रेलवे ट्रैक से कुछ दूरी पर बुलट बाइक मिली थी, जबकि मृतक के पास मोबाइल और अन्य दस्तावेज मिले। मोबाइल पर डायल कॉल पर कॉल ▸▸शेष पेज 4 पर

ताला तोड़ा तो दो कमरों में मिले 4 शव: नरेंद्र के जीजा को बाहर से ताला लगा होने पर संदेह हुआ। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़ा गया। दरवाजा तोड़ने पर अंदर के दो कमरों में क्रमशः मां बेटे और बेटी सहित दादी की लाश ▸▸शेष पेज 4 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का मास्टर कूपन
कल के अंक में देखें।

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

खबर संक्षेप

मुकेश अंबानी बने दुनिया के 23वें सबसे अमीर व्यक्ति

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की संपत्ति में सोमवार को एक दिन में 6.3 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आई तेजी से उनकी संपत्ति बढ़कर 88.8 अरब डॉलर हो गई। फोर्ब्स की दो नवंबर को जारी रियल-टाइम अरबपतियों की सूची में अंबानी दुनिया के 23वें सबसे अमीर व्यक्ति बन गए।



साइबर विशेषज्ञ जुटे जांच में

गायक दिलजीत दोसांझ के इंदौर कॉन्सर्ट में बम धमाके की धमकी



- 15 नवंबर को इसी मैदान में होना है कार्यक्रम
- 3 स्कूलों को भी मिले ई-मेल लिखा बच्चों को नहीं भेजें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ के 15 नवंबर को इंदौर में होने वाले लाइव कॉन्सर्ट पर धमकी का साया मंडरा रहा है। आतंकी संगठन के नाम से भेजे गए ई-मेल में कार्यक्रम के दौरान आईईडी से धमाके करने की चेतावनी दी गई है। यही नहीं, इंदौर के तीन स्कूलों को भी धमकी भरे ई-मेल भेजकर कहा गया है कि वे अपने बच्चों को कॉन्सर्ट में न भेजें, क्योंकि वहां बम विस्फोट किए जाएंगे। धमकी मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है। ई-मेल इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव के कार्यालय सहित कई अन्य लोगों को भी भेजा गया है। इसमें मुंबई में अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' को उड़ाने की धमकी भी दी गई है। यह मेल 'खालिस्तानी नेशनल आर्मी' के नाम से भेजा गया है। इसमें खुद को इंजीनियर गुरानाख सिंह, रुखन शाहवाला, डॉ. गुरनिरवेर सिंह और बब्बर खालसा के प्रोफेसर गुरकाल सिंह पीएचडी बताने वालों के नाम दर्ज हैं।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक सोमवार सुबह तीन स्कूलों को धमकी भरे ▸▸शेष पेज 4 पर

स्वास्थ्य व्यवस्था पर भड़के रीवा सांसद

डॉक्टर भगवान नहीं, दानव बनते जा रहे, नोट छापने की मशीन बने



सरकारी ड्यूटी में लापरवाही करने वालों के लाइसेंस रद्द हों

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रीवा

जिले की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और सरकारी अस्पतालों में कथित लापरवाही को लेकर भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा ने डॉक्टरों पर तीखा हमला बोला है। सोमवार को मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि डॉक्टर अब भगवान नहीं रहे, बल्कि नोट छापने की मशीन बन गए हैं। उनके हाथ में होता तो वे सभी डॉक्टरों के लाइसेंस निरस्त कर इलाज करने का अधिकार खत्म कर देते। सांसद ने कहा कि कुछ चिकित्सक मरीजों की सेवा करने के बजाए पैसा कमाने में लगे हैं। ये डॉक्टर नहीं, बल्कि नोट छापकर कोठियां बनाने वाले लोग हैं। जनता की नजर में अब डॉक्टर भगवान नहीं, बल्कि दानव बनते जा रहे हैं। मिश्रा ने कहा कि डॉक्टरों को निजी प्रैक्टिस करने से कोई नहीं रोक रहा, लेकिन उन्हें सरकारी अस्पतालों में अपनी जिम्मेदारी भी ईमानदारी से निभानी चाहिए। सरकारी ड्यूटी में लापरवाही करने वाले चिकित्सकों को नौकरी से हटाने के साथ उनकी निजी प्रैक्टिस पर भी रोक लगनी चाहिए। गौर हो कि अगस्त में संजय गांधी मेमोरियल ▸▸शेष पेज 4 पर



अभिनेता इमरान खान ने बॉम्बे हाईकोर्ट की फटकार के बाद दिया हलफनामा

प्रदर्शन में शामिल होने पर मांगी बिना शर्त माफी भविष्य में प्रदर्शनों में शामिल नहीं होने का भरोसा

7 दिसंबर तक भारत छोड़ने के नोटिस पर रोक

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अभिनेता इमरान खान ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मुंबई में हुए प्रदर्शन में शामिल होने पर बॉम्बे हाईकोर्ट से बिना शर्त माफी मांग ली। अदालत की फटकार के बाद उन्होंने हलफनामा दाखिल कर भविष्य में एसआईआर के विरोध में होने वाले प्रदर्शनों में शामिल नहीं होने का भरोसा भी दिया। इसके बाद अदालत ने उनके खिलाफ जारी 'लीव इंडिया नोटिस' पर लगी रोक 7 दिसंबर तक ▸▸शेष पेज 4 पर



इमरान को कोर्ट में पेश किया गया

14 अक्टूबर को जारी हुआ था नोटिस

इमरान खान अमेरिकी नागरिक हैं और उनके पास ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्ड है। 10 अक्टूबर को मुंबई में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया था। इसके बाद भाजपा नेता किरीट सोमैया ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने अभिनेता पर ओसीआई नियमों और वीजा शर्तों के उल्लंघन का आरोप लगाया था। मुंबई पुलिस ने इस मामले में दर्ज एफआईआर ▸▸शेष पेज 4 पर

पंद्रह दिन से नहीं गया था काम पर, 40 लाख रुपए का कर्ज होने की बात आई सामने, पुलिस जांच में जुटी

रेस्टोरेंट में घाटा, घर-कार बेचकर चुकाया कुछ कर्ज, कुक का काम कर चला रहा था परिवार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

व्यवसाय में साझेदारी में घाटा होने के बाद से ही नरेंद्र टूट चुका था। कर्ज कुछ इतना हो गया था कि मकान और नई कार बेचने के बाद भी कर्ज अदा नहीं चुका पाया। साथ ही दो बच्चों पत्नी और मां की जिम्मेदारी ने नरेंद्र को हलाकान कर दिया था। उसने आष्टा के रिसॉर्ट में कुक का काम करना शुरू कर दिया था।

रिश्तेदारों ने बताया कि करीब 15 दिन से वह काम पर नहीं जा रहा था। जिम्मेदारी के दबाव ने नरेंद्र को अपनों की जान लेने पर मजबूर कर दिया। दो अलग-अलग कमरों में सो रहे परिवार की उसने बेरहमी से हत्या की। पुलिस को एक कमरे में बेड पर मां बेटे का, जबकि दूसरे कमरे में नरेंद्र की मां और बेटी का शव मिला। पुलिस ने मकान सील कर दिया है। सभी शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिए गए हैं। पुलिस जांच कर रही है। साथ ही नरेंद्र के मोबाइल की सीडीआर और बैंक अकाउंट की जानकारी जुटाई जा रही है।



मजबूरी में लेना पड़ा किराए का मकान

लगातार बढ़ते कर्ज के बोझ को चुकाने नरेंद्र को खेजड़ा स्थित अपना मकान बेचना पड़ा, लेकिन कर्ज बाकी था। उसने अपनी कार भी बेच दी। बावजूद इसके करीब चालीस हजार रुपए का कर्ज नरेंद्र पर था। परिवार ने एक साल पहले मालीखेड़ी में रेलकर्मी का मकान किराए पर लिया था। कर्ज चुकाने के साथ बच्चों की पढ़ाई और घर खर्च में दिक्कतें आने लगी थी। बच्ची कीर्ति चौथी कक्षा में पढ़ रही थी, जबकि बेटा कुश केजी टू में पढ़ता था।

रिश्तेदारों को थी जानकारी

नरेंद्र के जीजा दीपक सिंह ने बताया वह कर्ज चुका रहा था, लेकिन उसके साथ ऐसा क्या हुआ कि उसे इतना बड़ा कदम उठाना पड़ा। घर में चल रही परेशानी का जिक्र बहन सोमलता साहू ने पहले कई बार कर चुकी थी, लेकिन उसने कभी नरेंद्र द्वारा प्रताड़ित करने की शिकायत नहीं की।

सीसीटीवी फुटेज में घर से निकलता नजर आया नरेंद्र

पुलिस ने घटनास्थल से कुछ दूरी पर मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। सीसीटीवी कैमरे के अनुसार साढ़े 7 से 8 बजे के बीच नरेंद्र घर से बुलट लेकर निकलता हुआ नजर आया था। जीजा दीपक सिंह ने पुलिस को बताया कि नरेंद्र का कॉल आया था। उसने कहा था कि सूखीसेवनिया आया हूं। घर जाकर देख लेना। वह घर पहुंचा तो ताला बाहर से लगा हुआ था। सूखीसेवनिया पुलिस ने बताया कि नरेंद्र ने रेलवे ट्रैक पर गर्दन रखकर आत्महत्या की है। उसका शरीर रेलवे ट्रैक के बाहर पड़ा था, जबकि गर्दन धड़ से अलग हो चुकी थी और उसकी लाश रेलवे ट्रैक के बीच पड़ी हुई थी।

शिवराज की माताजी को सुरेश पचौरी ने दी श्रद्धांजलि



ओबैदुल्लागंज। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माताजी काशी बाई के निधन पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी ने सोमवार को उनके निवास पहुंचकर चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

3.15 एमवीए की जगह 5 एमवीए ट्रांसफार्मर

ओबैदुल्लागंज में आज 8 घंटे बंद रहेगी बिजली, लगेगा हाई पावर ट्रांसफॉर्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओबैदुल्लागंज

33/11 केवी ओबैदुल्लागंज सब-स्टेशन में 3 नवंबर मंगलवार को क्षमता वृद्धि का कार्य किया जाएगा। एमपी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहायक प्रबंधक ने बताया कि सब-स्टेशन में लगे पुराने 3.15 एमवीए पावर ट्रांसफॉर्मर को हटाकर उसके स्थान पर उच्च क्षमता वाला 5 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाएगा। इससे क्षेत्र में लंबे समय से चल रही लो-वोल्टेज और ओवरलोड ट्रिपिंग की समस्या में बड़ी राहत मिलेगी और भविष्य में बिजली आपूर्ति अधिक स्थिर और सुचारू हो सकेगी। इस कार्य के चलते सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक ओबैदुल्लागंज सब-स्टेशन से संचालित सभी घरेलू और कृषि पंप फीडरों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि तकनीकी परिस्थितियों के अनुसार शटडाउन के समय में कमी या वृद्धि हो सकती है।

डिवाइडर से टकराई थी तेज रफ्तार बुलेट, दूसरे युवक की भी मौत

कमलापति स्टेशन दोस्त को लेने जा रहे थे, पोल से टकराकर उछले

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र में नर्मदापुरम रोड पर हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। घटना 31 अक्टूबर शनिवार शाम महिंद्रा शोरूम के सामने हुई।प

लिस के अनुसार केतन बघेल (28) पिता प्रमोद बघेल, निवासी एमआईजी कृष्णपुरम, मिसरोद ने पॉलिटेक्निक की पढ़ाई पूरी की थी और नौकरी की तलाश कर रहा था। उसका दोस्त ट्रेन से आ रहा था। केतन अपने दोस्त रौनक मेसराम (27) के साथ बुलेट बाइक से कमलापति रेलवे स्टेशन उसे लेने जा रहा था। बाइक केतन चला रहा था। महिंद्रा शोरूम पार करने के बाद थाने से 500 मीटर पहले ही तेज रफ्तार बुलेट का मडगार्ड डिवाइडर से टकरा गया। बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और दोनों युवक उछलकर डिवाइडर में लगे पोल से जा टकराए। गंभीर चोटों के कारण केतन की मौके पर ही मौत हो गई। रौनक को एम्स में भर्ती कराया गया था, जहां रविवार रात इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए।

सूखी सेवनिया में देहरी गांव के पास हुआ हादसा

कार और बाइक की टक्कर में दंपती सहित दामाद की मौत

हादसे के बाद चालक कार लेकर मौके से हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सूखीसेवनिया के देहरी गांव पुलिया के पास सोमवार दोपहर कार ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दंपती और उनके दामाद की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। हादसे के बाद टक्कर मारने वाली कार का चालक कार लेकर मौके से भाग निकला। पुलिस कार और चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार राजकुमार (50) बालाजी नगर, खजूरी कलां, पिपलानी में रहते थे और प्राइवेट काम करते थे। वह रिश्तेदारी में गए थे और सोमवार दोपहर बाइक से पत्नी माया साहू (40) और गांव चिचोली, थाना रेहटी, जिला सीहोर निवासी अपने दामाद सोनू साहू (32) को लेकर भोपाल लौट रहे थे। बालमपुर घाटी के देहरी गांव पुलिया पर कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तीनों घायल हो गए। तीनों घायलों को एंबुलेंस से हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया, वहां इलाज के दौरान तीनों की मौत हो गई।

काले हिरण-चिंकारा के शिकार केस में रिजवान की जमानत खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

काले हिरण और चिंकारा का शिकार कर अंतर्राज्यीय स्तर पर तस्करी करने वाले संगठित गिरोह के आरोपी रिजवान की जमानत याचिका को उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर ने खारिज कर दिया है। यह स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स इंदौर की बड़ी कानूनी सफलता है।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य-जीव के निर्देश पर एसटीएफ इंदौर, स्थानीय पुलिस और वन मंडल इंदौर ने किशनगंज क्षेत्र में कार्रवाई कर 65 किलो वन्य-जीव मांस, एक देसी पिस्टल, 3 कारतूस और इनोवा क्रिस्टा वाहन जब्त कर 3 आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा था। इस पर 3 दिसंबर 2024 को वन्य-जीव संरक्षण अधिनियम और भारतीय वन अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया था। बाद में जांच एसटीएफ को सौंपी गई। जांच में गिरोह का मप्र सहित पड़ोसी राज्यों तक फैला नेटवर्क उजागर हुआ।

एसटीएफ ने 4 फरवरी को आरोपी रिजवान को गिरफ्तार किया, उसकी निशानदेही पर सींग, एक राइफल और 20 कारतूस बरामद हुए। अब तक गिरोह के 6 आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं। हाईकोर्ट ने गंभीरता, वैज्ञानिक साक्ष्य और आपराधिक रिकॉर्ड देखते हुए जमानत से इनकार किया।

सुंदर परिधानों में किया व्रत का उद्यापन



ओबैदुल्लागंज। नगर में बहुओं ने व्रत का उद्यापन कर धार्मिक उत्सव मनाया। जे बी मैरिज गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में बहुओं ने सुंदर परिधान पहने। परंपरा अनुसार व्रतधारी बहू ने 13 महिलाओं को सुहाग सामग्री देकर भोजन कराया।

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद मचा हड़कंप

ओबैदुल्लागंज के 2.5 एकड़ सरकारी जमीन घोटाले में 13 पर केस दर्ज, सियासी भूचाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

सरकारी जमीन की फर्जी रजिस्ट्री के बड़े घोटाले में आखिरकार औबेदुल्लागंज पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। कलेक्टर और एसपी के निर्देश पर थाना औबेदुल्लागंज में अपराध क्रमांक 369/2026 धारा 318/4, 61-2 के तहत मामला कायम किया गया है। पटवारी अंकित चौहान की शिकायत पर हरि सिंह, निखिल मालवीय, मुकेश राय, प्रभा राय, विशाल सेन, कीर्ति सेन, राजेंद्र राठौड़, क्षमा राठौर, दीपक नायक, रानी नायक, मुकेश रैकवार, भूरिया बाई और फूलचंद के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।



मामला वार्ड-4 का है, जहां पार्क और सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित खसरा नंबर 196/2/1/2/2 की 4.407 हेक्टेयर में से करीब 2.5 एकड़ कीमती शासकीय भूमि को निजी बताकर फर्जी रजिस्ट्री कर प्लॉट काटकर बेच दिया गया। आरोप है कि भू-माफियाओं ने 'माता रानी के चबूतरे' तक की जमीन नहीं छोड़ी। इससे सरकारी खजाने को करोड़ों का नुकसान हुआ और मुख्यमंत्री के पेपरलेस 'संपदा 2.0' सॉफ्टवेयर पर भी सवाल खड़े हो गए। घोटाले के विरोध में भाजपा नेता वचन सिंह लोधी ने अंबेडकर चौराहे पर अनिश्चितकालीन धरना दिया था। उनके साथ वचन लोधी पूर्व पार्षद पदम चौहान धर्मेंद्र चौरसिया आदि धरने पर बैठे थे। एफआईआर दर्ज होते ही धरना समाप्त कर दिया गया और समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने कहा कि विस्तृत जांच रिपोर्ट लेकर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विधायक सुरेंद्र पटवा ने बताया कि उन्होंने ही कलेक्टर-एसपी को निष्पक्ष जांच के लिए पत्र लिखा था।

एफआईआर के बाद धरना हुआ समाप्त



एफआईआर के बाद धरना समाप्त होने पर भाजपा नेता वचन लोधी का फूल-माला से स्वागत करते समर्थक।

1,30,937 नेत्र रोगियों की जांच

सेवा सदन में 6 माह में 9,405 नेत्र ऑपरेशन, 3,712 का मुफ्त इलाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ने अप्रैल से सितंबर 2026 तक 1,30,937 नेत्र रोगियों की जांच कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस दौरान 15 जिलों के 9,405 मरीजों के ऑपरेशन किए गए, जिनमें 3,712 ऑपरेशन निःशुल्क रहे। अस्पताल में 55,155 और 43 दृष्टि केंद्रों-शिविरों में 75,782 मरीजों का उपचार हुआ। भोपाल में सर्वाधिक 2,437, सीहोर में 1,272, नर्मदापुरम में 1,121, शाजापुर में 1,024 और रायसेन में 789 ऑपरेशन हुए।भोपाल गैस त्रासदी के बाद संत हिरदाराम साहिब द्वारा स्थापित इस अस्पताल ने चार दशकों में 42 लाख से अधिक मरीजों का उपचार और 3.87 लाख ऑपरेशन किए हैं। गांधीनगर स्थित पांच एकड़ के आधुनिक अस्पताल में 22 नेत्र विशेषज्ञ ग्लूकोमा, रेटिनोपैथी सहित जटिल सर्जरी कर रहे हैं।

श्री योग वेदांत समिति

गरीब परिवारों में मिठाई बांटकर मनाई दिवाली, भंडारा भी किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

श्री योग वेदांत समिति ने दिवाली पर गांधीनगर आश्रम में गरीब, मजदूर और निराश्रित परिवारों के लिए विशाल भंडारे और सामग्री वितरण का आयोजन किया। समिति ने परिवारों को मिठाई, धनतेरस के नए बर्तन, नए वस्त्र, ठंड से बचाव के कपड़े, तेल, दीये, राशन, खजूर, नगद राशि और जीवनोपयोगी सामग्री बांटी। बच्चों को चॉकलेट भी दी गई।मीडिया प्रभारी हरीश मेहरचंदानी ने बताया कि पूज्य बापूजी की प्रेरणा से 45 वर्षों से यह सेवा की जा रही है। बापूजी का संदेश है- नर सेवा ही नारायण सेवा और वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से गरीबों में भी दिवाली मनानी चाहिए।कार्यक्रम में ओम प्रकाश कृपलानी, राजू गजवानी, मोहन गुप्ता सहित महिला समिति और युवा सेवा संघ के कार्यकर्ता शामिल रहे।



हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 3 नवंबर 2026

9 आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी...



11 राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं, स्टारलिंक...



हाउसिंग बोर्ड ने दिखाई सख्ती... ऐशबाग के जनता क्वार्टर में 110 मूल आवंटी, बाकी 490 मकानों पर अनाधिकृत कब्जे

जनता क्वार्टर 13 तक खाली करने का अल्टीमेटम 14 नवंबर से 600 जर्जर क्वार्टर पर चलेगा बुलडोजर

खाली करने पर ही पात्रों को मिलेगा किराया, पुनर्विकास के बाद मिलेंगे 20 फीसदी बड़े फ्लैट

मनीष मान ⏭ भोपाल


अलग खबर

2016 में ही इन भवनों को किया था खतरनाक घोषित, 2018 में भी मकान खाली करने के जारी किए थे नोटिस

ऐशबाग स्थित हाउसिंग बोर्ड के 600 जर्जर ईडब्ल्यूएस मकानों को तोड़ने की तैयारी तेज हो गई है। हाउसिंग बोर्ड ने यहां रहने वाले लोगों को 13 नवंबर तक मकान खाली करने और अपना सामान हटाने का अंतिम नोटिस दिया है। इसके अगले दिन यानी 14 नवंबर को इन भवनों को गिराने की कार्रवाई की जाएगी। लंबे समय से जर्जर हालत में पड़े इन मकानों को लेकर अब प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है।

इस मामले में सबसे अहम बात यह है कि 600 मकानों में रहने वाले लोगों में से केवल 110 ही मूल और वैध आवंटी बताए जा रहे हैं। बाकी करीब 490 मकानों में अनाधिकृत लोगों के रहने की बात सामने आई है। इसी वजह से मकान खाली कराने की कार्रवाई को लेकर कॉलोनी में हलचल बढ़ गई है। हाउसिंग बोर्ड संभाग क्रमांक-3 ने साफ किया है कि 13 नवंबर के बाद इन भवनों में रहना या सामान रखना प्रतिबंधित रहेगा। सभी रहवासियों को तय समय में मकान खाली करना होगा।

वैध आवंटियों को ही मिलेगा किराया



जनता क्वार्टर के लोगों जारी किया गया नोटिस।

हाउसिंग बोर्ड ने राहत को लेकर भी स्थिति स्पष्ट कर दी है। जिन लोगों के पास मकान का वैध आवंटन है और जो मकान खाली करने के लिए अपनी सहमति देंगे, उन्हें ही किराये का लाभ मिलेगा। इसके लिए पात्र आवंटियों को हाउसिंग बोर्ड कार्यालय में सहमति पत्र जमा करना होगा। मकान खाली करने के बाद उन्हें निर्माण कार्य पूरा होने तक कलेक्टर दर के अनुसार हर महीने किराया दिया जाएगा। वहीं, अनाधिकृत रूप से रह रहे लोगों को किराया या मुआवजा देने का प्रावधान नहीं बताया गया है।

2016 में ही खतरनाक घोषित हो चुके हैं मकान

ऐशबाग के ये ईडब्ल्यूएस मकान काफी पुराने हैं और लंबे समय से जर्जर हालत में हैं। नगर निगम भोपाल ने मई 2016 में ही इन 600 भवनों को खतरनाक घोषित कर दिया था। इसके बाद साल 2018 में भी मकान खाली करने के नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद कई लोगों ने मकान खाली नहीं किए। अब हाउसिंग बोर्ड ने 13 नवंबर तक मकान खाली करने की अंतिम तारीख तय की है। इसके बाद 14 नवंबर को पुलिस बल और नगर निगम के अमले की मौजूदगी में भवनों को तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी।

पुनर्विकास योजना से बनेंगे आधुनिक फ्लैट

मकानों को तोड़ने के बाद इस जगह पर मध्य प्रदेश पुनर्विकास नीति-2022 के तहत नया आवासीय परिसर बनाया जाएगा। योजना का उद्देश्य पुराने और असुरक्षित मकानों की जगह आधुनिक सुविधाओं वाले बहुमंजिला फ्लैट तैयार करना है। योजना के तहत वैध आवंटियों को उनके मौजूदा मकान से 20 फीसदी अधिक बड़े फ्लैट देने की बात कही गई है। नए फ्लैट पहले से ज्यादा मजबूत, सुरक्षित और बेहतर सुविधाओं वाले होंगे।

निर्माण पूरा होने तक मिलेगा किराया

नए आवास बनने में लगने वाले समय के दौरान पात्र और सहमति देने वाले वैध आवंटियों को कलेक्टर गाइडलाइन के अनुसार मासिक किराया दिया जाएगा। यह राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जाएगी। हाउसिंग बोर्ड ने पहले भी घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया था और विशेष शिविर लगाकर पुनर्विकास योजना की जानकारी दी थी। अब 13 नवंबर की समय-सीमा और 14 नवंबर की प्रस्तावित तोड़फोड़ की कार्रवाई के साथ ऐशबाग के इस पुराने आवासीय क्षेत्र की तस्वीर बदलने की तैयारी है।

वल्लभ भवन पहाड़ी, अरेरा हिल्स, एमपी नगर, बाणगंगा क्षेत्र से हटेंगी झुग्गियां

सब्जी फार्म दाना-पानी पर बनाए जाएंगे साढ़े 7 हजार ईडब्ल्यूएस

भोपाल को झुग्गी मुक्त बनाने के लिए तत्परता से कार्य करें : संभागायुक्त शर्मा

शहर के वल्लभ भवन पहाड़ी, अरेरा हिल्स, एम.पी.नगर, बाणगंगा क्षेत्र, पत्रकार कॉलोनी, मैनिट और कोलार तिराहे की झुग्गियों को हटाया जाना है। जिसके लिए नगर निगम ईडब्ल्यूएस मकान बनाकर यहां रहने वाले परिवारों को शिफ्ट करेगा। फिलहाल सब्जी फार्म दानापानी में बनाए जा रहे 7 हजार 560 मकान बनाने की योजना पर काम किया जाए। यह बात सोमवार को संभाग कमिश्नर कर्मवीर शर्मा ने शहर को झुग्गीमुक्त करने के लिए रखी बैठक में कही। उन्होंने कहा कि झुग्गी बस्तियों को चिन्हित कर कंपलीट



कमिश्नर कर्मवीर शर्मा ने ली बैठक।

मकानों में शिफ्ट कराया जाए। उसके बाद इन जगहों को खाली कराकर निगरानी की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि सभी झुग्गीवासियों को प्रधानमंत्री आवास के तहत मकान देने का काम नगर निगम की जिम्मेदारी होगी। उन्होंने दानापानी सब्जी फार्म, राजीव नगर, अर्जुन नगर में आवास बनाए जाने का प्रजेंटेशन भी देखा।



Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: BHOPAL: Surana Honda (Koh-E-Fiza) - 9713066121; Sai Samarth Honda - 9109103832; BGS Honda - 7440654321; Om Auto Honda - 9826331339; Power Honda - 9202244444; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504; BGS Honda (Karondh) - 8319133403; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834; Power Honda (Gulmohar) - 07554256062; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 990740405; **ASHOKNAGAR:** Shri Shant Honda - 8889365888; Shrikrishna Honda (Chanderi) - 7000642828; Shris Shant Honda (Kaniyadana) - 9340461465; Shris Shant Honda (Rajpur) - 9340461465; **BETUL:** Aaditya Honda - 8989231218; Shivam Honda (Bagdona) - 9425003802; Khyati Honda (Multai) - 9425440610; **GUNA:** Seth And Sons Honda - 9644008081; RR Honda (Aron) - 9907700774; Seth and Sons (Raghogarh) - 9644008082; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; Shri Sai Honda (Khirkia) - 9926386210; **ITARSI:** Sudarshan Honda - 7869954212; Sudarshan Honda (Hoshangabad) - 7869954215; Aman Honda (Piparia) - 8085138085; Paliwal Honda (Seoni-Malwa) - 9425476181; **SEHORE:** Upadhyay Honda - 07562401281; Harshit Honda (Astha) - 9893096451; Shubham Honda (Nasrullaganj) - 9826356278; Ambika Honda (Icchawar) - 9926434100; **VIDISHA:** Speed Bike Honda - 8817084455; Raghu Honda (Ganjbasoda) - 9425148883; Capital Honda (Sironj) - 9713161534; **RAISEN:** BGS Honda - 8717911666; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Shubhi Honda (Udaipura) - 9993044486; Soumya Auto Honda (Khargone) - 8120124545; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232; Rajeev Honda (Mandideep) - 07480401458; **BIAORA:** My Shiva Honda - 9425038999; Balaji Honda (Kurawar) - 7415382282; Shiv Shakti Honda (Talen) - 7000825923; Raghunath Honda (Rajgarh) - 9165122731; Vinayak Honda (Pachore) - 9424470733; **INDORE:** Kasliwal Honda - 8966002822; Kasliwal Honda (Bangali Square) - 8966002826; Rajpal Honda - 9425065707; Rajpal Honda (Khandwa Road) - 9827658000; Shyam Honda - 9009550948; Shyam Honda (Airport Road) - 9009550955; Doshi Honda - 9669266999; Doshi Honda (Nanda Nagar) - 9669339994; Doshi Honda (Nipania) - 9669801999; Shree Mangalam Honda - 6232446444; Shri Ram Honda (Kshipra) - 9993717799; Shyam Honda (Sanwer) - 9009550943; Mohit Honda (Chandrawatiganj) - 9009663700; Riddhi Siddhi Honda (Palia) - 9713077770; GuruKripa Honda (Betma) - 9165155175; Om Sai Honda (Devguradia) - 8770657728; **BARWANI:** Sarswati Honda - 8602521213; Parmar Honda (Rajpur) - 9993356471; Pragati Honda (Pansemal) - 09424855055; Raj Rajeshwar Honda (Sendhwa) - 9424586222; **BURHANPUR:** Krishna Sai Honda - 8989694646; Shree Sai Honda (Shahpur) - 9753633111; **DEWAS:** Sadguru Honda - 8719017666; Sadguru Honda (Ganga Nagar, Indore Road) - 7272252231; Maheshwari Honda (Sonkatch) - 9039921721; Om Sai Honda (Khategaon) - 9893464681; Vini Honda (Hatpipliya) - 9827062431; Patel Honda (Satwas) - 9713624496; Bhavana Honda (Kannod) - 9977663785; **DHAR:** Nakoda Honda - 9753478699; Nakoda Honda (Badnawar) - 8770440156; Dev Guru Honda (Dhamnod) - 9926646561; Falak Honda (Dharmapuri) - 9098111110; Khandelwal Honda (Manawar) - 9425914534; Mahaveer Honda (Rajgarh-Dhar) - 9826076523; Sairam Honda (Ghatabilod) - 9826068964; **KUKSHI:** Shyam Honda - 9333332200; Shree Hari Honda (Singhana) - 9713034535; Madhuram Honda (Dahi) - 9826841303; Joshi Honda (Gandhwani) - 9425969272; **JHABUA:** Natural Honda - 9827068396; Natural Honda (Thandla) - 9111919496; **KHANDWA:** Sethi Honda - 9111002902; Sethi Honda (Chhanera) - 9111002903; **KHARGONE:** Bhandari Honda - 9753222225; Mahaveer Honda (Anjad) - 9425088666; Manas Honda (Bedia) - 9479319469; Anmol Honda (Maheshwar) - 9926464254; **MANDSAUR:** Chaudhary Honda - 9752635333; Choudhary Honda (Shamgarh) - 9993143260; **MHOW:** Radha Honda - 9691122902; Radha Honda (Pithampur) - 7470884802; **NEEMUCH:** Imdadallys Honda - 8989151151; Savita Honda (Manasa) - 9993773232; Aditya Honda (Jeeran) - 7509542276; Shikhar Honda (Rampura) - 9424041544; **RATLAM:** Anklesaria Honda - 9425329309; Anklesaria Honda (Jaora) - 7389940695; Khatushyam Honda (Alot) - 9993442929; Babji Honda (Sailana) - 9981953001; **SANAWAD:** Veera Honda - 9826533110; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; Shree Balaji Honda (Kalapipal)- 9926028916; **UJJAIN:** Avantika Honda - 9685099909; Ujjain Honda - 8109068222; Avantika Honda (Badnagar) - 07367225701; Jain Honda (Tarana) - 7566698489; Arihant Honda (Nagda) - 07366241481; Shiv Honda (Agar) - 9425941011; Pareek Honda (Khachrod) - 9826796963; Dhanlaxmi Honda (Mahidpur) - 9425033104; **GWALIOR:** A.S. Honda - 9926186437; Sumedha Honda - 8718819740; Niyati Honda (Bhitarwar) - 9755359098; Pujari Honda (Mohona) - 8587904580; Satnam Honda (Dabra) - 9907729668; A S Honda (Laxminganj) - 6262350000; A S Honda (DD Nagar) - 9109176278; A S Honda (Bahodapur) - 9109176247; Shree Krishna Honda (Lahar) - 9098900999; Ashish Honda (Gohad) - 9713394900; **DATIA:** Dhruv Tara Honda - 7000239698; Manuraj Honda (Bhander) - 9755574488; KGN Honda (Seondha) - 9171438014; **MORENA:** The Roshan Honda - 7532466097; Keshar Honda - 9111603390; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045; **SHIVPURI:** Seth Honda - 6264074441; K S Honda - 9074414163; Dhuadhar Honda (Pichore) - 8085186000; Jain Honda (Karera) - 8602760034; Seth Honda (Bairad) - 881739386; **SHEOPUR:** Moti Honda - 8269193208; **BHIND:** Bhagawati Moto Honda - 9238112718; **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446; Manish Honda (Sausar) - 9244569009; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; **DAMOH:** Texol Honda - 9425096191; SL Honda (Patahria) - 9300405140; **SAGAR:** Sahil Honda - 7000702072; Sahil Honda (Makronia) - 8817606054; Raj Honda (Bina) - 8720009609; Shreemant Honda (Khurai) - 9826802066; Shree Balaji Honda (Deori) - 7000517166; Sahil Honda (Gourjhamar) - 9752472822.
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

सात क्विंटल एनॉलाग पनीर भी किया नष्ट

एक माह में एक करोड़ 32 लाख के मिलावटी खाद्य पदार्थ जब्त, कराया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सेंपलिंग में पिछड़ा भोपाल, मिलावटी मिठाइयों का स्टॉक बिक्री के लिए तैयार

दिवाली पर मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों की बिक्री तेजी से जारी है। तरह-तरह की मिठाइयां, गिफ्ट आइटम्स और अन्य खाद्य पदार्थों से मिठाई दुकानें सज गई हैं। बावजूद इसके खाद्य सुरक्षा विभाग विभाग की टीमें कार्रवाई नहीं कर रही हैं। हालांकि प्रदेश के अन्य जिलों में पिछले एक महीने के दौरान एक करोड़ 32 लाख रुपए की मिलावटी खाद्य सामग्री जब्त कर नष्ट कराई गई है।

दिवाली के त्यौहार के दौरान मिठाइयों, मावा, पनीर, नमकीन और खाद्य तेल जैसी सामग्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए एक अक्टूबर से 1 नवंबर तक पूरे प्रदेश में जांच अभियान चलाया गया। जिसके तहत दो हजार 243 सैंपल लेकर लेबोरेटरी भेजे गए हैं। जिसमें दूध, मावा और मिठाइयों के 875, नमकीन, तेल और बेसन और बेसन के खाद्य पदार्थों के 393 और अन्य खाद्य पदार्थों के 975 सैंपल लिए गए हैं। इसी तरह दो हजार 607 सर्विलांस नूमने भी लिए हैं। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक का कहना है कि सैंपलिंग का काम जारी है। सैंपल की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद खाद्य कारोबारियों पर केस दर्ज किए जा रहे हैं।

मंदसौर में मिलावटी दूध बनाने वाली डेयरी सील

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमों ने मंदसौर में मिलावटी दूध बनाने वाली डेयरी और दो मिठाई कारखाने सील किए हैं, जबकि भिंड में 6 डेयरियों पर 29 लाख का जुर्माना लगाया गया। साथ ही 3,800 किग्रा मावा जब्त किया गया। शिवपुरी में पारस घी में सीसा मिलने पर संपूर्ण बैच और नर्मदापुरम में 6 घी ब्रांडों पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए।

दो दिन में मिठाइयों के 19 सैंपल लिए

रविवार और सोमवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर के अलग-अलग हिस्सों से मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए हैं। टीम ने दस दुकानों से 19 सैंपल लेकर राज्य लेबोरेटरी में जांच के लिए भेजे हैं। टीम ने बाबा डेयरी लक्ष्मीपुरम अशोका गार्डन से दही और पनीर, कानपुर स्वीट्स अवधपुरी से रसगुल्ला, बेसन लड्डू और नमकीन सेव, जय बाबा सेलिब्रेशन कोलार से रसगुल्ला और सोन पापड़ी, कुंदन नमकीन सर्वधर्म कोलार से गजक, नमकीन और चिक्की, सद्गुरु किराना मिसरोद से सूजी, मोहन नमकीन बैरागढ़ से नमकीन सेव, साक्षी स्वीट्स बागसेवनिया से लौंग सेव, हीरा नमकीन रोहित नगर से बादाम बर्फी और नमकीन, जय मां स्वीट्स गांधी नगर से बेसन लड्डू और पेड़ा और मुरैना डेयरी स्वीट्स शैतान सिंह चौराहा से मावा के सैंपल लिए हैं।

जैकेट का शेष...

त्रिवेदी बोले-कांग्रेस पार्टी ...

किया, यूरोप से लेकर हमारे पड़ोसी देशों तक, मगर भारत में आपको पहली बार दिखाई पड़ा कि एक नेता प्रतिपक्ष उतरता है और दौड़कर आकाशवाणी के अंदर घुस जाता है। नेशनल ब्रॉडकास्टर के अंदर कौन जाता है? उपद्रवी। मैं शब्द नहीं प्रयोग करना चाहता, जो लोग आतंकवाद टाइप की गतिविधियां करते हैं। आप सुनते हैं ना कि नेशनल ब्रॉडकास्टर के अंदर घुस गए। अब आप आइए, प्रधानमंत्री आवास के सामने जाकर लोटपोट हो जाता है, सड़क पे लेट जाता है। सर्वोच्च न्यायालय के ऊपर वो निकाल देता है। तो जनता कहीं नहीं साथ में है। उन्होंने सोचा था कि युवा निकलेंगे, ये होगा, कुछ हुआ नहीं, तो मैं ही जाकर करना शुरू कर दूं। तो वो अपनी तरफ से यह अराजकता लाने का प्रयास और अराजकता सिर्फ सिर्फ राजनीतिक नहीं है, अराजकता धर्म और संस्कृति के खिलाफ भी है।

⏭ *आप लोग तो लगातार यह बताते थे कि जो राहुल गांधी हैं, इनको कोई गंभीरता से नहीं लेता। धारणा बदल गई आपकी? इरादा बदल गया? सोच बदल गई? ये राहुल गांधी को लेकर इतने बड़े-बड़े कैंपेन अब भारतीय जनता पार्टी लेकर आ रही है?*

⏭ *देखिये, मैं कह रहा हूं, प्रधानमंत्री आवास के सामने लोटपोट होने वाला व्यक्ति, आकाशवाणी में घुस जाने वाला व्यक्ति और जो खुद यह कहे कि मेरी बहन ने मुझसे पूछा, ब्रो, प्लानिंग क्या है? उन्होंने कहा, प्लानिंग कुछ नहीं करनी है, अब अपने आप हो जाएगा। वो व्यक्ति जिसने सत्ता में रहते हुए अध्यादेश फाड़ा, वो व्यक्ति जिसने संसद में प्रधानमंत्री जी के गले पड़ने के बाद अपनी कुर्सी पर बैठकर आंखों से गोली मारी, मुझे नहीं लगता देश की जनता उसको गंभीरता से लेता है। हां, हम राहुल गांधी के खिलाफ नहीं हैं, ना व्यक्तिगत रूप से, ना कांग्रेस पार्टी से। कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी भारत विरोधी शक्तियों का मुखौटा बन गए हैं, हम इसलिए सावधान करना चाहते हैं कि इस मुखौटे पर मत जाइए, पीछे छुपे असली खतरे को पहचानिए। और राहुल गांधी जाने-अनजाने में आज उन शक्तियों का टूल बन गए हैं पूरी तरीके से। और उसके लिए वो एक लंबा पॉडकास्ट हो जाएगा कि अगर हम लोग उसके एक-एक उदाहरण बताएं, जिस जिस प्रकार के संगठनों से वो जुड़े रहे हैं, जिस प्रकार की चीजों के, अब उनके प्रूफ हैं कि अप्रैल 2025 में वो जिस संगठन से मिले, उस संगठन की सोर्सेस क्या है? अब फेडरेशन फॉर डेमोक्रेटिक लीडर्स एशिया-पैसिफिक', इसकी को-चेयर सोनिया गांधी जी हैं, उसके स्पॉन्सर्स में जॉर्ज सोरेस हैं। कहीं कोई समस्या नहीं है। बताइए, भारत में भाजपा और कांग्रेस दोनों में इस बात पर तो एकमत थी ना कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। फिर राहुल गांधी लद्दाख में उमर से क्यों मिलते हैं जो कहते हैं 'कश्मीर इंडिपेंडेंट है'? तो इसका मतलब आप कांग्रेस के नेता नहीं हैं, आप भारत विरोधी शक्तियों के नेता हैं। और ना कांग्रेस का भी ये स्टैंड था कि कश्मीर भारत का अभिभाज्य अंग है। फिर आप ऐसी शक्तियों से जाकर मिलेंगे तो क्या कांग्रेस ने कह दिया कि कश्मीर भारत का अंग नहीं है? राहुल गांधी उन शक्तियों के साथ जाकर खड़े हुए।*

यह 'नेताजी बोस'...

हो गई, उनकी चूलें हिल रही हैं, उनकी हालत खराब हो रही है। जबलपुर की धरती कांग्रेस की बेईमानी को, इतिहास को बहुत अच्छे से जानती है। जब यह नेताजी सुभाषचंद्र बोस के नहीं हुए तो किसके होंगे, यह कांग्रेस का अतीत है। कांग्रेस ने तब भी वहीं किया था, जो आज कर रहे हैं। भाजपा की पदयात्रा गोल बाजार से शुरू होकर मालवीय चौक, गंजीपुरा और कमानिया होते हुए वापस गोल बाजार पहुंची। इस दौरान यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।

कांग्रेस देश को ...

परिवर्तन नहीं होता, कांग्रेस को चुनाव के समय अपना घोषणापत्र लेकर जनता के बीच जाना चाहिए। वहीं, राहुल गांधी द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था को 'डेड इकोनॉमी' बताने पर पलटवार करते हुए मेघवाल ने कहा कि देश 7.8 प्रतिशत की मजबूत विकास दर से आगे बढ़ रहा है, लेकिन कांग्रेस अपने बयानों से देश की छवि और इकॉनॉमी को नुकसान पहुंचा रही है।

सड़क निर्माण के ...

का काम चल रहा था। इसी दौरान रोड़ी मिलाने वाली मशीन ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन के संपर्क में आ गई। मशीन में करंट फैलने से वहां काम कर रहे मजदूर इसकी चपेट में आ गए। हादसे में आठ मजदूरों की जान चली गई। कई अन्य मजदूर भी करंट से झुलस गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हादसे पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। वहीं, घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी।

कृष्ण पर टिप्पणी...

ने कहा कि वे स्वयं ठाकुरजी और ब्रज के भक्त हैं। आधा वीडियो देखकर उन्हें कृष्ण विरोधी घोषित कर दिया गया, जबकि वे कृष्ण जन्मभूमि के लिए भी आवाज उठाते रहे हैं। इधर, टिप्पणी पर मथुरा के याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी महाराज ने नाराजगी जताते हुए कहा कि राम ब्रह्म हैं और कृष्ण योगेश्वर। ब्रजवासी ऐसी टिप्पणी बर्दाश्त नहीं करेंगे। साध्वी इंदुलेखा ने भी कहा कि श्रीकृष्ण हर ब्रजवासी के आराध्य और लाडले हैं। गौरतलब है कि करेरा में कथा के दौरान शास्त्री ने राम और कृष्ण के खड़े होने के अंदाज की तुलना की थी।

दीवार फांदकर कलेक्टर से ...

अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने छात्राओं को समझाने और बस से शहडोल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन वे पैदल ही कलेक्टर से मिलने की जिद पर अड़ी रहीं। करीब 10 किलोमीटर चलने के बाद अधिकारियों ने उन्हें बस से शहडोल पहुंचाया। यहां छात्राओं ने कलेक्टर से मुलाकात कर भवन, फर्नीचर सहित अन्य समस्याएं बताईं। कलेक्टर ने जल्द निराकरण का आश्वासन दिया। इसके बाद उन्हें छात्रावास वापस भेज दिया गया।

जिले में इससे पहले भी बुढ़ार, जैतपुर और गोहपारू के आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थी समस्याएं लेकर पैदल कलेक्टर से मिलने पहुंच चुके हैं। लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों से छात्रावासों की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

सहायक आयुक्त जनजातीय विकास विभाग आनंद राय सिन्हा ने बताया कि बजट के अभाव में भवन और फर्नीचर संबंधी समस्याएं हैं। इनके निराकरण का प्रयास किया जाएगा।

एशिया बुक ऑफ ...

इसे बनाने में कलाकार मन ने कई महीनों तक मेहनत की। इस दौरान उनके पिता डॉ. उमेश प्रसाद और माता सियावती ने उनका मार्गदर्शन और सहयोग किया। इस उपलब्धि की खास बात यह है कि चित्र बनाने में इस्तेमाल की गईं सभी 20 हजार कापियां जरूरतमंद और वंचित बच्चों को पढ़ाई के लिए निःशुल्क बांटी जाएंगी। इस तरह मन ने कला के माध्यम से राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के साथ शिक्षा के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी भी निभाई है।

बेटे की हत्या ...

तिरपाल में लिपटा युवक का शव मिला था। उसके हाथ-पैर और गर्दन रस्सी से बंधे थे। पहचान छिपाने के लिए शव पर नमक और डिटर्जेंट डाला गया था। सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध अर्टिगा कार मिलने के बाद पुलिस उरई पहुंची और जांच में हत्या की साजिश का खुलासा हुआ। पुलिस के मुताबिक मृतक शराब का आदी था, जिससे परिवार परेशान था। पिता ने किरायेदार के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। आरोपियों ने ग्वालियर के नशा मुक्ति केंद्र से युवक को निकलवाकर रास्ते में उसकी हत्या कर दी और शव भिंड में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त कार और सुपारी के डेढ़ लाख रुपए बरामद किए हैं।

तीसरा प्रत्याशी चुनाव...

के 10 विधायकों ने हस्ताक्षर किया है। नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 5 नवंबर को तथा मतदान 12 नवंबर को होगा। भाजपा से केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नामांकन दाखिल किया है। विधायक हेमंत कटारे ने कहा कि कांग्रेस के सभी विधायक उनके साथ हैं। पार्टी का कहना है कि मप्र में योग्य लोगों की कमी नहीं है, ऐसे में राज्यसभा के लिए बाहर के प्रत्याशी को क्यों भेजा जाए। उधर, लोहानी ने सोमवार को विधानसभा में रिटर्निंग ऑफिसर के सामने नामांकन जमा किया। कांग्रेस विधायक कटारे उनके प्रस्तावक बने। नामांकन के दौरान विधायक आतिफ अकील, अभिजीत शाह, सुरेंद्र सिंह हनी बघेल भी मौजूद रहे।

देश का ...

शामिल होंगे। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. यादव हाइड्रो प्रोजेक्ट के साथ ही साथ अन्य मुद्दों पर मंत्रियों को ब्रीफिंग में जानकारी देंगे। इस बैठक को लेकर गांधी सागर में बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही हैं। दरअसल, हाल में ही देशव्यापी बिजली संकट शुरू हुआ था। इस दौरान कई राज्यों ने पीक ऑवर में करीब 30 रुपए यूनिट तक बिजली सरप्लस वाले राज्यों से खरीदी। ऐसे में यह प्रोजेक्ट देश में पहला ऐसा प्रोजेक्ट होगा, जो मील का पत्थर साबित होगा। बता दें कि ऊंचे पहाड़ी पर बने इनटेल में 66 एमसीएम पानी इकट्ठा करने की क्षमता है। जबकि अपर रिजरवायर का घेरा करीब 6 किमी का है। इस प्रोजेक्ट का 80 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। इसके उपरी जलाशय में 6.8 क्यूबिक मीटर पानी इकट्ठा होता है। वहां से पानी छोड़ने पर रात के समय जब बिजली की सबसे अधिक जरूरत होती हे तो एक साथ सभी 9 टरबाइन पूरी क्षमता के साथ बिजली का उत्पादन करते हैं।

पेज एक का शेष...

शराब माफिया ...

को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और उनके विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कदम उठाए जाएंगे। धार जिले के बरमंडल निवासी 2007 बैच के अधिकारी दिलीप पुरी को खातेगांव थाने में तिरंगे में लपेटकर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

ट्रक का पिछला भारी ...

रुका, तो टीआई दिलीप पुरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीआई ने चालक को नीचे उतरने का आदेश दिया, तो उसने नीचे उतरने के बजाए भागने की कोशिश में एक्सीलेटर दबा दिया और गाड़ी डिवाइडर पर चढ़ा दी। झूमाझटकी में दिलीप पुरी जमीन पर गिर गए और ट्रक का पिछला भारी पहिया उनके ऊपर से गुजर गया। उन्हें तत्काल निजी अस्पताल ले जाकर दो घंटे तक सीपीआर दिया गया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

गुप्त कंपार्टमेंट में...

ने उज्जैन रेंज के एडीजी राकेश गुप्ता और देवास एसपी के साथ घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच में सामने आया कि ट्रक का बेस सामान्य से दो फीट ऊंचा करके उसमें गुप्त कंपार्टमेंट बनाया गया था, जिसमें अवैध शराब की पेटियां छुपाई गई थीं।

ट्रक ड्राइवर को ...

की तलाश में पुलिस की टीमें झाबुआ, आलीराजपुर और गुजरात सीमा तक लगातार दबिश दे रही हैं। इसके अलावा हरदा और टिमरनी के शराब कारोबारियों व संदिग्धों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। हरदा जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि भारतेंद्र जायसवाल से जुड़ी तीन शराब दुकानों के लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं। सहायक जिला आबकारी अधिकारी अमरसिंह बघेल, दो आरक्षकों अरुण कुम्बरे और कृष्णपाल सिंह डोडिया को निलंबित किया गया है।

रेलकर्मी का ...

पहले ही नरेंद्र साहू ने मालीखेड़ी में रेलकर्मी का मकान किराए पर लिया था।

सुसाइड के बाद खुला ...

किया गया। नंबर नरेंद्र के जीजा को निकला। नरेंद्र के जीजा को कॉल कर घटना की जानकारी दी और घर जाकर देखने का कहा। नरेंद्र का जीजा घर पहुंचा तो बाहर से ताला लगा हुआ था। उसने आवाज दी, लेकिन अंदर से काई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

ताला तोड़ा तो...

मिली। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। घर से हथौड़ी और चाकू भी मिला। पुलिस का अनुमान है कि नरेंद्र ने पहले नींद में सो रहे सदस्यों पर हथौड़े से हमला कर बेहोश किया था, फिर गला काटकर हत्या कर दी।

गायक दिलजीत ...

ई-मेल मिले। साइबर विशेषज्ञों की मदद से मेल भेजने वाले का पता लगाया जा रहा है। क्राइम ब्रांच की टीम ने भी स्कूलों में पहुंचकर जांच की है। एहतियात के चलते पुलिस ने स्कूलों के नाम सार्वजनिक नहीं किए हैं। दिलजीत का कार्यक्रम सी-21 मैदान में प्रस्तावित है। इससे पहले भी उन्हें धमकियां मिल चुकी हैं। अमेरिका स्थित संगठन सिख फॉर जस्टिस के गुरपतवंत सिंह पन्नू ने अमिताभ बच्चन के पैर छूने को लेकर दिलजीत पर आपत्ति जताई थी।

डॉक्टर भगवान नहीं ...

अस्पताल में कल्पना मिश्रा और उनके नवजात की मौत का मामला सामने आया था। अक्टूबर में गर्भवती दीपा गुप्ता और उनके गर्भस्थ शिशु की मौत को लेकर भी सवाल उठे थे।

प्रदर्शन में शामिल होने ...

बढ़ा दी। दरअसल, इमरान खान ने विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) की ओर से जारी उस नोटिस को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें 28 अक्टूबर तक भारत छोड़ने का निर्देश दिया गया था। अदालत ने पहले इस नोटिस पर 2 नवंबर तक रोक लगाई थी। सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अभिनेता से बिना शर्त माफी मांगने या अपने कृत्य पर अफसोस जताने के लिए हलफनामा देने को कहा। साथ ही भविष्य में ऐसे प्रदर्शनों से दूर रहने का आश्वासन भी मांगा। अदालत ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि इमरान खान पिछले 40 साल से भारत में रह रहे हैं और उनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड भी नहीं है। ऐसे में उन्हें देश छोड़ने का नोटिस जारी करने से पहले अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाना चाहिए था।

14 अक्टूबर को जारी ...

एफआरआरओ को भेजी थी। इसके आधार पर 14 अक्टूबर को अभिनेता को लीव इंडिया नोटिस जारी कर दिया गया। इमरान ने इस कार्रवाई को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। सुनवाई के बाद अदालत ने फिलहाल उन्हें राहत देते हुए नोटिस पर रोक की अवधि 7 दिसंबर तक बढ़ा दी है।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, राम प्यारी बाई पत्नि श्री दुर्गा प्रसाद, आयु वयसक, निवासी-3423, गणेश चौक, डूडी इमली, बावडिया कला, वार्ड नं. 52, हुजूर, भोपाल, म.प्र. है। परन्तु मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश रामप्यारी भिलाला (RAMPYARI BHILALA) अंकित हो गया है जो कि गलत है। मेरा वास्तविक सही नाम राम प्यारी बाई (RAM PYARI BAI) है जो कि मेरे लाईफ इंश्योरेंस कार्ड (एल.आई.सी.) में दर्ज होने से प्रमाणित है, जो कि मैं अपने आधार कार्ड में दर्ज करवाना चाहती हूँ। प्रकाशन उपरांत मेरा नाम राम प्यारी बाई (RAM PYARI BAI) के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा जावे।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अहमद शाहमीरी, पुत्र औसाफ शाहमीरी, मकान नंबर 786, स्ट्रीट नंबर 10, आरिफ नगर, बेरसिया रोड, भोपाल, पिन कोड 462001, मध्य प्रदेश, मेरा पूर्व नाम अहमद शहमीरी, था, जिसे अब मैंने बदलकर अहमद शाहमीरी रख लिया है। मेरे समस्त व्यक्तिगत एवं शासकीय दस्तावेजों में मेरा नया नाम अहमद शाहमीरी लिखा है। अतः भविष्य में मुझे मेरे नए नाम अहमद शाहमीरी से ही जाना एवं पहचाना जाए।

सार्वजनिक सूचना

मैं, बतूल फातमा पत्नी जहीर अहमद खान, निवासी 55-बी, नवीन नगर, ऐशबाग भोपाल-462010 एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि मेरा दूसरा नाम सायरा खान (Sayra Khan) भी है। बतूल फातमा एवं सायरा खान (Sayra Khan) दोनों मेरे ही नाम हैं और दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।
अतः भविष्य में सायरा खान (Sayra Khan) नाम से संबंधित किसी भी दस्तावेज अथवा अभिलेख को मेरे नाम बतूल फातमा के संदर्भ में ही माना जाए।
दिनांक : 02.11.2026
स्थान : भोपाल
बतूल फातमा
पत्नी जहीर अहमद खान

कार्यालय सहायक संचालक उद्यान जिला-भोपाल
दूरभाष /फै.नं. 0755-2540769 Email- adhbhopal16@gmail.com
क्रमांक/उद्यान/भंडार/निविदा/2026-27/916 भोपाल दिनांक 28/10/26
// अल्प निविदा सूचना //
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासकीय आम्रपाली उद्यान करोंदिया विकास खंड बैरसिया जिला भोपाल की अमरूद फलबहार की निविदा प्रक्रिया टेण्डर द्वारा की जाना है, अमरूद फलबहार के क्रय हेतु इच्छुक व्यक्ति / संस्था दिनांक 05/11/2026 को समय दोपहर 2 बजे तक कार्यालय उद्यान अधीक्षक शासकीय आम्रपाली उद्यान करोंदिया विकास खण्ड बैरसिया में उपस्थित होकर टॅण्डर बाक्स में दरें डाल सकते हैं। टेंडर डालने के पूर्व क्रेता को अमरूद फलबहार हेतु राशि रुपए 10000/- (दस हजार रुपए मात्र) अग्रिम धरोहर राशि जमा करना होगा। टेण्डर डालने के पूर्व शासकीय अम्रपाली उद्यान करौंदिया में अमरूद फलबहार का अवलोकन करने एवं संतुष्टि के उपरांत ही टेण्डर बाक्स में डालें। टेंण्डर की शर्तें कार्यालयीन समय में कार्यालय शा. आम्रपाली उद्यान करोंदिया / कार्यालय सहायक संचालक उद्यान जिला भोपाल में देखी जा सकती हैं। टेण्डर फर्म शा. आम्रपाली उद्यान करौंदिया / कार्यालय सहायक संचालक उद्यान जिला भोपाल से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते है।
सहायक संचालक उद्यान
जिला भोपाल
G-20896/26
" स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

















आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

राशिफल

मेष आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

वृष धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

मिथुन मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

कर्क आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

सिंह नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

कन्या शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

तुला जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।


धनु मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

मकर शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

कुंभ भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

मीन मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

शब्द पहेली - 6397



बाएँ से दाएँ
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4


ऊपर से नीचे
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

शब्द पहेली- 6396 का हल

अ	ना	द	र	णी	य	■	प्र	क्षे	प	क
सं	ग	■	वे	■	कृ	पा	ण	■	र	म
वै	■	अ	दा	व	त	■	य	हां	■	जो
धा	रा	दा	र	■	■	अ	■	का	त	र
नि	■	व	■	प्र	क्षा	ल	न	■	म	■
क	म	त	र	ता	■	सा	ग	र	गा	मी
■	लि	■	स	र	मा	या	■	द	■	न
बे	का	बू	■	णा	■	■	व	न	वा	सी
क	■	आ	स	■	अ	द	र	क	■	लै
द	म	■	ब	हा	र	■	दा	■	ता	व
र	सा	त	ल	■	ज	ही	न	कु	श	ल

सूडोकु नवताल - 6407

कठिन



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

MANGAL SENACHA, BANGALORE

सूडोकु नवताल - 6406 का हल

9	4	5	3	1	8	7	6	2
1	8	6	7	2	5	4	9	3
2	7	3	9	4	6	8	1	5
6	3	9	1	7	4	2	5	8
5	2	4	8	9	3	6	7	1
7	1	8	6	5	2	9	3	4
4	6	7	5	8	1	3	2	9
8	9	1	2	3	7	5	4	6
3	5	2	4	6	9	1	8	7

खबर संक्षेप

डिजिटल बाजारों के लिए लचीली नीति जरूरी

नई दिल्ली । भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के साथ नवाचार, निवेश और स्टार्टअप्स के विकास को बढ़ावा देने के लिए लचीली नीति जरूरी है। आयोजित 'द डायलॉग' के चौथे वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विशेषज्ञों ने डिजिटल बाजारों पर आधारित प्रतिस्पर्धा नीति अपनाने पर जोर दिया।'प्रतिस्पर्धा, नवाचार और विकासः भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था का निर्माण' विषय पर आयोजित सम्मेलन में एमएसएमई, एआई और वैश्विक व्यापार में प्रतिस्पर्धा नीति की भूमिका पर चर्चा हुई।

लौंग तेल, आयुर्वेदिक तत्व डाबर रेड पेस्ट में: दत्ता

नई दिल्ली। दिवाली की तैयारियों और खानपान की व्यस्तता के बीच मौखिक स्वच्छता को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। डाबर के अनुसार त्योहारों में मिठाइयों और स्नैक्स का अधिक सेवन दांतों में सड़न और मसूड़ों की समस्याओं का खतरा बढ़ा सकता है। कंपनी की दंत विशेषज्ञ डॉ. सोनिया दत्ता ने दिन में दो बार ब्रश करने, दांतों के बीच की सफाई रखने और सोने से पहले मुंह साफ करने की सलाह दी है। डाबर के मुताबिक, उसके रेड पेस्ट में लौंग का तेल, तोमर बीज और पुदीना सत्व जैसे आयुर्वेदिक तत्व हैं।

कोस्मो ने पीवीसी-फ्री ग्रीन ग्राफिक पेश की

भोपाल। कोस्मो फर्स्ट ने कोस्मो फिल्म्स बिजनेस के तहत भोपाल में पीवीसी-फ्री ग्रीन ग्राफिक फिल्म्स पेश की हैं। कंपनी का दावा है कि ये फिल्म्स पारंपरिक पीवीसी आधारित विनाइल ग्राफिक्स का विकल्प हैं। इनका इस्तेमाल दिवाली के दौरान दुकानों के साइनबोर्ड, शोरूम डिस्प्ले और प्रचार अभियानों में किया जा सकेगा। पॉलीप्रोपाइलीन से निर्मित ये फिल्म्स 100 प्रतिशत पीवीसी, थैलेट और हैलोजन मुक्त हैं। कंपनी के अनुसार, इनका हल्का वजन इन्हें संभालने और इंस्टॉल करने में आसान बनाता है।

गोदरेज लिटरेचर में साहित्यकारों का सम्मान

मुंबई। गोदरेज लिटरेचर लाइव 2026 का समापन साहित्य, कला और विचारों से जुड़े विविध सत्रों के साथ हुआ। समारोह में वरिष्ठ उपन्यासकार इरविन एलन सीली को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार और हिंदी कवयित्री गगन गिल को पोएट लॉरिएट सम्मान प्रदान किया गया। राहुल भट्टाचार्य की रेलसॉन्ग को बुक ऑफ द ईयर (फिक्शन), जबकि गजाला वहाब की द हिंदी हार्टलैंड को नॉन-फिक्शन पुरस्कार मिला। आदिल रुस्तमजी को बिजनेस बुक ऑफ द ईयर सम्मान दिया गया और वेस्टलैंड को पब्लिशर ऑफ द ईयर चुना गया।

वायासैट स्पेस में आदित्य उप्पल अव्वल

नई दिल्ली। एआई तकनीक से अंतरिक्ष के मलबे का पता लगाने और उपग्रहों को टकराव से बचाने का समाधान किया पेश, मिला पांच लाख रुपए का पुरस्कार नई दिल्ली। आईआईटी खड़गपुर के आदित्य उप्पल ने वायासैट स्पेस फॉर गुड इंडिया चैलेंज 2026 में पहला स्थान हासिल किया है। वायासैट ने इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथराइजेशन सेंटर के साथ मिलकर इस नवाचार प्रतियोगिता का आयोजन किया। आईआईटी गांधीनगर के शशांक कुमार सिंह दूसरे और आईआईटी रुड़की के आर्यन गुप्ता तीसरे स्थान पर रहे।

एक्सिस बैंक के लोन पर 12 ईएमआई की छूट

मुंबई। एक्सिस बैंक ने त्योहारी सीजन में ग्राहकों के लिए होम लोन, पर्सनल लोन, कार लोन, एजुकेशन लोन, बिजनेस बैंकिंग और क्रेडिट कार्ड पर विशेष ऑफर पेश किए हैं। इनका उद्देश्य ग्राहकों को खरीदारी, वाहन और कारोबार संबंधी जरूरतों के लिए आकर्षक वित्तीय सुविधाएं देना है।बैंक के अनुसार, होम लोन की लॉगिन फीस 999 रुपए + जीएसटी से शुरू होगी। इसमें 12 ईएमआई की छूट भी शामिल है। पर्सनल लोन 9.99 फीसदी सालाना ब्याज दर और 999 रुपए की शुरुआती प्रोसेसिंग फीस पर उपलब्ध है।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिखाई हरी झंडी

छत्रपति संभाजीनगर में दौड़ेंगी ओलेक्ट्रा की 35 नई इलेक्ट्रिक बसें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में 35 नई वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें शुरू की गई हैं।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने डिवीजनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इन बसों का शुभारंभ किया। सोमवार, 2 नवंबर से शहर के विभिन्न मार्गों पर इनका संचालन शुरू हो गया है। बसों का संचालन ईवी ट्रांस करेगी। ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड की ओर से तैयार इन बसों की लंबाई नौ मीटर है।

इनमें आधुनिक ब्लेड बैटरी तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए बसों में सीसीटीवी कैमरे, डिजिटल सूचना पट्ट, उद्घोषणा प्रणाली, वाहन की लोकेशन पर नजर रखने की सुविधा और मोबाइल चार्जिंग के लिए यूएसबी प्वाइंट दिए गए हैं।

एसी बसों में सीसीटीवी, जीपीएस निगरानी और यूएसबी चार्जिंग जैसी सुविधाएं



55 से अधिक शहरों में चल रही हैं ये बसें

ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक के प्रबंध निदेशक महेश बाबू ने कहा कि कंपनी स्वच्छ और टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि देश के 55 से अधिक शहरों में कंपनी की 4,500 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें संचालित हो रही हैं। नई बसों के संचालन से छत्रपति संभाजीनगर में पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता घटाने, वायु प्रदूषण और ध्वनि स्तर कम करने तथा यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की उम्मीद है।

सुरक्षा और आराम पर विशेष ध्यान

बसों में एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस), एयर सस्पेंशन और रीजनरेटिव ब्रेकिंग जैसी तकनीकें भी दी गई हैं। इनसे यात्रा को अधिक सुरक्षित और आरामदायक बनाने में मदद मिलेगी। रीजनरेटिव ब्रेकिंग तकनीक ब्रेक लगाने के दौरान ऊर्जा को दोबारा बैटरी में संचित करने में सहायक होती है।

2,388 शोधपत्रों में से 220 का हुआ चयन, विशेषज्ञों ने की चर्चा

वीआईटी भोपाल में अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी हुई, 10 देशों के शोधकर्ताओं ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग साइंस एंड इंजीनियरिंग (स्कोप) की ओर से पहली अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी 'इमर्जिंग डिजिटल इंटेलिजेंस एंड जनरेटिव इंजीनियरिंग' (ईडीआईजीई-2026) का आयोजन 30 और 31 अक्टूबर को किया गया। भारतीय विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिकी अभियंता संस्थान (आईईईई) के मध्य प्रदेश अनुभाग के तकनीकी सहयोग तथा विश्वविद्यालय की संस्थागत नवाचार परिषद के सहयोग से आयोजित इस दो दिवसीय संगोष्ठी में देश-विदेश के शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, उद्योग विशेषज्ञों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, संगणकीय बुद्धिमत्ता और जनरेटिव प्रणालियों के क्षेत्र में हो रहे नवीन अनुसंधानों तथा उनके व्यावहारिक उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने कहा कि उभरती तकनीकें स्वचालन, निर्णय लेने की प्रक्रिया, ज्ञान के विकास और डिजिटल व्यवस्था के भविष्य को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।



10 देशों के 750 संस्थानों से आए शोधपत्र

संगोष्ठी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोधकर्ताओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। इसमें 10 देशों के 750 संस्थानों से कुल 2,388 शोधपत्र प्राप्त हुए। विशेषज्ञों की समीक्षा के बाद इनमें से 220 शोधपत्रों का चयन किया गया। इस प्रकार शोधपत्रों की स्वीकृति दर 9.21 प्रतिशत रही। दो दिवसीय आयोजन के दौरान आठ विषयगत क्षेत्रों में 36 तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। संगोष्ठी में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर के प्रोफेसर मुकेश कुमार और वियतनाम स्थित नाम कैन थो विश्वविद्यालय के डॉ. एनगो आन थो ने प्रमुख वक्ता के रूप में व्याख्यान दिए(संगोष्ठी का उद्घाटन वीआईटी के कुलाधिपति डॉ. जी. विश्वनाथन के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में आईईईई मध्य प्रदेश अनुभाग के अध्यक्ष प्रो. जी. एस. तोमर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं, अनुभाग के निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. मनीष दीक्षित और उपाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष डॉ. शंकर विश्वनाथन, सहायक उपाध्यक्ष सुश्री कादंबरी एस. विश्वनाथन और न्यासी श्रीमती रमणी बालासुंदरम का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कुलपति प्रो. सतीश कुमार मोढ़, प्रति-कुलपति डॉ. टीबी श्रीधरन, कुलसचिव डॉ. ज्ञान प्रकाश मिश्रा तथा स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग साइंस एंड इंजीनियरिंग के कार्यकारी अधिष्ठाता डॉ. एस. पूनकुंत्रन भी उपस्थित रहे।

अनुसंधान और नवाचार समय की जरूरत : कुलपति

कुलपति प्रो. सतीश कुमार मोढ़ ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जनरेटिव इंजीनियरिंग और डिजिटल बुद्धिमत्ता जैसी उभरती प्रौद्योगिकियां अनुसंधान के तरीकों और जटिल समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया को बदल रही हैं।आईईईई मध्य प्रदेश अनुभाग के निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. मनीष दीक्षित ने शोधकर्ताओं का मजबूत व्यावसायिक समुदाय तैयार करने में आईईईई की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। मुख्य अतिथि प्रो. जीएस तोमर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियां शोधकर्ताओं को एक-दूसरे के अनुभवों और शोध निष्कर्षों से सीखने का अवसर प्रदान करती हैं।

ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट में रोबोटिक्स और एआई पर दिया जोर

अहमदाबाद। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने अहमदाबाद में आयोजित इंडियन आर्थ्रोप्लास्टी एसोसिएशन के 36वें वार्षिक सम्मेलन आईएएसीओएन 2026 का उद्घाटन किया। सम्मेलन में देश-विदेश के विशेषज्ञ जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की नई तकनीकों, रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की भूमिका पर चर्चा कर रहे हैं।

आयोजकों के अनुसार, गुजरात में देश की कुल जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी में लगभग 12 से 15 प्रतिशत प्रक्रियाएं होती हैं। सम्मेलन में 205 राष्ट्रीय और 9 अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान 35 वैज्ञानिक सत्र और चार विशेष चर्चाएं आयोजित की जा रही हैं।सम्मेलन से पहले 22 अक्टूबर को बीजे मेडिकल कॉलेज में कैडेवर कार्यशाला हुई, जिसमें 70 फैकल्टी सदस्यों और 180 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने कहा कि रोबोटिक तकनीक और एआई के इस्तेमाल से जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की सटीकता बढ़ाने, मरीजों की रिकवरी बेहतर करने और उपचार के परिणामों में सुधार की संभावनाएं हैं। सम्मेलन का उद्देश्य चिकित्सा विशेषज्ञों के बीच ज्ञान और अनुभव साझा करना तथा मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देना है।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री को पत्र लिखा

एयरलाइंस कंपनियों की मनमानी पर भड़का कैट

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



त्योहारों का मौसम आते ही हवाई यात्रियों की जेब पर महंगाई का ऐसा हमला होता है कि घर लौटने का सपना भी महंगा पड़ जाता है। दीपावली, होली, रक्षाबंधन और छठ जैसे त्योहारों पर हवाई किराए सामान्य दिनों के मुकाबले 5 से 7 गुना और कई मामलों में 8 से 10 गुना तक पहुंचने की स्थिति पर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट), मध्य प्रदेश ने कड़ा विरोध जताया है। संगठन ने एयरलाइंस कंपनियों की इस मनमानी को यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठाने वाला रवैया बताते हुए केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

कैट भोपाल के जिलाध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश स्टेट मीडिया इंचार्ज धर्मेंद्र शर्मा ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री को पत्र लिखकर स्पष्ट मांग की है कि त्योहारों और पीक ट्रैवल सीजन के दौरान हवाई किरायों पर अधिकतम सीमा निर्धारित की जाए, ताकि एयरलाइंस कंपनियां मांग बढ़ने का फायदा उठाकर यात्रियों से मनमाना किराया न वसूल सकें।

शर्मा ने कहा कि अहमदाबाद, बेंगलुरु, कोलकाता सहित देश के प्रमुख शहरों से मध्य प्रदेश आने-जाने वाली उड़ानों में किरायों की बेतहाशा वृद्धि आम यात्रियों के लिए गंभीर संकट बनती जा रही है। शर्मा ने कहा कि हवाई यात्रा अब केवल अमीरों का साधन नहीं रही। व्यापारी, नौकरीपेशा लोग, विद्यार्थी और मध्यमवर्गीय परिवार भी अपनी जरूरतों के लिए इस पर निर्भर हैं।

कैट की सरकार से प्रमुख मांगें

त्योहारों और पीक ट्रैवल सीजन के दौरान हवाई टिकटों की अधिकतम किराया सीमा निर्धारित की जाए। सामान्य किरायों की तुलना में असामान्य और मनमानी बढ़ोतरी पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जाए। एयरलाइंस के किराया निर्धारण की नियमित निगरानी के लिए पारदर्शी व्यवस्था बनाई जाए। निर्धारित नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का प्रावधान हो। मप्र की प्रमुख महानगरों से हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाई जाए और त्योहारों पर अतिरिक्त उड़ानें संचालित की जाएं।

साइबर सुरक्षा के साथ संवेदनशीलता पर विशेष जोर

मानसरोवर में विद्यार्थियों को सिखाए चिकित्सा, सामाजिक दायित्व के पाठ



5 नवंबर तक चलेगा सात दिवसीय फाउंडेशन कोर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानसरोवर मेडिकल कॉलेज एवं एमजीयू अस्पताल, बिलकिसगंज में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए सात दिवसीय फाउंडेशन कोर्स आयोजित किया जा रहा है। 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा, अस्पताल की कार्यप्रणाली, चिकित्सकीय नैतिकता और मरीजों के प्रति संवेदनशीलता से परिचित कराना है। सोमवार को कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (क्राइम) शैलेंद्र सिंह चौहान, कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद अठावले और डॉ. विवेक खरे ने किया। चौहान ने विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने और साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए।

उन्होंने मेडिकल कॉलेज परिसर में रैगिंग पूरी तरह रोकने तथा अनुशासित और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से चिकित्सा पेशे की जिम्मेदारियों को समझते हुए समर्पण के साथ पढ़ाई करने का आह्वान किया। फाउंडेशन कोर्स में विद्यार्थियों को समाज में डॉक्टरों की भूमिका, चिकित्सा संस्थानों के नियम-कायदे, परिवार चिकित्सा के सिद्धांत, भारत की स्वास्थ्य प्रणाली और राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीतियों की जानकारी दी जा रही है।

एंजेल वन ने दिवाली पर 8 शेयरों में निवेश की सूची जारी की

मुंबई। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और महंगाई के बढ़ते दबाव के बीच ब्रोकरेज फर्म एंजेल वन ने दिवाली 2026 के लिए आठ शेयरों की निवेश सूची जारी की है। कंपनी ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट शगुन के शेयर्स-दिवाली पिक्स 2026 में बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं, रक्षा, फार्मा, रियल एस्टेट और औद्योगिक क्षेत्रों की कंपनियों को जगह दी है। इस सूची में एजीआई इंफ्रा, रत्नवीर प्रिसिजन, नॉर्दर्न आर्क कैपिटल, इंजीनियर्स इंडिया, आरती फार्मा लैब्स, शांति गोल्ड, आईसीआईसीआई बैंक और अपोलो माइक्रो सिस्टम्स शामिल हैं। 30 सितंबर 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार, सूची में आईसीआईसीआई बैंक सबसे बड़ी कंपनी रही। एंजेल वन इन कंपनियों को चुनने के पीछे अपने निवेश संबंधी तर्क 7 नवंबर तक दैनिक श्रृंखला में प्रकाशित करेगा।

निजीकरण का फैसला वापस लेने की मांग

निजीकरण के विरोध में देश में हड़ताल 10 हजार से अधिक कर्मचारी शामिल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

आईडीबीआई बैंक के निजीकरण के विरोध में 2 और 3 नवंबर को बुलाई गई दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल के पहले दिन देशभर में बैंक का कामकाज प्रभावित रहा। यूनाइटेड फोरम ऑफ आईडीबीआई ऑफिसर्स एंड एम्प्लॉइज के अनुसार, देश की 2,000 से अधिक शाखाओं के 10 हजार से ज्यादा अधिकारी और कर्मचारी हड़ताल में शामिल हुए। संगठन ने हड़ताल को पूरी तरह सफल बताया है।

यूनाइटेड फोरम ऑफ़ आईडीबीआई ऑफीसर्स एंड एम्प्लाईज, प्रवक्ता अनिल परमार के मुताबिक राजधानी भोपाल में सोमवार को आईडीबीआई बैंक के सैकड़ों कर्मचारी और अधिकारी कामकाज छोड़कर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। बैंककर्मियों ने एमपी नगर जोन-2 स्थित बैंक शाखा के सामने बैंककर्मी एकत्रित हुए और निजीकरण के खिलाफ नारेबाजी की और रैली निकाली। हड़ताल को समर्थन देने के लिए यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस से जुड़े विभिन्न बैंकों के कर्मचारी भी काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन में शामिल हुए।



सभा को यूनाइटेड फोरम ऑफ़ बैंक यूनियंस और आईडीबीआई बैंक की ट्रेड यूनियनों के पदाधिकारी साथी वीके शर्मा, दीपक रत्न शर्मा, अनिल परमार,विकास सिंह, नागेश पांचाल, अकांक्षा गुप्ता, गुणशेखरण, भगवान स्वरूप कुशवाहा, एमएस जयशंकर, जेपी दुबे, सत्येंद्र चौरसिया, श्रीपाद घोटनकर, एस के गुप्ता, अनंत खरे आदि ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि सार्वजनिक धन और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के निवेश से पुनर्जीवित हुए आईडीबीआई बैंक का निजीकरण जनहित के खिलाफ है। इससे सार्वजनिक निवेश और राष्ट्रीय संपत्ति पर निजी नियंत्रण बढ़ेगा। सभा को यूनाइटेड फोरम ऑफ़ बैंक यूनियंस और वक्ताओं ने कहा कि सार्वजनिक धन एवं एलआईसी के निवेश से पुनर्जीवित आईडीबीआई बैंक का निजीकरण जनहित के विरुद्ध है।वक्ताओं ने सरकार से निजीकरण की प्रक्रिया तत्काल रद्द कर बैंक का सार्वजनिक क्षेत्र का स्वरूप बनाए रखने की मांग की।

नाप-तौल और खाद्य सुरक्षा विभाग की निगरानी व्यवस्था कठघरे में

भोपाल में तेल के नाम पर बड़ा खेल: 1 किलो के पैकेट में सिर्फ 720 ग्राम तेल की बिक्री, ग्राहकों को नुकसान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के थोक जिंस बाजार से लेकर फुटकर दुकानों तक खाद्य तेल की पैकिंग और वजन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि 1 किलो के नाम पर बिक रहे तेल के पैकेट में महज 720 ग्राम तेल दिया जा रहा है। यदि जांच में यह दावा सही साबित होता है, तो उपभोक्ता को हर पैकेट पर 280 ग्राम तेल कम मिल रहा है। यानी घोषित मात्रा का करीब 28 प्रतिशत तेल गायब! इसके बावजूद बाजार में ऐसे पैकेटों की बिक्री जारी रहने के आरोपों ने संबंधित विभागों की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बाजार सूत्रों के अनुसार खाद्य तेल जैसी रोजमर्रा की जरूरत की वस्तु में घोषित मात्रा और वास्तविक वजन के बीच इतना बड़ा अंतर होने का आरोप बेहद गंभीर है। उपभोक्ता पैकेट पर लिखी मात्रा के हिसाब से कीमत चुकाता है, लेकिन यदि उसे निर्धारित वजन से कम तेल मिलता है, तो नुकसान सीधे उसकी जेब पर पड़ता है। सवाल यह है कि बाजार में बिक रहे इन पैकेटों का वास्तविक वजन किसने जांचा,पैकेट पर दर्ज मात्रा की पुष्टि किए बिना इनकी बिक्री कैसे हो रही है और यदि नियमों का उल्लंघन हो रहा है, तो जिम्मेदार विभागों की कार्रवाई कहां है।हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि के लिए संबंधित पैकेटों का आधिकारिक वजन परीक्षण और पैकेजिंग संबंधी दस्तावेजों की जांच जरूरी है।



तय मानकों के बीच गैर-मानक पैकिंग का आरोप

खाद्य तेल के पैकेटों के निर्धारित आकार और घोषित मात्रा को लेकर बाजार में नियमों के पालन पर भी सवाल उठ रहे हैं।
कारोबार से जुड़े लोगों के अनुसार, निर्धारित मात्रा से कम तेल मिलने की शिकायतें उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा रही हैं। यदि किसी पैकेट पर एक किलोग्राम मात्रा घोषित है और उसमें वास्तव में केवल 720 ग्राम तेल पाया जाता है, तो यह महज पैकिंग की गड़बड़ी नहीं, बल्कि उपभोक्ता के अधिकारों से जुड़ा मामला बन सकता है।

नाप-तौल विभाग की निगरानी पर सवाल

पैकबंद वस्तुओं पर घोषित मात्रा से कम उत्पाद मिलने की पुष्टि होने पर विधिक मापविज्ञान संबंधी नियमों के तहत कार्रवाई का प्रश्न उठ सकता है। ऐसे में नाप-तौल विभाग की जिम्मेदारी है कि शिकायतों की जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाए। वहीं, खाद्य सुरक्षा विभाग की भूमिका खाद्य तेल की गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा से जुड़े पहलुओं की जांच में महत्वपूर्ण है। दोनों विभागों के अधिकार क्षेत्र अलग-अलग हैं, लेकिन उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए प्रभावी समन्वय जरूरी है। भोपाल के बाजारों में कम वजन के तेल पैकेट बिकने के आरोपों की निष्पक्ष जांच जरूरी है।

आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में

उत्कृष्ट योगदान देने के लिए डॉ. प्रवीण खेरडे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और उल्लेखनीय सेवाओं के लिए एलएन आयुर्वेद कॉलेज एवं हॉस्पिटल, एलएनसीटी विश्वविद्यालय भोपाल के रोग निदान विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण खेरडे को सम्मानित किया गया।

भाई उद्धवदास मेहता स्मृति न्यास की ओर से आयोजित समारोह में उन्हें वर्ष 2026 का 'भाई उद्धवदास मेहता स्मृति चिकित्सा सेवा सम्मान' प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति समर्पण, उत्कृष्ट कार्य और जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए दिया गया।




चिंतन

उत्सव और पर्यावरण में संतुलन रखना जरूरी

दीपावली रोशनी, उल्लास और खुशियों का पर्व है। यह अंधकार पर प्रकाश और निराशा पर आशा की जीत का प्रतीक है, लेकिन उत्सव की उमंग जब दूसरों की सांसों पर भारी पड़ने लगे तो आत्ममंथन जरूरी हो जाता है। पटाखों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला इसी संतुलन की आवश्यकता को रेखांकित करता है। अदालत ने दिल्ली-एनसीआर में 7 और 8 नवंबर को निर्धारित समय में केवल ग्रीन पटाखे जलाने की ही अनुमति दी है। अस्पतालों, वृद्धाश्रमों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास नो-क्रैकर जोन बनाने के निर्देश भी दिए हैं। यह फैसला उत्सव पर रोक नहीं, बल्कि उसे जिम्मेदारी के दायरे में रखने का प्रयास है। सवाल है कि हर साल दीपावली पर पटाखों को लेकर अदालत को हस्तक्षेप क्यों करना पड़ता है? क्या त्योहार मनाने के लिए नागरिक जिम्मेदारी का भाव इतना कमजोर हो गया है कि न्यायिक आदेशों की जरूरत पड़ने लगी है? दिल्ली-एनसीआर पहले ही वायु प्रदूषण के गंभीर संकट से जूझ रहा है। वाहनों का धुआं, औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण कार्यों की धूल और पराली का धुआं हवा की गुणवत्ता बिगाड़ते हैं। ऐसे में पटाखों का अतिरिक्त धुआं स्थिति को और भयावह बना सकता है। इसका सबसे अधिक खामियाजा बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से जूझ रहे लोगों को भुगतना पड़ता है। प्रदूषण किसी एक घर या मोहल्ले तक सीमित नहीं रहता, उसका असर पूरे समाज पर पड़ता है। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर 2025 की रिपोर्ट के हवाले से अदालत में बताया गया कि भारत में वायु प्रदूषण के कारण 20.1 लाख से अधिक मौतें हुईं। यह आंकड़ा समाज को झकझोरने के लिए पर्याप्त है। धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का सम्मान जरूरी है, लेकिन किसी की सेहत और जीवन की कीमत पर नहीं। इसलिए उत्सव और पर्यावरण में संतुलन रखना बेहद जरूरी है। ग्रीन पटाखे भी पूरी तरह प्रदूषण मुक्त नहीं होते। इसलिए इनके नाम पर असीमित आतिशबाजी की छूट नहीं होनी चाहिए। असली और नकली ग्रीन पटाखों की पहचान, प्रमाणित उत्पादों की बिक्री और नियमों का पालन सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। अदालत ने सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे तक ही पटाखे चलाने की अनुमति दी है। अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों और अधिसूचित साइलेंस जोन के 300 मीटर के दायरे में रोक तथा शैक्षणिक संस्थानों को नो-क्रैकर जोन घोषित करने का निर्देश महत्वपूर्ण है। प्रशासन को इन क्षेत्रों की स्पष्ट पहचान करनी होगी और पुलिस व प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियों को निगरानी रखनी होगी। नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई भी जरूरी है। विराट कोहली जैसी लोकप्रिय हस्तियों से प्रदूषण रहित दीपावली की अपील करवाने का सुझाव भी सराहनीय है। खिलाड़ियों, कलाकारों, सामाजिक संगठनों और शिक्षण संस्थानों को जागरूकता अभियान से जोड़ना चाहिए। हालांकि प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई केवल दीपावली तक सीमित नहीं रह सकती। वाहनों, उद्योगों, निर्माण स्थलों और कचरा जलाने से होने वाले प्रदूषण पर सालभर प्रभावी नियंत्रण जरूरी है। दीपावली पर दीप जलाना हमारी परंपरा है और खुशियां मनाना हमारा अधिकार। मगर दूसरों की सांसों की सुरक्षा भी हमारी जिम्मेदारी है। पटाखों का शोर कुछ क्षणों का आनंद देता है, जबकि उसका धुआं लंबे समय तक परेशानी पैदा कर सकता है। इस बार संकल्प होना चाहिए कि घरों में दीपों की रोशनी बढ़े, लेकिन हवा में जहर नहीं।

इजराइल में जनादेश का गतिरोध



सत्ता संघर्ष
ओमकार चौधरी

इजराइल के संसदीय चुनाव ने एक बार फिर देश को राजनीतिक अनिश्चितता के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की लिकुड सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, लेकिन बहुमत के आंकड़े से दूर रह गई। दूसरी ओर, नेतन्याहू विरोधी दलों के पास संयुक्त रूप से 67 सीटें हैं, मगर वैचारिक मतभेदों के कारण वे भी सरकार बनाने की स्थिति में नहीं दिख रहे। इस चुनाव में अरब राजनीतिक दलों की सीटें 10 से बढ़कर 19 हो गई हैं, जिससे उनका महत्व बढ़ा है। सैन्य सेवा, न्यायिक सुधार, गाजा युद्ध और फलस्तीनी प्रश्न पर गहरे मतभेद गठबंधन की राह रोक रहे हैं। राष्ट्रपति की पहल के बाद ही स्पष्ट होगा कि नई सरकार बनेगी या इजराइल फिर चुनाव में जाएगा।

इजराइल में राजनीतिक अस्थिरता का समाधान केवल चुनाव प्रणाली बदलने या किसी एक दल के अधिक सीटें जीतने से नहीं जुड़ा है। मूल चुनौती विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक समूहों के बीच ऐसी सहमति विकसित करने की है, जिससे सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर सके। फिलहाल 27 अक्टूबर के जनादेश ने किसी को स्पष्ट सत्ता नहीं सौंपी है। राष्ट्रपति की पहल और दलों के बीच होने वाली बातचीत तय करेगी कि इजराइल को नई गठबंधन सरकार मिलती है या देश एक बार फिर चुनाव की ओर बढ़ता है। इजराइल में 27 अक्टूबर 2026 को हुए संसदीय चुनावों ने एक बार फिर राजनीतिक गतिरोध पैदा कर दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की लिकुड सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, लेकिन सरकार बनाने के लिए आवश्यक बहुमत उनके पास नहीं है। दूसरी ओर विपक्षी दलों की संयुक्त ताकत नेतन्याहू को सत्ता से बाहर रखने के लिए पर्याप्त है, लेकिन उनके बीच वैचारिक सहमति का अभाव है। इस चुनाव में अरब राजनीतिक दलों की ताकत लगभग दोगुनी होने से सत्ता का समीकरण और जटिल हो गया है। वे सरकार गठन में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन विपक्ष के कई प्रमुख नेता उनका समर्थन लेने के लिए तैयार नहीं हैं। इजराइल की 120 सदस्यीय संसद नेसेट में सरकार बनाने के लिए 61 सांसदों का समर्थन चाहिए। इस चुनाव में लिकुड को 27, पूर्व सेना प्रमुख गादी आइज़नकोट की याशार पार्टी को 21 और पूर्व प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट के ब'याखाद गठबंधन को 12 सीटें मिली हैं। अरब दलों की जॉइंट लिस्ट ने 11 और मंसूर अब्बास की राआम ने आठ सीटें जीती हैं। द डेमोक्रेट्स को आठ, अविग्दोर लिबरमैन की इस्राइल बेतेनु को सात, यूनाइटेड तोराह जूडाइज्म को सात, इतामार बेन-गवीर की ओत्ज़मा येहुदित को सात, शास को छह और रिलिजियस ज़ायोनिज़्म–जेहुत गठबंधन को छह सीटें मिली हैं।

नेतन्याहू के दक्षिणपंथी और धार्मिक सहयोगियों के पास कुल 53 सीटें हैं। आइज़नकोट और उनके संभावित सहयोगियों की संख्या 48 है, जबकि अरब नेतृत्व वाले दलों के पास 19 सीटें हैं। अर्थात नेतन्याहू के विरोध में 67 सांसद हैं, लेकिन उनमें से सभी एक साझा सरकार के लिए तैयार नहीं हैं। यही वर्तमान गतिरोध का मूल कारण है। किसी दल को संसद में प्रतिनिधित्व पाने के लिए कम से कम 3.25 प्रतिशत वोट प्राप्त करने होते हैं। इस व्यवस्था में धार्मिक, राष्ट्रवादी, उदारवादी, धर्मनिरपेक्ष और अरब समुदायों के छोटे दल भी संसद में पहुंचते हैं। इजराइल के इतिहास में किसी एक राजनीतिक दल को अपने बूते 61 सीटें नहीं मिली हैं। इसलिए गठबंधन सरकार वहां राजनीतिक अनिवार्यता है। कई बार पांच-सात सीटों वाला छोटा दल भी सरकार बनाने या गिराने की स्थिति में आ जाता है, लेकिन धार्मिक परंपराओं, राष्ट्रीय सुरक्षा, न्यायपालिका, सैन्य सेवा और फलस्तीनी प्रश्न पर दलों के बीच इतने गहरे मतभेद हैं कि गठबंधन स्थायी नहीं रह पाते। वर्ष 2019 से 2022 के बीच इजराइल में पांच संसदीय चुनाव हुए। जून 2021 में नफ्ताली बेनेट और याइर लापिद ने नेतन्याहू-विरोधी दलों को एकजुट करके सरकार बनाई।



इसमें पहली बार मंसूर अब्बास की राआम जैसी स्वतंत्र अरब पार्टी भी औपचारिक रूप से शामिल हुई। लेकिन वैचारिक मतभेदों के कारण यह सरकार लगभग एक वर्ष में गिर गई। उसके बाद नेतन्याहू फिर सत्ता में लौट आए। इस चुनाव का सबसे उल्लेखनीय घटनाक्रम अरब राजनीतिक दलों की सफलता है। वर्ष 2022 में इन्हें कुल दस सीटें मिली थीं, जबकि इस बार 19 सीटें मिली हैं। जॉइंट लिस्ट और राआम ने मिलकर लगभग आठ लाख चालीस हजार वोट प्राप्त किए, जो पिछले चुनाव से करीब 64 प्रतिशत अधिक हैं। इजराइल की आबादी में अरब नागरिकों की हिस्सेदारी लगभग पांचवां हिस्सा है। हालांकि सभी अरब दलों की राजनीति एक जैसी नहीं है। मंसूर अब्बास की राआम पहले भी यहूदी नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हो चुकी है। जॉइंट लिस्ट के विभिन्न घटकों की इजराइल की राष्ट्रीय पहचान और फलस्तीनी प्रश्न पर अलग राजनीतिक स्थितियाँ हैं। इसलिए उनकी 19 सीटों को किसी एक गठबंधन का सुनिश्चित समर्थन मानना सही नहीं होगा। नेतन्याहू के लिए इस बार चुनावी परिणाम झटका हैं। वर्ष 2022 में उनकी लिकुड ने 32 सीटें जीती थीं। इस बार वह 27 पर सिमट गई। उनके सहयोगी गठबंधन की संख्या भी पिछली संसद में एक समय 68 तक पहुंचने के बाद अब 53 रह गई है। इसके कई कारण रहे। सबसे बड़ा मुद्दा 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा किया गया हमला था, जिसने इजराइल की सुरक्षा और खुफिया व्यवस्था की गंभीर कमियां उजागर की थीं। अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है कि क्या पूर्व सेना प्रमुख गादी आइज़नकोट और नेतन्याहू मिलकर राष्ट्रीय एकता सरकार बना सकते हैं? आइज़नकोट ने चुनाव में नेतन्याहू को सत्ता से हटाने को प्रमुख उद्देश्य बनाया था। चुनाव के बाद भी उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह नेतन्याहू के अधीन सरकार में शामिल नहीं होंगे। यहां तक कि बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनने की व्यवस्था को भी उन्होंने स्वीकार नहीं किया है। नफ्ताली बेनेट और अविग्दोर लिबरमैन भी नेतन्याहू के साथ सरकार बनाने का विरोध कर चुके हैं। आइज़नकोट ने संभावित सहयोगियों के लिए चार सिद्धांत निर्धारित किए हैं। पहला, इजराइल को यहूदी, लोकतांत्रिक, उदार और समानतापूर्ण राज्य के रूप में स्वीकार करना होगा। दूसरा, स्वतंत्रता की घोषणा में व्यक्त मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक होगी। तीसरा, सभी नागरिकों के लिए सैन्य, राष्ट्रीय अथवा नागरिक सेवा का दायित्व स्वीकार करना होगा। चौथा, हमास को आतंकवादी संगठन मानते हुए गाजा में उसकी सैन्य और शासन-संचालन क्षमता समाप्त करने के उद्देश्य का समर्थन करना होगा। गठबंधन के तीन प्रमुख विकल्प हैं। पहला, आइज़नकोट 19 अरब सांसदों का समर्थन लेकर 67 की संख्या तक पहुंचें। इसके लिए बेनेट और लिबरमैन जैसे नेताओं को सहमत करना होगा। दूसरा, शास और यूनाइटेड तोराह जूडाइज्म के 13 सांसदों को साथ लेकर 61 का बहुमत बनाया जाए। लेकिन सैन्य भर्ती के प्रश्न पर समझौता आवश्यक होगा। तीसरा, नेतन्याहू और विपक्ष के कुछ दल राष्ट्रीय एकता सरकार बनाएं। इसके लिए प्रधानमंत्री पद, न्यायिक सुधार, सुरक्षा नीति और 7 अक्टूबर के हमले की जांच जैसे विषयों पर सहमति बनानी पड़ेगी। चुनाव परिणामों का औपचारिक प्रमाणन 4 नवंबर तक निर्धारित है। इसके बाद राष्ट्रपति दलों से परामर्श करके किसी सांसद को सरकार बनाने का अवसर देंगे। पहले उम्मीदवार को सामान्यतः 28 दिन मिलते हैं और आवश्यकता पड़ने पर 14 दिन का विस्तार संभव है। असफल होने पर दूसरे नेता को अवसर दिया जा सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विडंबना
योगेश कुमार सोनी




वर्चस्व की लड़ाई में उलझते जा रहे वकील और पुलिस के पेशे

दिल्ली की कानून व्यवस्था में पुलिस और वकीलों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। पुलिस का दायित्व कानून का पालन कराना, अपराधों पर अंकुश लगाना और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जबकि वकील न्याय व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करते हैं। दोनों पेशों का उद्देश्य अलग-अलग जिम्मेदारियों के माध्यम से एक ही लक्ष्य को हासिल करना है। कानून का शासन और जनता को न्याय, लेकिन जब इन दोनों पेशों के बीच आपसी सम्मान, संवाद और कार्यक्षेत्र की मर्यादा को लेकर विवाद खड़ा होने लगे, तब यह केवल दो पक्षों का टकराव नहीं रह जाता, बल्कि पूरी न्याय एवं कानून व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगते हैं। शाहदरा में एसीपी मनस्वी वशिष्ठ और शाहदरा थानाध्यक्ष के तबादले के बाद सामने आए घटनाक्रम ने इसी व्यापक बहस को जन्म दिया है। शाहदरा में पुलिस अधिकारियों के तबादलों के बाद एसीपी मनस्वी वशिष्ठ द्वारा मोर्चा खोले जाने के घटनाक्रम ने पुलिस और वकीलों के संबंधों को लेकर चर्चा तेज कर दी है। हालांकि, इस पूरे मामले में संबंधित पक्षों के आधिकारिक वक्तव्यों, विभागीय आदेशों और विवाद की परिस्थितियों की स्वतंत्र पुष्टि के बिना किसी व्यक्ति को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक अधिकारी और नागरिक को अपना पक्ष रखने का अधिकार है। साथ ही, किसी भी विवाद की वास्तविकता सामने लाने के लिए तथ्यों, साक्ष्यों और निष्पक्ष जांच को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यदि किसी अधिकारी को लगता है कि उसके साथ अन्याय हुआ है या किसी कार्रवाई में नियमों का पालन नहीं किया गया, तो उसके पास अपनी बात रखने के लिए विभागीय और कानूनी मंच उपलब्ध हैं। इसी प्रकार, यदि किसी वकील को पुलिस की किसी कार्रवाई से आपत्ति है, तो वह भी कानून के दायरे में रहकर शिकायत दर्ज करा सकता है। लेकिन जब किसी विवाद में व्यक्तिगत प्रतिष्ठा, पेशेवर पहचान या वर्चस्व का प्रश्न हावी होने लगता है, तो समाधान की संभावनाएं कमजोर पड़ने लगती है। पुलिस अधिकारी को कानून के अनुसार कार्रवाई करनी होती है। उसे शिकायतकर्ता, आरोपी, गवाह और अन्य संबंधित व्यक्तियों के साथ निष्पक्ष व्यवहार करना चाहिए। किसी व्यक्ति की सामाजिक हैसियत, पेशा या प्रभाव कानून से ऊपर नहीं हो सकता। यदि कोई वकील किसी मामले में पक्षकार है या किसी पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहा है, तो उसके पेशे के कारण उसे कानून से अलग कोई विशेष छूट नहीं मिलती। दूसरी ओर, वकील न्याय व्यवस्था के अभिन्न अंग हैं। उन्हें अपने मुवक्किलों के अधिकारों की रक्षा करने, कानूनी प्रक्रियाओं पर सवाल उठाने और किसी अनुचित कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठाने का अधिकार है। लेकिन यह अधिकार भी कानून और पेशेवर आचरण की सीमाओं के भीतर ही प्रभावी होता है। पुलिस के काम में वैधानिक हस्तक्षेप और पुलिस की किसी कार्रवाई पर कानूनी आपत्ति जताना दो अलग-अलग बातें हैं। इसी प्रकार, पुलिस की वर्दी किसी अधिकारी को मनमानी करने का अधिकार नहीं देती। पुलिस और वकीलों के बीच मतभेद होना अस्वाभाविक नहीं है। कानून के अलग-अलग पक्षों की व्याख्या करते समय असहमति हो सकती है, लेकिन असहमति और टकराव में अंतर है। असहमति व्यवस्था को बेहतर बना सकती है, जबकि व्यक्तिगत संघर्ष व्यवस्था की ऊर्जा और संसाधनों को नष्ट करता है। कानून के सामने सभी समान हैं। न पुलिस का पद कानून से ऊपर है और न वकील का पेशा। दोनों को अपने अधिकारों का इस्तेमाल जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। किसी भी पक्ष के साथ अन्याय होने पर निष्पक्ष जांच और कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से समाधान होना चाहिए। अंततः, सवाल यह नहीं है कि शाहदरा में किसका वर्चस्व स्थापित होगा, बल्कि यह है कि कानून, निष्पक्षता और जनता के विश्वास की जीत कैसे सुनिश्चित होगी। यदि पुलिस और वकील अपनी-अपनी पेशेवर मर्यादा को प्राथमिकता देते हुए संवाद और संवैधानिक प्रक्रिया का रास्ता अपनाते हैं, तो विवादों का समाधान संभव है। लेकिन यदि हर मतभेद प्रतिष्ठा की लड़ाई बनता रहा, तो नुकसान किसी एक अधिकारी, वकील या विभाग का नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का होगा जिससे आम नागरिक न्याय और सुरक्षा की उम्मीद करता है।लोकतंत्र में संस्थाओं की मजबूती किसी व्यक्ति के प्रभाव से नहीं, बल्कि उनके निष्पक्ष कामकाज से तय होती है। इसलिए समय की मांग है कि वर्चस्व की लड़ाई के बजाय कानून के सम्मान, जवाबदेही और संस्थागत समन्वय को प्राथमिकता दी जाए। यही पुलिस और वकील, दोनों के पेशे की गरिमा और जनता के विश्वास को बनाए रखने का सबसे प्रभावी रास्ता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित
दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही। जीवन का अस्तित्व एक ऐसा आश्चर्यमय सत्य है कि तुम एक क्षण भी उसका विस्मरण नहीं कर सकते।


ब्राह्मण का सपना



संकलित
प्रेरणा

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उसपर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा, और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपए हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूँगा। छः महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गौओं के बाद भैंसे लूंगा और फिर घोड़े ले लूंगा। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊँगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरुपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोमशर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोमशर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूँगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारुंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

सटाका



आज की पाती

मानसिक स्वास्थ्य में एआई की भूमिका

आधारित चैटबॉट लोगों के लिए तेजी से संपर्क का पहला माध्यम बनते जा रहे हैं। अकेलापन, चिंता, तनाव, अवसाद, रिश्तों की उलझन या भावनात्मक संकट के क्षणों में कई लोग पहले किसी चिकित्सक के पास जाने के बजाय एआई से बातचीत करना पसंद कर रहे हैं। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में, जहां मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच अभी भी असमान है, एआई तकनीक एक नई संभावना प्रस्तुत करती है। हालांकि, यह समझना आवश्यक है कि एआई मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने का माध्यम हो सकता है, उनका विकल्प नहीं। मानसिक स्वास्थ्य में एआई की भूमिका बढ़ने वाली है। - *प्रकाश शर्मा, गन्नौर*

ट्रेंड

टूलकिट बने राहुल



राहुल गांधी उन ताकतों की एक टूलकिट हैं, जिन्होंने नेपाल और अन्य पड़ोसी देशों में अशांति पैदा की। वह उन ताकतों का नेतृत्व कर रहे हैं, जो पूरे देश में अराजकता लाना चाहता है। उनके पास कोई विजन नहीं है। -**नितिन नवीन,** भाजपा अध्यक्ष

मोदीजी झूठ बोलना बंद करें



मोदीजी इस देश से झूठ बोलना बंद कीजिए आप विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने हुए हैं। मै आपको इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती देता हूं। कोई भी मंच किसी भी समय हिम्मत है तो सामने आइये।
-**राहुल गांधी,** नेता विपक्ष

'डबल इंजन' ने धोखा दिया



उत्तराखंड में भाजपा की डबल इंजन सरकार के प्रदेश की जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं को छलने का काम किया है। ध्वस्त कानून-व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल, सत्ता का अहंकार और जवाबदेही से लगातार पल्ला झाड़ने की प्रवृत्ति ने प्रदेश की जनता को निराश किया है। -**मल्लिकार्जुन खड़गे,** कांग्रेस अध्यक्ष

एक्सपोज हुई आप



आम आदमी पार्टी जनता के सामने एक्सपोज हो चुकी है। पंजाब में भाजपा के पक्ष में एक अंडरकरंट है और आम आदमी पार्टी के खिलाफ बहुत मजबूत सत्ता विरोधी लहर (एंटी इनकंबेंसी) है। इसी वजह से आप के नेता भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर हमारी पार्टी से जुड़ रहे हैं।
-**सतीश पूनिया,** भाजपा के पंजाब प्रभारी

करंट अफेयर

पाक में पोलियो टीकाकरण के लिए 8 हजार पुलिसकर्मी तैनात



पाकिस्तान के कराची शहर में एक सप्ताह तक चलने वाले पोलियो रोधी अभियान के दौरान टीकाकरण दलों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए 8,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। दो से आठ नवंबर तक चलने वाला यह अभियान पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में भी शुरू किया गया है। इनमें बलूचिस्तान प्रांत भी शामिल है, जहां 31 जिलों में टीकाकरण दल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच काम कर रहे हैं। यह घटनाक्रम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर जिले में पोलियो का एक नया मामला सामने आने की राष्ट्रीय पोलियो उन्मूलन आपातकालीन संचालन केंद्र द्वारा पुष्टि किए जाने के एक दिन बाद हुआ है। कराची के आयुक्त सैयद हसन नकवी ने कहा कि टीकाकरण दलों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है, क्योंकि पूर्व में टीकाकरण अभियानों के दौरान सुरक्षा संबंधी घटनाएं और हमले हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं तथा सुरक्षा मजबूत करने के लिए औचक जांच के साथ मोटरसाइकिल से गश्त भी बढ़ा दी गई है। पाकिस्तान में पोलियो रोधी टीकाकरण अभियान अक्सर हिंसा की घटनाओं से प्रभावित होते रहे हैं।

ऑफ बीट

मंगल के 4.1 अरब साल पुराने उल्कापिंड का रहस्य किया उजागर



नासा ने मंगल ग्रह पर 13 ऐसी जगहों का पता लगाया है, जहां से तेघाजा 001 उल्कापिंड आया हो सकता है। यह पत्थर माली के सहारा रेगिस्तान में 2022 में मिला था और यह करीब 4.1 अरब साल पुराना है। इसी वजह से यह पृथ्वी पर मिले मंगल के सबसे पुराने उल्कापिंडों में से एक है। वैज्ञानिकों ने मंगल ऑर्बिटर से मिले डाटा की मदद से इसके खनिजों का मिलान मंगल ग्रह के उन क्षेत्रों से किया है, जो ज्यादातर प्राचीन दक्षिणी उच्चभूमि (हाइलैंड्स) में आते हैं। मंगल की दक्षिणी उच्चभूमि सबसे पुरानी जमीनों में से एक है, जिसमें ग्रह के शुरुआती दिनों के अहम सुराग छिपे हैं। तेघाजा 001 में मिले अजीब ज्वालामुखी खनिज ये संकेत देते हैं कि यह मंगल के ऐसे हिस्से से आया है, जिसके नमूने हमने पहले कभी नहीं लिए हैं। शोधकर्ताओं का मानना है कि एक एस्ट्रोयड के टकराने से यह मंगल से उछलकर पृथ्वी तक अपनी लंबी यात्रा पर आया होगा। हालांकि, यह किस खास क्षेत्र से आया था, यह अभी भी एक रहस्य है, जिसे वे सुलझाने की उम्मीद कर रहे हैं।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट एंड एक्सपो 2026

पीएम बोले- क्लीन एनर्जी में 20 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के अवसर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने यहां भारत मंडपम में आयोजित 'भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट एंड एक्सपो 2026' के उद्घाटन समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस दशक के अंत तक भारत के क्लीन एनर्जी सेक्टर में 20 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश अवसर बनने का अनुमान है। पिछले एक दशक में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 15 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आया है, जबकि वर्ष 2024 में आयोजित री-इन्वेस्ट समिट के बाद से अब तक करीब 6 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ है।

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले एक दशक में स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में किए गए निवेश और विकसित व्यवस्थाओं ने देश को वैश्विक ऊर्जा संकट से बचाने में अहम भूमिका निभाई है

एक दशक में 15 हजार करोड़ से अधिक निवेश आया



एक्सपो का उद्घाटन करते पीएम मोदी के संग कई राज्यों के मुख्यमंत्री

भविष्य स्वच्छ ऊर्जा में निहित

पीएम ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा सीधे आर्थिक सुरक्षा से जुड़ी है और इसका भविष्य स्वच्छ ऊर्जा में निहित है। पश्चिम एशिया संकट सहित वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत की आर्थिक वृद्धि मजबूत बनी हुई है। पिछले एक दशक में स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में किए गए निवेश और विकसित की गई व्यवस्थाओं ने देश को वैश्विक ऊर्जा संकट के प्रभावों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि भारत ने बीते वर्षों में क्लीन एनर्जी के क्षेत्र में अपनी क्षमता और प्रतिबद्धता साबित की है।

नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता असीमित, देश लाभ उठाए

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मौजूदा संकट ने दुनिया के सभी देशों को यह स्पष्ट संदेश दिया है कि ऊर्जा सुरक्षा का सीधा संबंध आर्थिक सुरक्षा से है। जीवाश्म ईंधन के भंडार सीमित हैं और उनका वितरण कुछ क्षेत्रों तक सीमित है, जबकि नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता असीमित है और हर देश इसका लाभ उठा सकता है।

500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य

पीएम ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में संकल्प, जुनून और प्रदर्शन के आधार पर उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2021 में कॉप-26 के दौरान भारत ने 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता हासिल करने का संकल्प लिया था। भारत इस लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और करीब 300 गीगावॉट क्षमता हासिल कर चुका है।

पीएम सूर्यघर योजना से 65 लाख से अधिक परिवार जुड़े

पीएम ने कहा कि फरवरी 2024 में शुरू की गई पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत एक करोड़ घरों में रूफटॉप सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य है। पिछले 24 से 25 महीनों में 65 लाख से अधिक घर इस अभियान से जुड़ चुके हैं। हर छह दिन में करीब एक लाख नए घर सौर ऊर्जा आंदोलन का हिस्सा बन रहे हैं। इन घरों के बिजली बिल में करीब 76% तक की कमी आई है।

किसान अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता भी बनें

पीएम नरेंद्र मोदी ने पीएम सूर्य सरोवर योजना का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इसके तहत जलाशयों,



तालाबों और झीलों के ऊपर सोलर पैनल लगाकर बिजली पैदा की जा रही है। इससे जल निकायों का बेहतर उपयोग हो रहा है और जमीन की जरूरत भी कम हो रही है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में सौर ऊर्जा के इस्तेमाल को और विस्तार देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लाखों सोलर पंप वितरित किए जा चुके हैं, लेकिन अब सोलर पंप से आगे बढ़ने की जरूरत है। किसान अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता भी बनें। किसान अपनी खाली जमीन पर सोलर पैनल लगाएं और खेतों की मेड़ों का भी सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए उपयोग करें।

खबर संक्षेप

दीया मिर्जा के वीडियो पर महाराष्ट्र में विवाद बढ़ा

मुंबई। मुंबई की मेयर रितु तावड़े ने बीएमसी के उस कदम का समर्थन किया जिसमें 'प्रदूषण मुक्त



दिवाली' अभियान से अभिनेत्री दीया मिर्जा वाला वीडियो हटा दिया गया था। उन्होंने कहा कि हमें यह सिखाने के लिए दीया मिर्जा की जरूरत नहीं है कि हिंदुओं को दिवाली कैसे मनानी चाहिए। उन्होंने दिया को सनातन विरोधी कहा।

उनियाल बोले- इस्तीफा दूंगा, माफी नहीं मांगूंगा

देहरादून। दलेर मेहंदी विवाद को लेकर मंत्री सुबोध उनियाल बयान को लेकर एक बार फिर चर्चा में है।



एक कार्यक्रम के दौरान मंत्री के बयान का वीडियो वायरल हो रहा है। उसमें उन्होंने मंच से कहा कि मैं इस्तीफा देना पसंद करूंगा, माफी नहीं मांगूंगा। जीवन में आत्मसम्मान बहुत बड़ी चीज है। उन्होंने कहा था कि मुझे लगा दलेर मेहंदी नशे में हैं।

गैस पाइपलाइन में ब्लास्ट, युवक की मौत

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर में पीएनजी गैस पाइपलाइन में रिसाव के कारण ब्लास्ट हो गया। शहर के



सदर थाना क्षेत्र के गोबरसही-डुमरी इलाके में सोमवार को करीब 12 बजे हादसा हुआ। जिसमें एक युवक के सिर के चिथड़े उड़ गए, जबकि 4 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। मृतक की पहचान निवास सिंह के रूप में हुई है।

निकाय चुनाव लड़ने से पीछे हटे टीएमसी पार्षद

कोलकाता। कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के दिसंबर में होने वाले चुनाव से पहले तृणमूल



कांग्रेस पार्टी के कई दिग्गज पूर्व पार्षदों ने चुनाव लड़ने से दूरी बना ली है। इनमें कोलकाता के पूर्व मेयर फिरहाद हकीम, शोभन चटर्जी, मेयर-इन-काउंसिल के कई पूर्व सदस्य और बोरो चेयरमैन भी शामिल हैं।

तेलगांना में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में बोले शाह

भारतीय नागरिकों को ही मतदान करने का होगा अधिकार, 3 करोड़ घुसपैठियों को नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह लगातार चुनावी हार का सामना करने के बाद 'अराजकता' के जरिये सत्ता हासिल करने और 'लोकतंत्र को कमजोर करने' की कोशिश कर रही है। उन्होंने यहां अपनी 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा से पहले 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह बात कही। उन्होंने कहा कि नागरिकों ने इन हमलों से अपने लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए कमर कस ली है'।

अमित शाह ने जनता से पूछते हुए कहा कि क्या घुसपैठियों को देश से बाहर निकालना चाहिए या नहीं निकालना चाहिए? एसआईआर करना चाहिए या नहीं करना चाहिए? पूरी की पूरी कांग्रेस एंड कंपनी एसआईआर को रोकने पर लगी है, क्योंकि ये जो घुसपैठिए हैं, उनकी वोट बैंक हैं। मगर हम भाजपा के कार्यकर्ता मजबूती के साथ एसआईआर के साथ खड़े हैं। इस देश में वही वोट डाल पाएगा जो इस देश का नागरिक है। उन्होंने कहा कि देश में 3 करोड़ घुसपैठिए हैं, उन्हें वोट नहीं डालने दिया जाएगा।

अराजकता से सत्ता हासिल करना चाहती है कांग्रेस

कांग्रेस घुसपैठियों को बचा रही, वही उनका वोट बैंक



पदयात्रा के बाद रैली को मंच से संबोधित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

हर घुसपैठिया मतदाता सूची से बाहर होगा

अमित शाह ने कहा कि कल दिल्ली में भी एक रैली हुई थी। राहुल जी की रैली हुई थी। इन्होंने कहा वोट बचाओ रैली है। ये वोट बचाओ रैली नहीं थी, घुसपैठिया बचाओ रैली थी। कांग्रेस पार्टी एसआईआर को रोककर देश की मतदाता सूची से बांग्लादेशी घुसपैठियों को बचाना चाहती है। भाजपा पार्टी एक-एक घुसपैठिए को मतदाता सूची और देश से बाहर निकालकर ही दम लेगी।

राहुल झूठ बोल रहे कि 13 करोड़ मतदाता के नाम काटे

अमित शाह ने कहा कि राहुल (गांधी) बाबा कहते हैं कि 13 करोड़ वोट काट दिए हैं। ये झूठ बोल रहे हैं। 13 करोड़ वोट में से 6 करोड़ ऐसे है,जो दूसरी जगह रहने चले गए हैं। मुझे बताओ भाई, जो दूसरी जगह रहने चला गया हो, उसे दो जगह वोट देने का अधिकार है क्या? करीब 3 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिनकी मृत्यु हो गई है। अब जिनकी मृत्यु हो गई है, उन्हें हटाना चाहिए या नहीं हटाना चाहिए? राहुल जी, जो है ही नहीं, उनका वोट कौन आकर देगा। कांग्रेस पार्टी बोगस वोटिंग करके चुनाव हथियाना चाहती है। भाइयों-बहनों, एक करोड़ वोट ऐसे हैं, जिनकी डुप्लीकेट प्रविष्टि (एंट्री) है। अगर एक व्यक्ति के दो वोट हों, तो एक रद्द करना चाहिए या नहीं करना चाहिए?

शाह ने भाग्यलक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना की

अमित शाह के नेतृत्व में यह पदयात्रा बशीरबाग स्थित बाबू जगजीवन राम की



प्रतिमा से शुरू हुई और मोअज्जम जही मार्केट पर समापन हुआ। तक जाएगी। शाह सोमवार दोपहर को यहां बेगमपेट हवाई अड्डे पहुंचे। उसके बाद शाह ने चारमीनार स्थित देवी भाग्यलक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी उपस्थित थे।

पश्चिम बंगाल में कांग्रेस पर गरजे भाजपा अध्यक्ष नवीन

राहुल विदेशी ताकतों के इशारे पर अस्थिरता पैदा कर रहे

कोलकाता। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को आरोप लगाया कि विदेशी ताकतों के समर्थन से संचालित टूलकिट कांग्रेस नेता राहुल गांधी का इस्तेमाल भारत में अस्थिरता पैदा करने के लिए कर रहा है। वे पश्चिम बंगला के कोलकता में आयोजित एनडीए की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा और रैली में शामिल हुए



नितिन नवीन और सीएम सुवेंदु

थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का इस्तेमाल, विदेशी ताकतों के समर्थन से संचालित टूलकिट भारत में अस्थिरता पैदा करने के लिए कर रहा है। वह देश में अराजकता फैलाने के लिए विदेशी ताकतों के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्हें याद रखना चाहिए कि हमारा देश संविधान से चलता है। जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की कमी के कारण कांग्रेस मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान अपनी शिकायतें उठाने में विफल रहे।

सुधांशु का इंडिया गठबंधन पर हमला

राहुल लोकतंत्र के लिए चुनौती भारत की तरक्की से खुश नहीं



सुधांशु त्रिवेदी

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने भुवनेश्वर में विपक्ष पर निशाना साधे हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी, भारत के लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गए हैं। राहुल गांधी ने एक गलत नैरेटिव फैलाने की कोशिश की है, जिसमें वे दावा करते हैं कि 'सत्ता-विरोधी लहर' चल रही है और उनकी पार्टी सत्ता में वापसी नहीं कर पा रही है। मैं उन्हें याद दिलाना चाहूंगा राहुल, आप केवल अराजकता फैला रहे हैं, लेकिन ठोस और वास्तविक तथ्य क्या कहते हैं? पिछले पच्चीस वर्षों से ओडिशा में कांग्रेस का एक भी सीएम नहीं रहा है। 1995 से आप गुजरात से नदारद हैं।

मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि इस समय पूरी दुनिया उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भाजपा और एनडीए सरकार के साथ, भारत इन विपरीत परिस्थितियों के बावजूद सबसे बेहतर स्थिति में आगे बढ़ रहा है। हम दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहे हैं। परसों ही, विश्व बैंक ने अपनी 2025 की रिपोर्ट में भारत की तारीफ करते हुए कहा कि भारत सरकार ने पिछले 12-13 वर्षों में लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सफलता हासिल की है। 2011-12 में जहां 27 प्रतिशत लोग अत्यधिक गरीबी रेखा के नीचे थे। अब यह घटकर केवल 2.6 प्रतिशत रह गया है। 2011-12 में जहां 57% लोग प्रतिदिन 4.2 डॉलर से कम कमाते थे आज केवल 16 प्रतिशत लोग हैं।

कांग्रेस अपने कर्मों के कारण हारीः पात्रा

वाराणसी। भाजपा के सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने एसआइआर और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर कांग्रेस



के आरोपों का जवाब दिया। कांग्रेस के 2014 से 19 फरवरी 2025 तक कांग्रेस 56 चुनाव हार चुकी है। हम इसे 56 टिकुली कहते हैं। यही 56 टिकुली माथे पर लगा कर राहुल गांधी और कांग्रेस घूम रही है। उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों में पिछले 10 से 40 वर्ष से सत्ता में नहीं होने का उदाहरण देते हुए कहा कि कांग्रेस एसआइआर के कारण नहीं अपने कर्मों और कुकर्मों के कारण हार रही है।

दिल्ली में वायु प्रदूषण पर सख्त एक्शन!

ग्रैप के तहत पहले दिन 68 लाख का जुर्माना, 1,500 गाड़ियां बाहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में सर्दियों के साथ बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के तहत 1 नवंबर को प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। पहले ही दिन कुल 68.4 लाख रुपए का जुर्माना और पर्यावरण मुआवजा लगाया गया है। इस दौरान जांच टीमों ने लगभग 15 हजार वाहनों की जांच की। इनमें से 1539 वाहनों को बॉर्डर से ही वापस भेज दिया गया। जबकि प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र के नियम तोड़ने पर 566



चालान काटे गए। रविवार शाम 5 बजे तक के आंकड़े के मुताबिक, पीयूसीसी नियमों को तोड़ने पर 56.6 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। वहीं, प्रतिबंध के बावजूद दिल्ली में एंट्री करने वाले वाहनों पर 2 लाख रुपए और निर्माण और तोड़फोड़ वाली जगहों पर धूल रोकने के नियमों का पालन नहीं करने पर 9.8 लाख रुपए का मुआवजा लगाया।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने दिए मदद के निर्देश

राहत वितरण में न हो कोई देरी प्रभावित राज्यों के साथ में केंद्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देशभर में खरीफ फसलों की कटाई, मौजूदा मौसमी परिस्थितियों और रबी सत्र की तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में देश के विभिन्न हिस्सों में सूखे, चक्रवाती प्रभाव और अनियमित वर्षा से उत्पन्न परिस्थितियों पर विचार-विमर्श करते हुए किसानों के हित में ठोस रणनीति बनाने के लिए निर्देश दिए। कृषि मंत्री ने कहा कि संकट के



समय किसानों के प्रति पूरी संवेदनशीलता बरती जाए और राहत कार्यों में प्रक्रियात्मक देरी बिल्कुल न हो। उन्होंने कहा कि कटाई के तुरंत बाद खेतों में उपलब्ध नमी का अधिकतम उपयोग करते हुए रबी फसलों की बुआई को गति दी जाए। जहां सिंचाई के पानी की सीमित उपलब्धता है, वहां चना, सरसों, मसूर को प्रोत्साहित करें।

हरमीत सिंह, चेतन सिंह और कुंवर सिंह ने सदस्यता ग्रहण की

पंजाब में आप को झटका, 3 विधायक भाजपा में हुए शामिल, नीतियों पर जताया 'विश्वास'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब आम आदमी पार्टी के तीन विधायकों भाजपा में शामिल हो गए। पंजाब में आप के लिए यह बड़ा झटका माना जा रहा है। हरमीत सिंह पठानमाजरा (सनौर विधानसभा), चेतन सिंह जौड़ामाजरा (समाना विधानसभा) और कुंवर विजय प्रताप सिंह (अमृतसर उत्तर) ने इस्तीफा देकर सोमवार को भाजपा के नई दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



दाएं से आशीष ऊषा अग्रवाल, केवल ढिल्लों

सतीश पूनिया ने स्वागत किया

पंजाब भाजपा प्रभारी सतीश पूनिया, सह-प्रभारी वीरेंद्र सचदेवा ने विधायकों का स्वागत किया। पंजाब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों तथा राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशीष ऊषा अग्रवाल मौजूद थे।

पंजाब की राजनीति के लिए यह दिन खास

कार्यक्रम का संचालन करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशीष ऊषा अग्रवाल ने तीनों विधायकों का परिचय देते हुए कहा कि आज का दिन पंजाब की राजनीति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। जब परिवार में नए सदस्य जुड़ते हैं, तो यह हम सभी के लिए गर्व और हर्ष का अवसर होता है।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पीएम मोदी को दी खुली बहस की चुनौती

बोले- विदेशी मदद से पीएम बने, आपकी आर्थिक व्यवस्था बाहरी देशों के हाथों में है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर पीएम मोदी को सीधे निशाने पर लिया। उन्होंने पीएम मोदी पर विदेशी मदद के सहारे सत्ता में बने रहने का आरोप लगाकर राजनीतिक विवाद तेज कर दिया। राहुल ने कहा कि पीएम मोदी विदेशी मदद से पीएम बने और अब भी इसी मदद के सहारे इस पद पर बने हुए हैं। उन्होंने देश की आर्थिक व्यवस्था और विदेशी सोशल मीडिया को लेकर भी सवाल उठाए।



राहुल गांधी नरेंद्र मोदी

इंडिया ब्लॉक की रैली एआई से बनाई

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने इंडिया ब्लॉक की रैली को लेकर आरोप लगाया कि कांग्रेस को रैली में भीड़ दिखाने के लिए एआई से बनी तस्वीरों का सहारा लेना पड़ा। फर्जी नैरेटिव टीम एआई से बनी फर्जी तस्वीर भी ठीक से नहीं बना पाई!

झूठ बोलना बंद करें

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर लिखा कि मोदी जी, इस देश से झूठ बोलना बंद कीजिए। आप विदेशी मदद से पीएम बने। और विदेशी मदद से ही पीएम बने हुए हैं। आपकी आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह विदेशियों के नियंत्रण में और समर्थन से है। विदेशी सोशल मीडिया पूरी तरह आपके साथ खड़ा है। मैं आपको इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती देता हूं।

दिवाली पर प्रदूषण रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने तय किया समय

दिल्ली-एनसीआर में दो दिन ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 7 और 8 नवंबर, 2026 को ग्रीन पटाखे फोड़ने की अनुमति दी है। पटाखे सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात 8 बजे से 10 बजे तक फोड़े जा सकेंगे।

यह अनुमति सुप्रीम कोर्ट के 15 अक्तूबर, 2025 के पहले के आदेश के अनुसार दी गई है। शीर्ष कोर्ट ने निर्देश दिया है कि अस्पतालों, नर्सिंग होम, प्राथमिक और जिला स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों और अधिसूचित शांत क्षेत्रों के 300 मीटर के दायरे में कोई भी पटाखा नहीं फोड़ा जाएगा।

पटाखे सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात 8 बजे से 10 बजे तक फोड़े जा सकेंगे



नीट पीजी परीक्षा पर मांगा जवाब

नीट पीजी परीक्षा की आंसर की और प्रश्नपत्र सार्वजनिक करने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) से स्पष्टीकरण मांगा है। अदालत ने पूछा है कि उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र की कॉपी रखने की अनुमति देने से परीक्षा की निष्पक्षता और विश्वसनीयता कैसे प्रभावित हो सकती है।

गैर बीएस-6 वाहन के प्रवेश पर रोक रहेगी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 1 नवंबर से 31 जनवरी तक राजधानी में दिल्ली के बाहर पंजीकृत उन वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने के प्रशासन के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जो बीएस-6 उत्सर्जन मानकों पर खरे नहीं उतरते हैं।

शैक्षिणक संस्थान नो-क्रैकर जोन बने

कोर्ट ने कहा है कि इन सभी क्षेत्रों के साथ शैक्षणिक संस्थानों को भी 'नो-क्रैकर जोन' घोषित किया जाएगा। इन क्षेत्रों को उचित तरीके से चिह्नित किया जाएगा और इनके बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी। वैध प्रमाणपत्र रखने वाले पटाखा और आतिशबाजी निर्माता केवल ग्रीन पटाखों का ही निर्माण कर सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया है कि बेरियम वाले पटाखों और वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान से मंजूरी नहीं पाने वाले पटाखों के इस्तेमाल की अनुमति नहीं होगी।

भारतीयों के लिए ब्रिटेन में नौकरी हासिल करना और पढ़ना हो जाएगा आसान!

सैलरी लिमिट में बदलाव, एचपीआई वीजा का दायरा बढ़ाने की तैयारी

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन हायर एजुकेशन के साथ-साथ नौकरी के लिए भी एक लोकप्रिय ठिकाना रहा है। यहां काम करने वाले भारतीयों की तादाद लाखों में है। हालांकि, पिछले कुछ समय में इमिग्रेशन नियमों में हुए बदलावों ने भारतीयों की मुश्किलें बढ़ाई हैं। अब ब्रिटेन में इमिग्रेशन नीति में एक बार फिर बड़े बदलाव की तैयारी हो रही है। सरकार के 2026 के बजट में इसके लिए रूपरेखा पेश की गई है।

इन बदलावों का असर भारतीय पेशेवरों, छात्रों और विदेशी कर्मचारियों को नौकरी देने वाली कंपनियों पर पड़ सकता है। सरकार का मुख्य उद्देश्य ब्रिटेन और उसके विभिन्न क्षेत्रों की आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए कुशल कामगारों को आकर्षित करना है। प्रस्तावित बदलाव लागू होने पर भारतीय छात्रों और कामगारों को इसका सीधा फायदा मिल सकता है। ब्रिटेन में पिछले कुछ समय से इमिग्रेशन नियमों में लगातार बदलाव किए गए हैं। इससे पढ़ाई और नौकरी के लिए वहां गए भारतीयों की चिंताएं बढ़ी हैं। कई भारतीयों के लिए ब्रिटेन में लंबे समय तक रहना मुश्किल हो गया है। पोस्ट-ग्रेजुएट वीजा की अवधि कम करने के ऐलान ने भी उनकी चिंता बढ़ाई थी। हालांकि, अब सरकार के नए प्रस्तावों से स्थिति में बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है। ये घोषणाएं ऐसे समय में की जा रही हैं, जब ब्रिटेन आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है। देश की आर्थिक विकास दर के अनुमान घटाए गए हैं, कर्ज लेने की लागत बढ़ रही है, वित्तीय निवेश की गुंजाइश कम हो रही है और ऊर्जा की कीमतों में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे हालात में सरकार सार्वजनिक खर्च बढ़ाए बिना व्यापारिक निवेश और उत्पादकता को बढ़ावा देना चाहती है।

दो साल का ग्रेजुएट वीजा भी रहेगा जारी, और भी मिलेंगी राहतें
ब्रिटेन का इमिग्रेशन प्लान बदलेगा, जिससे आसान होंगे रास्ते

ब्रिटेन इन दिनों चुनौतियों से जूझ रहा है,कर्ज भी बढ़ रहा है

ब्रिटेन सरकार के 2026 के बजट में इसके लिए रूपरेखा पेश की



फाइल फोटो

नौकरी के हिसाब से वेतन सीमा को बढाने की योजना तैयार

इस तरह के होंगे बदलाव

- स्किल वर्कर्स की सैलरी लिमिटः नौकरी के हिसाब से वेतन सीमा को 25वें पर्सेंटाइल पर वापस लाने की योजना है
- एचपीआई वीजा का विस्तारः हाई पोटेंशियल इंडिविजुअल (एचपीआई) वीजा का दायरा बढ़ाया जाएगा
- ग्रेजुएट वीजा जारी रहेगाः विदेशी छात्रों के लिए दो साल का ग्रेजुएट वीजा बरकरार रखा जाएगा
- अधिक रियायती समयः कुछ उच्च कौशल वाले प्रायोजित कर्मचारियों को नौकरी या स्पॉन्सरशिप बदलने की स्थिति में ब्रिटेन में रुकने के लिए अधिक समय देने का प्रस्ताव है।

स्किल वर्कर और अन्य वीजा रूट में बदलाव

बजट में सरकार ने दोहराया है कि उसका जोर कम कौशल वाले कामगारों के इमिग्रेशन को सीमित करने और चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं के लिए रास्ता आसान बनाने पर है। नौकरी के हिसाब से वेतन सीमा को 25वें पर्सेंटाइल पर लाने के साथ सामान्य न्यूनतम वेतन सीमा भी बढ़ाई जाएगी। इससे उन क्षेत्रों की कंपनियों को राहत मिल सकती है, जहां औसत वेतन कम होने के कारण विदेशी पेशेवरों को नौकरी पर रखना और उनके लिए स्पॉन्सरशिप हासिल करना मुश्किल था। एचपीआई वीजा का दायरा भी बढ़ाया जाएगा। यह वीजा दुनिया के चुनिंदा शीर्ष विश्वविद्यालयों से पढ़ाई पूरी करने वाले छात्रों को बिना किसी स्पॉन्सर के ब्रिटेन में काम करने की अनुमति देता है। वहीं, दो साल के ग्रेजुएट वीजा को जारी रखने का फैसला विदेशी छात्रों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। इस वीजा के तहत छात्र पढ़ाई पूरी करने के बाद दो साल तक ब्रिटेन में रहकर बिना स्पॉन्सरशिप के नौकरी कर सकते हैं या रोजगार की तलाश कर सकते हैं।

खबर संक्षेप

राजनाथ सिंह ने वायु सेना प्रमुख से की मुलाकात

नई दिल्ली। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायु सेना के नवनियुक्त वायु सेना प्रमुख



आशुतोष दीक्षित से मुलाकात की। सोशल मीडिया पोस्ट में, रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि वायु सेना प्रमुख आशुतोष दीक्षित एक बेहतरीन वायु योद्धा हैं, जो अपने शानदार नेतृत्व के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि वायु सेना प्रमुख का आगामी कार्यकाल वायु सेना के लिए प्रगति की ओर ले जाएगा। इस बीच सुरक्षा को लेकर चर्चा भी हुई।

नेपाल में फंसे छह भारतीय निकाले गए

काठमांडू। नेपाल के शे-फोक्सुंडो राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में भारी बर्फबारी के कारण फंसे छह भारतीय पर्यटकों को सोमवार सुबह सुरक्षित



निकाल लिया गया। इनमें दो महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। डोल्पा जिला पुलिस के अनुसार, पर्यटकों से एक नवंबर से संपर्क टूट गया था। सोमवार को निजी हेलीकॉप्टर की मदद से उनका रेस्क्यू किया गया। सभी को दुनै स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर है।

दो भारतीय कंपनियां युद्ध स्तर पर निर्माण कार्य करेंगी

मिसाइल-सेंसर से लैस 8 युद्धपोत नौसेना को मिलेंगे, 53,866 करोड़ का अनुबंध

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए 8 नए युद्धपोत बनाने के लिए 53,866.50 करोड़ के समझौते पर साइन किए हैं। ये नेक्स्ट जनरेशन कॉर्वेट यानी नई पीढ़ी के युद्धपोत होंगे। इनमें आधुनिक मिसाइल, हथियार और सेंसर सिस्टम लगाए जाएंगे। इन युद्धपोतों को बनाने की जिम्मेदारी दो भारतीय कंपनियों को दी गई है। इनमें कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) पांच और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) तीन युद्धपोत बनाएगी। सोमवार को नई दिल्ली के कर्तव्य भवन-2 में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में इस समझौते पर साइन किए गए। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इन युद्धपोतों में 70% से ज्यादा सामान भारत में बनाया जाएगा। इनका डिजाइन भी भारतीय नौसेना तैयार करेगी। युद्धपोतों को 2030 तक नौसेना को सौंपने का लक्ष्य रखा गया है। यह प्रोजेक्ट सरकार के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियान का हिस्सा है। इससे देश में युद्धपोत बनाने के काम को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, रक्षा क्षेत्र में दूसरे देशों पर निर्भरता कम करने और भारतीय कंपनियों की भागीदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इन युद्धपोतों के निर्माण से अगले 10 साल में शिपयार्ड में 72 लाख और उनसे जुड़े उद्योगों में 460 लाख काम के दिनों के बराबर रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। इसका मतलब है कि अलग-अलग लोगों को मिलाकर कुल 532 लाख दिनों तक काम मिलेगा। इस परियोजना में सरकारी रक्षा कंपनियों के साथ निजी शिपयार्ड और भारतीय उद्योग भी शामिल होंगे। इससे छोटे और मध्यम कारोबारों को भी काम के अवसर मिलेंगे।

कोलकाता की जीआरएसई 5 और जीएसएल 3 युद्धपोत बनाएगी | भारत में बने सामान और तकनीक का इनके निर्माण में इस्तेमाल होगा

दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों पर नजर रखेंगे


अनुबंध के दौरान लिया गया सामूहिक चित्र

नेक्स्ट जनरेशन कॉर्वेट में आधुनिक मिसाइल, हथियार और सेंसर सिस्टम लगाए जाएंगे। इनकी मदद से नौसेना हवा, समुद्र की सतह और पानी के नीचे से आने वाले खतरों का मुकाबला कर सकेगी। इन जहाजों का इस्तेमाल समुद्री व्यापार के रास्तों की सुरक्षा, दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों के खिलाफ कार्रवाई और तटीय सुरक्षा के लिए किया जाएगा। ये समुद्र के किनारे सैन्य अभियान चलाने और निगरानी रखने में भी मदद करेंगे।

नेक्स्ट जनरेशन कॉर्वेट की खासियतें

- 8 नेक्स्ट जनरेशन कॉर्वेट का वजन करीब 2,000 टन होगा।
- ये 30 नॉट यानी 55.5 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकेंगे।
- इनका स्टील्थ डिजाइन भारतीय नौसेना ने खुद तैयार किया है। इन्हें आधुनिक तकनीक से बनाया जाएगा।
- ये युद्धपोत दुश्मन के जहाजों पर हमला करने, पनडुब्बियों का पता लगाने और हवाई हमलों से बचाव करने में सक्षम होंगे।
- इनका इस्तेमाल तटीय सुरक्षा, समुद्री गश्त, खोज और बचाव अभियान में भी किया जा सकेगा।
- इन्हें हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा।
- इनमें आधुनिक हथियार और सेंसर लगाए जाएंगे।
- इनकी तेज रफ्तार और आसानी से दिशा बदलने की क्षमता नौसेना की ताकत बढ़ाएगी।



ब्रसेल्स में भारत-ईयू बैठक

दिसंबर में होंगे समझौतेः भारत-ईयू एफटीए लागू करने की तैयारियां तेज


बैठक में हुई विस्तृत चर्चा

ब्रसेल्स में वाणिज्य सचिव की यूरोपीय आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लागू करने की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसे लेकर ब्रसेल्स में हुई उच्चस्तरीय बैठकों में दोनों पक्षों ने बाजार तक पहुंच बढ़ाने, कस्टम प्रक्रियाओं को सरल बनाने और सप्लाई चेन सहयोग मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की। समझौते पर दिसंबर 2026 के मध्य तक हस्ताक्षर होने की संभावना है। इसके बाद 2027 के मध्य तक इसे लागू करने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने यूरोपीय आयोग के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा महानिदेशालय की महानिदेशक डिट्टे जूल जोर्गेनसेन, अंतरराष्ट्रीय भागीदारी महानिदेशालय के महानिदेशक कोएन डोएन्स और कराधान एवं कस्टम संघ महानिदेशालय के महानिदेशक गेरासिमोस थॉमस से मुलाकात की।

निर्यात के 99% हिस्से पर शुल्क खत्म होगा

भारत और ईयू ने 27 जनवरी 2026 को 16वें शिखर सम्मेलन में एफटीए वार्ता पूरी होने की घोषणा की थी। समझौते की कानूनी जांच और सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। इसके लागू होने पर ईयू को होने वाले भारतीय निर्यात के 99 प्रतिशत से अधिक हिस्से पर शुल्क समाप्त हो जाएगा। इससे कपड़ा, चमड़ा और आभूषण जैसे श्रम आधारित उद्योगों को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। वहीं, भारत यूरोपीय उत्पादों के 96 प्रतिशत से अधिक हिस्से पर शुल्क कम करेगा। इसमें कारों पर आयात शुल्क को चरणबद्ध तरीके से घटाकर 10 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। यह सालाना 2.5 लाख वाहनों के कोटे के तहत लागू होगा। वाणिज्य सचिव ने एंटवर्प के हीरा उद्योग के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। इसमें प्रमाणन, पारदर्शिता, जिम्मेदार सोर्सिंग और वैश्विक हीरा कारोबार की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

ईरान खुद को हथियारों से कर रहा मजबूत

रूसी एसयू-35 फाइटर जेट से लैस होगा तेहरान, बोला-तो, डील पक्की

जंग के बीच ईरान कई देशों से जुटा रहा हथियार

एसयू-35 फाइटर जेट की डील से ईरान की ताकत बढ़ेगी और सेना का हौंसला

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान ने पहली बार सार्वजनिक तौर पर स्वीकार किया है कि उसने रूस के साथ एसयू-35 फाइटर जेट की डील की है। ईरानी सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद अक्रामिनिया ने एक इंटरव्यू में स्वीकार किया है कि यह डील पूरी हो चुकी है और युद्ध के खत्म होते ही ईरान को एसयू-35 जेट की डिलीवरी भी शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि एसयू-35 डील से ईरान की हवाई क्षमता से बड़ा इजाफा होगा, जो इजराइल और अमेरिका की आक्रामकता का सामना कर रहा है। उन्होंने इंटरव्यू के दौरान कहा कि ईरान के एसयू-35 खरीद का मुद्दा कई साल से उठाया जा रहा है।


अक्रामिनिया

खरीद और कॉन्ट्रैक्ट के लिए जो शुरुआती काम करना था, वो बहुत पहले ही पूरा हो चुका है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि ईरानी पायलटों को एसयू-35 फाइटर जेट उड़ाने की ट्रेनिंग भी मिल चुकी है। इसके अलावा ग्राउंड स्टाफ और मेंटीनेंस टीम को भी एसयू-35 के रखरखाव की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जेट के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप किए जा रहे हैं। मोहम्मद अक्रामिनिया ने बताया कि ईरान को एसयू-35 फाइटर जेट फरवरी में युद्ध के शुरू होने से पहले ही मिलने वाले थे।

उन्होंने कहा कि अगर सबकुछ ठीक रहा तो युद्ध के खत्म होते ही हमें डिलीवरी मिलनी भी शुरू हो जाएगी, जिससे हम अपनी फ्लीट में जबरदस्त इजाफा करेंगे। उन्होंने जेट की खरीद को ईरान की हवाई शक्ति को अपग्रेड करने की कोशिशों का हिस्सा बताया।

व्यापार,नवाचार, शिक्षा पर चर्चा

जयशंकर ने अमेरिका में भारत के महावाणिज्य दूतों से मुलाकात की

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत-अमेरिका संबंधों पर विस्तृत चर्चा के लिए अमेरिका में भारत के महावाणिज्य दूतों से मुलाकात की।


जयशंकर

जयशंकर ने अटलांटा में आठ महावाणिज्य दूतों के साथ बैठक की। बैठक में अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा और विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के. नागराज नायडू भी मौजूद थे जो अमेरिका और कनाडा मामलों के प्रभारी हैं। एक्स पर एक पोस्ट में जयशंकर ने कहा, आज अटलांटा में अमेरिका में तैनात भारतीय महावाणिज्य दूतों के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों पर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री ने बताया कि उन्हें व्यापार, नवाचार, शिक्षा और सामुदायिक जुड़ाव से जुड़ी नयी पहलों और मंचों के बारे में जानकारी दी गई। जयशंकर ने कहा, यह हमारे संबंधों के विस्तार और गहराई को दर्शाता है। मंत्री ने अटलांटा में ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल से भी मुलाकात की। इससे पहले एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत अटलांटा में महावाणिज्य दूतावास परिसर में एक पौधा लगाया।

हादसे से पहले पायलट ने भेजा था मेडे अलर्ट

फ्लोरिडा में बिजनेस जेट क्रैश, सभी 9 लोगों की हुई मौत, 600 लोगों को सुरक्षित निकाला

एजेंसी ▶▶ फ्लोरिडा

अमेरिका के फ्लोरिडा में रविवार को एक बिजनेस जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान में सवार सभी नौ लोगों की मौत हो गई। विमान टेक्सास से बहामास जा रहा था। दुर्घटना से पहले पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को आपात संदेश (मेडे कॉल) भेजकर विमान के तेजी से नीचे गिरने की जानकारी दी थी।

पायलट ने रेडियो पर बताया कि विमान में बर्फ जम रही है और तेज झटके लग रहे हैं। मौसम खराब होने के कारण उसने 2,000 फीट और ऊंचाई पर जाने की अनुमति भी मांगी थी। इसी दौरान विमान का


आग का गोला बना जेट

नियंत्रण बिगड़ गया। पायलट ने बताया कि विमान 10 हजार फीट प्रति मिनट की रफ्तार से नीचे गिर रहा है और जमीन से टकराने वाला है। इसके कुछ ही देर बाद विमान सड़क के पास जमीन से टकरा गया। जोरदार धमाके के साथ वहां बड़ा गड्ढा बन गया और आसपास आग फैल गई। हादसा रिहायशी इलाके में होने के कारण प्रशासन ने एहतियातन करीब 600 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। उनके लिए दो राहत शिविर बनाए गए। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने जांच में मदद के लिए टीम भेजी है, जो राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) के साथ दुर्घटना के कारणों की जांच करेगी।

विमान वर्ष 2004 में बना था और करीब 22 साल पुराना था। हादसे के समय इलाके में भारी बारिश, गरज-चमक और तूफान था। हालांकि, खराब मौसम को दुर्घटना की वजह मानने की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। विमान के बिजली की लाइन से टकराने के प्रत्यक्षदर्शियों के दावों की भी पुष्टि नहीं हुई है।

सह पायलट रखने को तैयार नहीं कंपनियां

हेलिकॉप्टर संचालकों ने चारधाम चार्टर सेवा को रोका, श्रद्धालु फंसे

एजेंसी ▶▶ देहरादून

सह-पायलट नियम को लेकर हेलिकॉप्टर संचालकों द्वारा सोमवार को चारधाम चार्टर सेवा रोक दिए जाने के बीच उनके साथ बातचीत बेनतीजा रहने के बाद गतिरोध समाप्त करने के लिए उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) ने चार नवंबर को एक और बैठक बुलाई है जबकि कई श्रद्धालु अब भी धामों में फंसे हुए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इससे पहले दिन में इस नियम को लेकर हेलिकॉप्टर चार्टर सेवा संचालकों के प्रतिनिधियों, नागर विमानन महानिदेशालय



(डीजीसीए) और यूकाडा के अधिकारियों के बीच बैठक हुई। यूकाडा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि बैठक में सरकार ने चारधाम मार्गों पर चलने वाले चार्टर संचालकों के लिए वार्षिक पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान अगले साल से सह-पायलट नियम को अनिवार्य रूप से लागू करने का प्रस्ताव रखा।

भारत-वियतनाम संबंधों के 55 साल पूरे होने पर होंगे आयोजन

एनएसए डोभाल ने वियतनाम के शीर्ष नेतृत्व से की 'मुलाकात' सुरक्षा सहयोग मजबूत करने पर बनी सहमति,कई मुद्दों पर चर्चा

वियतनाम स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और वियतनाम वर्ष 2027 में राजनयिक संबंधों की स्थापना के 55 वर्ष पूरे होने पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इसे लेकर सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और वियतनाम के विदेश मंत्री एवं कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के पोलित ब्यूरो सदस्य ले होआई टुंग के बीच बैठक हुई।

दोनों नेताओं ने भारत-वियतनाम उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी के अनुरूप इस ऐतिहासिक अवसर को मनाने के तरीकों पर चर्चा की। वियतनाम स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसकी जानकारी दी। दोनों देशों ने मई में वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम की भारत यात्रा के दौरान अपने द्विपक्षीय संबंधों को उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया था। इसके बाद रक्षा, सुरक्षा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की दिशा में प्रयास तेज हुए हैं।

डोभाल ने सोमवार को वियतनाम के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री और वरिष्ठ लेफ्टिनेंट जनरल लुओंग टैम क्वांग से भी मुलाकात की। इस दौरान दोनों पक्षों ने सुरक्षा क्षेत्र में मौजूदा सहयोग की समीक्षा की और इसे और मजबूत बनाने पर चर्चा की। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। भारतीय दूतावास के अनुसार, दोनों देशों का सुरक्षा सहयोग आपसी विश्वास और गहरी सभ्यतागत साझेदारी पर आधारित है।

रविवार को राजधानी हनोई पहुंचे थे डोभाल



एनएसए डोभाल ने वियतनाम के उपप्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री जनरल फान वान जियांग से भी मुलाकात की। बैठक में दोनों देशों के बीच जारी रक्षा सहयोग की स्थिति की समीक्षा की गई और इस क्षेत्र में गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी। डोभाल रविवार को आधिकारिक यात्रा पर वियतनाम की राजधानी हनोई पहुंचे थे। यात्रा के दौरान वह वियतनाम के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठकें कर रहे हैं। इनका उद्देश्य दोनों देशों के बीच उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत रक्षा, सुरक्षा और द्विपक्षीय सहयोग को नई गति देना है।

पटनीटॉप में ईडी ने 41.38 करोड़ की संपत्ति जब्त

जम्मू । जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पटनीटॉप में होटल भूमि अतिक्रमण मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत करीब 10.66 करोड़ की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया है। इनमें पटनीटॉप स्थित होटल हॉलिडे इन, होटल ब्रॉडवे, होटल हॉलीवुड और होटल माउंटव्यू की जमीन और इमारतें शामिल हैं। इस मामले में वर्ष 2025 में भी दो अलग-अलग आदेश जारी कर करीब 30.72 करोड़ की संपत्तियां अटैच की गई थीं। इस कार्रवाई के बाद मामले में अब तक अटैच की गई संपत्तियों का कुल मूल्य बढ़कर करीब 41.38 करोड़ हो गया है।

शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की समीक्षा के साथशाखा विस्तार विचार-विमर्श

आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक इंदौर में शुरू, 400 प्रतिनिधि हो रहे सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की तीन दिवसीय बैठक सोमवार से इंदौर स्थित डेली कॉलेज के संत श्री रविदास जी महाराज सभागार में शुरू हो गई है। इस बैठक का शुभारंभ संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत एवं सरकार्यवाह हदत्तात्रेय होसबाले ने किया।

बैठक में देशभर से लगभग 400 प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। बैठक 4 नवंबर की सायंकाल तक चलेगी। इसमें संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत विजयादशमी 2025 से विजयादशमी 2026 तक आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी। इन कार्यक्रमों के आगामी क्रियान्वयन, अनुवर्तन तथा उनके माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचने के विषय में विचार-विमर्श होगा। विशेष रूप से पंच परिवर्तन के विषयों को समाज के व्यवहार में प्रभावी रूप से उतारने तथा उनके निरंतर अनुवर्तन की कार्ययोजना पर चर्चा होगी। शताब्दी वर्ष में स्वयंसेवकों द्वारा किए गए शाखा विस्तार की भी समीक्षा की जाएगी। विस्तारित शाखाओं को अधिक प्रभावी एवं नियमित बनाने, उनका दृढ़ीकरण करने तथा अधिकाधिक स्थानों पर शाखाएं प्रारंभ करने के संबंध में भी विचार-विमर्श होगा।



आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक इंदौर में आरंभ।

बैठक में 46 प्रांतों के प्रांत संघचालक शामिल

सरसंघचालक, सरकार्यवाह, सभी सह सरकार्यवाह, अखिल भारतीय पदाधिकारी, संघ के सभी 11 क्षेत्रों के क्षेत्र संघचालक, क्षेत्र कार्यवाह एवं क्षेत्र प्रचारक तथा सभी 46 प्रांतों के प्रांत संघचालक, प्रांत कार्यवाह, प्रांत प्रचारक एवं उनके सहयोगी कार्यकर्ता शामिल हैं। इसके साथ ही संघ प्रेरित कुछ विविध संगठनों के अखिल भारतीय संगठन मंत्री एवं सह संगठन मंत्री भी बैठक में शामिल हो रहे हैं।

तीन प्रमुख व्यक्तित्वों पर सरकार्यवाह के वक्तव्य

बैठक में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की ओर से तीन महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्वों के संबंध में वक्तव्य जारी किए जाएंगे। जिसमें राजनारायण बोस, स्वामी श्रद्धानंद, वेदांत केसरी स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती शामिल हैं।

प्रमुख हस्तियों को दी श्रद्धांजलि

बैठक के प्रारम्भ में सरकार्यवाह ने गत कुछ माह में दिवंगत हुए समाज की प्रमुख हस्तियों और कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनमें प्रमुख हैं फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर, आशा भोंसले, पूज्य संत पद्मश्री रमेश बाबा, विवेकानंद केन्द्र के पूर्व अध्यक्ष बालकृष्णन, बलवीर पुंज, एस. वेदांतम - चेन्नई, पत्रकार विराग पाचपोर, पराग वेदिक-मुंबई, भूतपूर्व कुलपति देवेंद्र प्रताप सिंह एवं सच्चिदानन्द महंती, प्रसिद्ध गायिका एस. जानकी एवं सुमन कल्याणपुरीकर, संघ के वरिष्ठ प्रचारक रहे विनोद कुमार आदि।

संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर प्रदर्शन

बैठक स्थल पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा तथा मालवा क्षेत्र में संघ कार्य के क्रमिक विकास को दर्शाने वाली विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

किसानों की सुविधा के लिए धान उपार्जन पंजीयन की तिथि 4 नवंबर तक बढ़ाई



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र सरकार किसानों के कल्याण, उनकी आय में वृद्धि और कृषि क्षेत्र को अधिक लाभकारी बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने, कृषि विविधीकरण को प्रोत्साहित करने तथा कृषि उत्पादों का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए सरकार की ओर से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। हमने किसानों से जो वादा किया था, उसे पूरा भी किया। इन दिनों प्रदेश में किसानों को खेती-किसानी के कामों के लिए दिन में 10 घंटे बिजली दी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय से सिवनी जिले की सिमरिया मंडी प्रांगण में हुए बलराम कृषि महोत्सव को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि रबी फसलों की सिंचाई के लिए दिन के समय 10 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति से किसानों को रात में सिंचाई की मजबूरी से राहत मिलेगी। उन्होंने धान उपार्जन का उल्लेख करते हुए कहा कि किसानों की सुविधा और अधिकाधिक पात्र किसानों को समर्थन मूल्य पर उपज विक्रय का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से धान उपार्जन के पंजीयन की अंतिम तिथि 4 नवंबर तक बढ़ाई गई है। कोई भी पात्र किसान पंजीयन से वंचित न रहे, इस दिशा में आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सीएम ने कहा कि जिले का जीराशंकर चावल अपनी विशिष्ट सुगंध और स्वाद के कारण अलग पहचान रखता है।

वाहन उपलब्ध कराने वाला आरोपी भी गिरफ्तार, टिमरनी से गुजरात ले जाई जा रही थी अवैध शराब

देवास की घटना का मुख्य आरोपी राहुल जायसवाल निकला अवैध शराब का तस्कर और मास्टर माइंड, पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

देवास जिले के खातेगांव में अवैध शराब के वाहन को रोकने के दौरान थाना प्रभारी दिलीप पुरी के निधन की घटना के बाद पुलिस की विभिन्न टीमों ने दबिश देकर अवैध शराब से भरे वाहन को पकड़ लिया है। इस घटना की एफआईआर थाना खातेगांव में आबकारी एक्ट के तहत दर्ज की गई है। अवैध शराब के नेटवर्क के मुख्य सरगना राहुल जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। वाहन चालक गजेन्द्र उर्फ अक्कू रावत निवासी अलीराजपुर है, जिसे वाहन केरम सिंह चांगोड़ निवासी अलीराजपुर ने उपलब्ध करवाया था। केरम सिंह को अभिरक्षा में लिया गया है। जांच में खुलासा हुआ कि यह अवैध शराब टिमरनी से गुजरात ले जाई जा रही थी। पिछले 2 नवंबर की रात को सूचना मिलने पर कि अवैध शराब की बड़ी मात्रा एक आयशर गाड़ी क्र. एमपी-43 एच 4786 से टिमरनी जिला हरदा से गुजरात ले जाई जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कन्नौद के निर्देशन में गठित चार टीमों द्वारा नाकाबंदी के दौरान अवैध शराब से भरी आयशर गाड़ी सांडलपुर फाटा नर्मदा ढाबा के सामने खड़ी दिखाई दी। थाना प्रभारी खातेगांव निरीक्षक दिलीप पुरी के द्वारा ड्राइवर को वाहन से नीचे उतरकर वाहन की तलाशी देने कहा गया, तब उक्त आयशर वाहन के ड्राइवर ने थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप पुरी को जान से मारने की नीयत से अपनी गाड़ी निरीक्षक दिलीप पुरी के ऊपर चढ़ा कर अवैध शराब से भरी गाड़ी लेकर वहां से भाग गया। उपचार के दौरान निरीक्षक दिलीप पुरी का दुखद निधन हो गया।

शहीद टीआई दिलीप पुरी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

देवास के खातेगांव में शराब माफिया के खिलाफ कार्रवाई के दौरान शहीद हुए थाना प्रभारी दिलीप



पुरी का अंतिम संस्कार सोमवार दोपहर उनके पैतृक गांव बरमण्डल में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। शहीद टीआई को अंतिम विदाई देने के लिए प्रशासन के आला अधिकारी भी बरमण्डल पहुंचे। इंदौर जोन (ग्रामीण) के आईजी अनुराग, धार कलेक्टर राजीव रंजन मीणा, पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा सहित जिले के सभी एसडीओपी, थाना प्रभारी और प्रशासनिक अधिकारी दिवंगत दिलीप पुरी के घर मौजूद रहे। शहीद पुरी को राजकीय सम्मान से तिरंगा ओढ़ाकर सम्मान दिया गया। श्मशान घाट पर पुलिस की विशेष टुकड़ी ने शस्त्र झुकाकर गॉड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार (समाधि) किया गया। इस दौरान पुलिस के जवानों ने हवा में फायर कर शहीद को सलामी दी। अंतिम यात्रा में अधिकारियों ने कंधा भी दिया। प्रदेश सरकार की ओर से राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त शिवाजी पाटिल पुरी को श्रद्धांजलि देने शमशान भूमि पहुंचे।

चंदना शराब कांड में कांग्रेस प्रवक्ता आनंद कासलीवाल गिरफ्तार

चंदाना जहरीली शराब कांड में कोतवाली पुलिस ने कांग्रेस प्रवक्ता आनंद कासलीवाल को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस पहले ही उनके बेटे अमन कासलीवाल को केमिकल सप्लाय के आरोप में गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया था। पुलिस के अनुसार, जांच और अन्य आरोपितों से पूछताछ के बाद आनंद कासलीवाल की भूमिका सामने आने पर यह कार्रवाई की गई है।कोतवाली टीआई शशिकांत चौरसिया ने बताया कि अमन के ऑफिस और गोदाम से संचालित कारोबार की देखरेख आनंद कासलीवाल करते थे। पुलिस ने मामले में एक रजिस्टर भी जब्त किया है, जिसमें स्टॉक संबंधी जानकारी दर्ज होने की बात सामने आई है। पुलिस इन दस्तावेजों के आधार पर भी जांच कर रही है। बताया गया कि जेल भेजने के आदेश के बाद आनंद कासलीवाल का रक्तचाप अचानक बढ़ गया। इसके चलते पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया।



शराब कारोबार में कांग्रेस नेताओं के नाम बार-बार आना संयोग नहीं: सारंग

भोपाल। कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग ने अवैध शराब प्रकरण को दुःखद एवं गंभीर बताते कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मामले के तार कांग्रेस से जुड़ते दिखाई दे रहे हैं। टिमरनी की जिस शराब दुकान से इस मामले के तार जुड़े हैं, उसमें राहुल जायसवाल और उनके भाई मनीष पार्टनर हैं। दुकान मैनेजर भूपेंद्र राणा ने पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारियां दी हैं। राहुल कांग्रेस के खातेगांव विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी हैं और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के करीबी माने जाते हैं। पटवारी बताएं कि शराब तस्करी में बार-बार कांग्रेस नेताओं के नाम ही सामने क्यों आ रहे हैं। शराब कारोबार में कांग्रेस नेताओं के नाम बार-बार आना एक संयोग नहीं, बल्कि संरक्षण के गंभीर संकेत हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने थाना प्रभारी दिलीप पुरी के शहीद होने पर जताया शोक

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने देवास के खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी के कर्तव्य निर्वहन के दौरान अप्रिय घटना में शहीद होने पर शोक व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेवाल ने कहा कि इस कठिन घड़ी में मध्यप्रदेश भाजपा सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

शराब माफिया के खिलाफ जांच, सख्त कार्रवाई की मांग

खातेगांव टीआई की हत्या पर गरमाई सियासत, शिवराज ने जताया शोक, कांग्रेस का तीखा हमला

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश के देवास जिले के खातेगांव में अवैध शराब की तस्करी रोकते समय थाना प्रभारी (टीआई) दिलीप पुरी की ट्रक से कुचलकर हुई दर्दनाक मौत के बाद प्रदेश का सियासी पारा चढ़ गया है। इस दुखद घटना पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए जांबाज पुलिस अधिकारी को श्रद्धांजलि दी, वहीं कांग्रेस ने राज्य सरकार की कानून-व्यवस्था और कथित शराब माफियाओं के बढ़ते हौसलों को लेकर तीखा हमला बोला है।

असामाजिक तत्व या माफिया को बख्शा नहीं जाएगा: शिवराज

केंद्रीय कृषि मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कर्तव्य पथ पर अपने प्राण न्योछावर करने वाले टीआई दिलीप पुरी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में कानून का राज सर्वोपरि है और किसी भी असामाजिक तत्व या माफिया को बख्शा नहीं जाएगा।

यह बोले कांग्रेस नेता

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस घटना को लेकर कहा कि यह घटना राज्य की लचर कानून-व्यवस्था और गृह विभाग की विफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने आरोप लगाया कि वल्लभ भवन के संरक्षण में अवैध शराब का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी घटना पर कहा कि खातेगांव में शराब माफिया द्वारा टीआई दिलीप पुरी को कुचलना प्रदेश की कानून-व्यवस्था की खुली हत्या है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आज मध्य प्रदेश की पहचान शराब, ड्रग्स, भू और रेत माफिया से बन चुकी है। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने प्रदेश सरकार की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधियों और माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब वे खाकी पर भी हमला करने से नहीं हिचक रहे।

जैन इरिगेशन सिस्टम्स ने आधुनिक उद्यानिकी एवं कृषि तकनीकों एवं उत्पादों का किया प्रदर्शन

मुख्यमंत्री ने लहसुन कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग की सराहना की

मुख्यमंत्री ने स्थापना दिवस प्रदर्शनी में आधुनिक तकनीकों का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को भोपाल में आयोजित तीन दिवसीय उद्यानिकी एवं कृषि प्रदर्शनी में जैन इरिगेशन सिस्टम्स लिमिटेड ने आधुनिक उद्यानिकी एवं कृषि तकनीकों एवं उत्पादों का प्रदर्शन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्टॉल पर ऑटोमेशन, ड्रिप इरिगेशन, पीवीसी उत्पाद, हाईटेक टिश्यू कल्चर पौधे तथा विभिन्न



बागवानी फसलों की उन्नत पौध प्रदर्शित सामग्री का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विशेष रूप से लहसुन कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग, टिश्यू कल्चर केले, आम एवं मौसंबी की उन्नत पौध सामग्री तथा हरदा-नर्मदापुरम क्षेत्र में बागवानी विस्तार की योजनाओं से अवगत कराया गया। मुख्यमंत्री ने लहसुन कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग की सराहना की। इससे किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों का लाभ पहुंचाने में मदद मिलेगी। कंपनी के स्टेट हेड वीवी डांगरिकर ने अतिथियों को मध्य प्रदेश में कंपनी की ओर से किए जा रहे कृषि एवं उद्यानिकी विकास कार्यों की जानकारी दी।

सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा विधायक भगवानदास सबनानी के निर्वाचन के विरुद्ध खारिज की याचिका

ईवीएम की बैटरी के स्तर के अनुमान पर आधारित था आरोप

पीसी शर्मा पहले जनता से हारे, फिर हाई कोर्ट से और अब सुप्रीम कोर्ट से भी हारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सर्वोच्च न्यायालय ने 152-भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी पीसी शर्मा (प्रकाश मांगीलाल शर्मा) द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका (सिविल) क्रमांक 12201/2026 को खारिज कर दिया है। यह याचिका मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के उस निर्णय के विरुद्ध दायर की गई थी, जिसके द्वारा भगवानदास सबनानी के निर्वाचन को चुनौती देने वाली उनकी चुनाव याचिका खारिज कर दी गई थी। न्यायमूर्तिगण की पीठ ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को सुनने के पश्चात याचिका खारिज की। इस आदेश के साथ श्री सबनानी के निर्वाचन को दी गई चुनौती समाप्त हो गई है और उच्च न्यायालय का निर्णय अंतिम हो गया है। गौरतलब है कि सबनानी 3 दिसंबर 2023 को इस क्षेत्र से निर्वाचित घोषित हुए थे। उन्हें 76,689 मत प्राप्त हुए थे, जबकि शर्मा को 60,856 मत मिले थे, और इस प्रकार जीत का अंतर 15,833 मतों का रहा। इसके पश्चात शर्मा ने जबलपुर स्थित उच्च न्यायालय में चुनाव याचिका क्रमांक 15/2024 दायर कर यह आरोप लगाया कि राज्य तंत्र की मिलीभगत से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में हेरफेर किया गया। यह आरोप केवल मतगणना के समय ईवीएम की बैटरी के स्तर से निकाले गए अनुमान पर आधारित था, जिसके अनुसार अधिकांश मशीनों में बैटरी 99 प्रतिशत और कुछ मशीनों में 80 प्रतिशत से कम दर्शाई गई थी। याचिकाकर्ता पी.सी. शर्मा की ओर से विवेक तन्खा, वरिष्ठ अधिवक्ता ने पैरवी की। वहीं प्रत्यर्थी भगवानदास सबनानी की ओर से महेश जेठमलानी, एवं कनु अग्रवाल थे।


भगवानदास सबनानी

भारत के गौरवशाली अतीत से परिचय कराना वीर भारत न्यास का उद्देश्य

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई वीर भारत न्यास कार्यसमिति की बैठक

मप्र में स्थापित होगी वीर भारत फैलोशिप, बैतूल में स्थापित होगा आरण्यक युगयुगीन जनजातीय संग्रहालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्राचीनतम से आधुनिक इतिहास के मुख्य आयामों और भारत का राष्ट्र स्वरूप स्थापित करने में अपना योगदान देने वाले चिंतकों, कलाकारों, वैज्ञानिकों से जुड़ी गतिविधियों और देश-प्रदेश की संस्कृति पर कार्य के लिए 'वीर भारत' फैलोशिप प्रदान की जाएगी। प्रतिवर्ष दो फैलोशिप प्रदान की जाएंगी, फैलोशिप की राशि 12 लाख प्रति अध्येता होगी, यह फैलोशिप एक वर्ष की अवधि के लिए दी जाएगी। बैतूल में केन्द्र सरकार के सहयोग से आरण्यक युगयुगीन जनजातीय संग्रहालय स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस आश्रय के प्रस्ताव को वीर भारत न्यास की कार्यकारी समिति की बैठक में अनुमोदित किया। बैतूल स्थित संग्रहालय में जनजातीय इतिहास गैलरी, जनजातीय स्वाधीनता आंदोलन, जनजातीय शोध केन्द्र और डिजीटल रिपॉजिटरी स्थापित होंगी। इस बैठक में भारतीय इतिहास, संस्कृति और वैभवपूर्ण विरासत को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से उज्जैन कोठी महल में स्थापित हो रहे वीर भारत संग्रहालय के निर्माण को भी स्वीकृति दी गई। मंत्रालय में हुई इस बैठक में संस्कृति राज्य मंत्री धर्मेन्द्र भावसिंह लोधी वर्चुअली शामिल हुए।



2024 से जारी हैं वीर भारत न्यास की सृजनात्मक गतिविधियां

बैठक में बताया गया कि न्यास की ओर से वर्ष 2024 से निरंतर सांस्कृतिक, सामाजिक, साहित्य, आध्यात्मिक और राष्ट्रीय चेतना से संबंधित गतिविधियां आयोजित की गई। भोपाल में सदानीरा समागम, महाभारत समागम तथा उज्जैन में श्री महाकालेश्वर महोत्सव आयोजित किए गए। बैठक में न्यास की ओर से संचालित फिल्म समारोह, सांगीतिक प्रस्तुतियों और सोशल मीडिया संबंधित गतिविधियों की जानकारी भी दी गई। बैठक में मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, मनीष रस्तोगी, शिवशेखर शुक्ला तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

भारत की आंतरिक शक्ति से विश्व का परिचय कराना आवश्यक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केवल युद्धों और योद्धाओं की कथा मात्र नहीं अपितु भारत की आंतरिक शक्ति, उसके सोचने-एकजुट होने-प्रश्न करने, रक्षा और त्याग करने तथा सृजन के सामर्थ्य से विश्व को अवगत कराना आवश्यक है। उज्जैन में स्थापित होने वाला वीर भारत संग्राहलय इस केन्द्रीय भाव को प्रतिपादित करेगा कि भारत के इतिहास में वीरता का अर्थ कभी केवल युद्ध के साहस तक सीमित नहीं रहा। संग्रहालय, योद्धा के साथ-साथ ऋषि, शिक्षक, गणितज्ञ, समाज सुधारक, विधि निर्माता और तीर्थ यात्रियों को भी प्रदर्शित करेगा। भारत के गौरवशाली और पराक्रमी अतीत से जनसामान्य का परिचय कराना वीर भारत न्यास का उद्देश्य है।

उप पुलिस अधीक्षकों का दीक्षांत समारोह मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में आज

हरिभूमि न्यूज. भोपाल

मप्र पुलिस अकादमी भौंरी भोपाल स्थित परेड ग्राउण्ड में 3 नवंबर को सुबह 9.30 बजे 44 वें एवं 45 वें बैच के उप पुलिस अधीक्षकों का दीक्षांत समारोह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। इन दोनों बैचों में जिला बल के 37, रेडियो संवर्ग के 09 तथा जिला सेनानी, होमगार्ड के 02 अधिकारी सहित कुल 48 अधिकारी शामिल हैं। इनमें 20 महिला अधिकारी एवं 28 पुरूष अधिकारी प्रशिक्षण पूर्ण होकर प्रदेश की सेवा के लिए उपलब्ध हो जाएंगे। समारोह में मुख्य अतिथि परेड की सलामी लेंगे तथा परेड का निरीक्षण करेंगे। मुख्य अतिथि की ओं से बैच के विजेता अधिकारियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विजेता अधिकारियों को करेंगे सम्मानित, प्रदेश को मिलेंगे 48 उप पुलिस अधीक्षक

ऑल सोल्स डे: आर्चबिशप दुरईराज ने दिया अनंत जीवन और पुनरुत्थान का संदेश

दिवंगतों की याद में कब्रिस्तानों में जले आस्था के दीप


दिवंगत परिजनों को याद करने कब्रिस्तान पहुंचे लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दिवंगत प्रियजनों की याद, श्रद्धा और प्रार्थना के बीच सोमवार को ईसाई समुदाय ने ऑल सोल्स डे मनाया। इस अवसर पर भदभदा और लालघाटी स्थित कैथोलिक कब्रिस्तानों में विशेष सामूहिक प्रार्थना सभा और मिस्सा पूजा आयोजित की गई।

आर्चबिशप डॉ. दुरईराज एसवीडी, वीजी फादर ईश्वरदास मिंज और अन्य पुरोहितों ने प्रार्थना का नेतृत्व किया। इसमें बड़ी संख्या में ईसाई धर्मावलंबी शामिल हुए। इस दिन श्रद्धालु अपने दिवंगत परिजनों और प्रियजनों को याद करने कब्रिस्तानों पहुंचे।



दिवंगतों की आत्माओं की शांति के लिए की प्रेयर

उन्होंने अपनों की कब्रों को फूलों और मालाओं से सजाया तथा मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। लोगों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके साथ बिताए पलों को याद किया। दोनों कब्रिस्तानों में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा।

मृत्यु के बाद अनंत जीवन की है विश्वास में आशा

आर्चबिशप डॉ. दुरईराज ने अपने संदेश में कहा कि ऑल सोल्स डे पर हम अपने दिवंगत प्रियजनों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। बाइबिल का संदेश हमें येसु के पुनरुत्थान और अनंत जीवन की प्रतिज्ञा पर विश्वास रखने की प्रेरणा देता है। येसु ने अपने पुनरुत्थान के माध्यम से मृत्यु पर विजय प्राप्त की है और यही ईसाई विश्वास का मूल आधार है। जनसंपर्क अधिकारी फादर अल्फ्रेड डिसूजा ने कहा कि ऑल सोल्स डे दिवंगत आत्माओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने और उन्हें स्मरण करने का दिन है।

माता मंदिर चौराहे पर देर तक लगा रहा जाम...



भोपाल। दिवाली का त्योहार नजदीक है। ऐसे में बाजारों में भीड़ जुटने लगी है तो वहीं बाजार तक पहुंचने के रास्तों पर भी जाम के हालात बनने लगे हैं। माता मंदिर चौराहे पर शाम 7 बजे के आसपास सैकड़ों वाहन जाम में फंसे नजर आए। इससे लोग काफी देर तक परेशान होते रहे।

खबर संक्षेप

नंदनी त्रिपाठी को रसायन शास्त्र में पीएचडी की उपाधि

भोपाल। श्रमोदय आवासीय विद्यालय, भोपाल में विज्ञान शिक्षिका नंदनी त्रिपाठी को



मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी, सीहोर द्वारा रसायन शास्त्र में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उनके शोध का विषय 'ए पर्सपिटाइव स्टडी ऑफ फाइटोकेमिकल एंड फार्मोकोलॉजिकल कैरेक्टराइजेशन ऑफ सिलेक्टडेट मेडिशनल प्लांट्स फॉर एंटी इंफ्लामेट्री एंड एंटी ऑर्थेरिक एक्टिविटी' है। इस शोध कार्य में उनके गाइड डॉ. दीपक चौहान और को-गाइड डॉ. एकता पांडे रहे, जिनके मार्गदर्शन में उन्होंने अपना शोध कार्य किया। त्रिपाठी वर्ष 2001 से शिक्षण क्षेत्र में सक्रिय हैं।

सोनी समाज स्वाभिमान समिति का दिवाली मिलन 22 नवंबर को

भोपाल। सोनी समाज स्वाभिमान समिति (मध्यप्रदेश) की बैठक गत दिवस एमपी नगर स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। बैठक में समिति अध्यक्ष गोपाल मालवीय सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश सोनी सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में समिति की आगामी गतिविधियों, समाज की एकजुटता, स्वाभिमान एवं सामाजिक उत्थान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही समिति की भावी कार्ययोजना तैयार करने तथा समाज के लोगों को एक मंच पर जोड़ने के उद्देश्य से दीपावली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। विस्तृत चर्चा के पश्चात दीपावली मिलन समारोह 22 नवंबर, रविवार को आयोजित करने पर सहमति बनी। समारोह को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों और आयोजन की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक के अंत में आशीष सोनी (बीएचईएल) ने उपस्थित सभी समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया तथा समाज की एकता और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी से सक्रिय सहयोग की अपील की।

दुर्गा विसर्जन के बाद घाटों की सफाई के दावों की जमीनी हकीकत आई सामने

करोड़ों खर्च के दावे बेअसर! छोटे तालाब में फिर मरीं सैकड़ों मछलियां

नगर निगम की सफाई व्यवस्था की खुली पोल

> गंदे पानी में दम तोड़ रहीं मछलियां, झील संरक्षण के अभियान पर उठे सवाल, जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही अब भी तय नहीं, सोमवार को एक बार फिर सैकड़ों मछलियां मृत अवस्था में मिलीं.....

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी की ऐतिहासिक झीलों को बचाने और स्वच्छ रखने के नाम पर नगर निगम करोड़ों रुपये खर्च करने के दावे करता है, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। छोटे तालाब में सोमवार को एक बार फिर सैकड़ों मछलियां मृत अवस्था में मिलीं। तालाब के गंदे पानी में मछलियों की मौत ने नगर निगम की सफाई व्यवस्था और झील संरक्षण अभियान की प्रभावशीलता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब दुर्गा विसर्जन के बाद नगर निगम घाटों की सफाई और तालाबों को स्वच्छ रखने के दावे कर रहा था, तो फिर छोटे तालाब की यह बदहाल स्थिति कैसे बनी रही, क्या निगम के सफाई अभियान सिर्फ कागजों और प्रचार तक सीमित हैं। अगर तालाब की नियमित निगरानी हो रही थी, तो पानी की गुणवत्ता इतनी खराब कैसे हुई कि सैकड़ों मछलियों मर गई।



करोड़ों का बजट, फिर भी तालाब में गंदगी

नगर निगम की ओर से समय-समय पर झीलों की सफाई और संरक्षण के लिए अभियान चलाए जाते हैं और करोड़ों रुपये खर्च करने की खबरें भी सामने आती हैं, लेकिन छोटे तालाब की स्थिति इन प्रयासों पर सवालिया निशान लगा रही है। तालाब में गंदगी और मछलियों की मौत बताती है कि केवल सफाई के दावे करने से जलस्त्रोतों की हालत नहीं सुधरने वाली। पानी में प्रदूषण के स्त्रोतों पर नियंत्रण और नियमित जांच भी मजाक बनकर रह गई है।

नए आयुक्त की प्राथमिकता भी जमीन पर बेअसर

नए नगर निगम आयुक्त ने पदभार संभालने के बाद तालाबों की सफाई और झीलों का संरक्षण प्राथमिकताओं में शामिल किया था। इसके बावजूद छोटे तालाब की स्थिति में सामने आई यह घटना बताती है कि घोषणाओं और जमीनी कार्रवाई के बीच बड़ी खाई है। नालों का गंदा पानी रोकने और जल गुणवत्ता की निगरानी को लेकर ठोस कदम सिर्फ फाईलों तक सीमित है। अधीक्षण यंत्री प्रोजेक्ट झील संरक्षण, संतोष गुप्ता ने कहा कि इसकी जांच तत्परता से कराई जाएगी।

बेंच को दी तकनीकी कार्यों की जानकारी

केरवा और कलियासोत डैम की ग्राउंड ट्रूथिंग के मामले पर एनजीटी में सुनवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में जल स्त्रातों की असली सीमाओं की ग्राउंड ट्रूथिंग के मामले में सोमवार को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य पाल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की ओर से अधिवक्ता पारुल भदौरिया ने बेंच के सामने समिति की रिपोर्ट के साथ एक आवेदन प्रस्तुत किया है। इसमें बताया गया है कि जिला मजिस्ट्रेट ने भूमि/ स्थलाकृतिक सर्वेक्षण के लिए जीआईएस और कैडस्ट्रल मैपिंग, जियो-रेफरेंसिंग आदि के लिए जियोलिंक सर्वे को नियुक्त किया है।

प्रारंभिक फील्ड सत्यापन और ग्राउंड ट्रूथिंग पूरी होने के बाद रिपोर्ट सौंप दी गई है। समिति ने कलियासोत और केरवा डैम के संबंध में तकनीकी कार्य पूरा कर लिया है। इसमें प्रमुख रूप से कई बिंदुओं को शामिल किया गया है। इनमें ग्राउंड-ट्रूथिंग और जियो-टैगिंग, कालियासोत डैम का ड्रोन सर्वे और केरवा डैम की टोपोग्राफी पर आधारित सर्वेशामिल है।

अलग-अलग पेन ड्राइव तैयार करने की बात कही

नगर निगम भोपाल और पीसीबी की ओर अधिवक्ता ने बेंच को सुझाव दिया जिसमें संबंधित एजेंसी को रिकार्ड के चार अलग-अलग पेन ड्राइव तैयार करने की बात कही है। यह पेन ड्राइव सदस्य सचिव, राज्य आद्रभूमि प्राधिकरण, आयुक्त, भोपाल नगर निगम, कलेक्टर, भोपाल और सदस्य सचिव, राज्य पीसीबी को सौंपा जाना चाहिए। इन पेन ड्राइव को हमेशा सुरक्षित रखा जाना चाहिए और जरूरत पड़ने पर इनका इस्तेमाल किया जाएगा। संबंधित एजेंसी द्वारा जमा किए गए नक्शों, तस्वीरों और तकनीकी सामग्रियों की हार्डकॉपी (डिजिटल मीडिया रिपोर्ट के साथ) ऊपर बताई गई सभी एजेंसियों और आवेदक (पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. सुभाष सी. पांडे) को उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

कलियासोत बांध की एक रिपोर्ट अभी लंबित

बेंच को बताया है कि कालियासोत बांध से संबंधित एक रिपोर्ट अभी लंबित है। इसे जल्द से जल्द अंतिम रूप देकर जमा किया जाना चाहिए। प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता ने यह मुद्दा उठाया है कि वेबसाइट पर प्रतिवादी संख्या 19-26 के नाम अपडेट नहीं किए गए हैं, जिस कारण संबंधित पक्ष अपना जवाब अपलोड नहीं कर पा रहे हैं। इस मामले में अगली सुनवाई 7 जनवरी 2027 को होगी।

मप्र, राजस्थान और छग के सीएस को निर्देश

बेंच ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ राज्यों के मुख्य सचिवों को निर्देश हुए कहा कि वे आद्रभूमियों (वेटलैंड्स) के विनियमन से जुड़े मामलों में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों के साथ-साथ बताई गई गाइडलाइंस का भी नियमों के अनुसार पालन सुनिश्चित करें। स्टेट वेटलैंड अथॉरिटी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाता है कि राज्य के विभिन्न विभागों (जो आद्रभूमियों के संरक्षक हैं) से प्रस्ताव प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू की जाए, नियमों के अनुसार ड्राफ्ट नोटिफिकेशन को समय-सीमा में अंतिम रूप दिया जाए और तीन महीने के भीतर रिपोर्ट जमा की जाए। बेंच ने कहा कि पीसीबी की ओर से अधिवक्ता ने आरटीआई जैसी जानकारी जारी करने के लिए अंतिम अधिकार के संबंध में सवाल उठाया है। इसलिए रिकॉर्ड के मुख्य संरक्षक स्टेट वेटलैंड अथॉरिटी के सदस्य सचिव होंगे। यदि कोई बाहरी व्यक्ति, नागरिक या प्राधिकरण किसी प्रमाणित प्रति के लिए जानकारी मांगता है, तो वह केवल राज्य वेटलैंड प्राधिकरण द्वारा ही जारी की जाएगी।

स्टेट कोटे का कार्यक्रम जारी

आयुष कॉलेजों की खाली सीटों पर दस्तावेज सत्यापन कल से

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश संचालनालय आयुष द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीएएमएस, बीएचएमएस एवं बीयूएमएस करने के लिए पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए स्ट्रे वैकेंसी राउंड-वन (स्टेट कोटे) का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके तहत पात्र नीट यूजी-2026 अभ्यर्थी 3 से 5 नवंबर तक ऑनलाइन पंजीयन कर सकेंगे। दस्तावेज सत्यापन 4 से 6 नवंबर, मेरिट सूची 7 नवंबर तथा चॉइस फिलिंग 8 से 11 नवंबर तक होगी। महाविद्यालयवार मेरिट सूची 14 नवंबर को जारी होगी। अभ्यर्थियों की रिपोर्टिंग 16 एवं 17 नवंबर को तथा अस्थायी प्रवेश 18 नवंबर को होगा। इस संबंध में डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष, छात्र संघ, नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन एवं भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री, चिकित्सा प्रकोष्ठ ने कहा कि स्ट्रे वैकेंसी राउंड आयुष चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश से वंचित पात्र विद्यार्थियों के लिए यह महत्वपूर्ण अवसर है।

इससे रिक्त सीटों का सदुपयोग होगा और अधिक विद्यार्थियों को आयुष शिक्षा से जुड़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने अभ्यर्थियों से निर्धारित समय-सीमा में रजिस्ट्रेशन, दस्तावेज सत्यापन और चॉइस फिलिंग पूरी करने तथा आधिकारिक दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा है।

संगठन के राष्ट्रीय सचिव ने की राष्ट्रपति से मुलाकात

ऑल इंडिया बैंक रिटायरीज फेडरेशन का इंदौर में राष्ट्रीय सम्मेलन, राज्यपाल करेंगे उद्घाटन

संगठन के पदाधिकारियों बैंक सेवानिवृत्त कर्मचारियों में हर्ष का वातावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ऑल इंडिया बैंक रिटायरीज फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने संगठन के राष्ट्रीय महासचिव एससी जैन के नेतृत्व में राज्यपाल मंगू भाई पटेल से राजभवन में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राज्यपाल को जानकारी दी कि ऑल इंडिया बैंक रिटायरीज फेडरेशन का आगामी सातवां राष्ट्रीय सम्मेलन इंदौर में आयोजित होने जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से उक्त राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने का अनुरोध किया। राज्यपाल पटेल ने प्रतिनिधिमंडल के अनुरोध को स्वीकार करते हुए सम्मेलन के उद्घाटन के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान की।


संगठन के राष्ट्रीय सचिव ने की राज्यपाल से मुलाकात।

राज्यपाल की स्वीकृति से संगठन के पदाधिकारियों एवं बैंक सेवानिवृत्त कर्मचारियों में हर्ष का वातावरण है। संगठन ने महामहिम राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके गरिमामयी सान्निध्य से होने वाला सातवां राष्ट्रीय सम्मेलन विशेष गरिमा प्राप्त करेगा।

सामूहिक दीपयज्ञ के माध्यम से विश्व शांति, सद्भाव और मानव कल्याण की मंगलकामना

महोत्सव में नारी जागरण, विश्व बंधुत्व और युग निर्माण के संकल्पों पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अखिल विश्व गायत्री परिवार की संस्थापिका एवं संरक्षिका भगवती देवी शर्मा के जन्मशताब्दी वर्ष 2026 के अवसर पर इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय समारोह के अंतिम दिवस पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, सांसद अनुराग सिंह ठाकुर, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य, मनु गौड़, रमन कांत एवं टी. एस. कल्याणरमन की उपस्थिति रही। इस अवसर पर देव संस्कृति विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष एवं समारोह के दलनायक डॉ. चिन्मय पंड्या ने विशिष्ट अतिथियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए डॉ. पंड्या ने आत्मसमीक्षा एवं जीवन के उद्देश्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया।

सांस्कृतिक चेतना जागरण के साथ समाज को सजग किया



तीन दिवसीय जन्मशताब्दी महोत्सव का अंतिम दिन।

केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने अखिल विश्व गायत्री परिवार की दीर्घकालीन युगनिर्माण यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि संगठन ने सांस्कृतिक चेतना के जागरण के साथ समाज को उसके दायित्वों के प्रति सजग करने का महत्त्वपूर्ण कार्य किया है। वहीं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि जिस प्रकार एक छोटी-सी ज्योति अंधकार को दूर करती है, उसी प्रकार एक श्रेष्ठ विचार व्यक्ति का जीवन, एक जागरूक परिवार समाज की दिशा और एक सकारात्मक जनांदोलन राष्ट्र का भविष्य बदल सकता है। उन्होंने गायत्री परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए इन्हें विकसित भारत के निर्माण की प्रेरणा से जोड़ा।

अंतिम चरण 21 एवं 22 नवंबर को हरिद्वार में

वर्ष का अंतिम चरण 21 एवं 22 नवंबर को हरिद्वार में आयोजित होगा, जिसमें परिवार के संगठन प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। जिला समन्वयक नागर ने बताया कि महोत्सव में मप्र जोन के संगठन के दायित्ववान परिजनों के साथ सभी जिला समन्वयकों, मुख्य ट्रस्टियों एवं आमंत्रित वरिष्ठ परिजनों ने सहभागिता की।

छठ पूजा का चार दिवसीय पर्व 13 से 16 नवंबर तक मनाया जाएगा

भोजपुरी समाज का छठ महापर्व 13 से, मुख्य कार्यक्रम शीतल दास की बगिया कमला पार्क घाट पर आयोजित किया जाएगा

छठ पूजा का चार दिवसीय पर्व 13 से 16 नवंबर तक मनाया जाएगा। मुख्य संध्या अर्घ्य 15 नवंबर और उषा अर्घ्य 16 नवंबर को होगा। भोजपुरी एकता मंच समिति के तत्वाधान में मुख्य कार्यक्रम शीतल दास की बगिया कमला पार्क घाट पर आयोजित किया जाएगा। मंच के अध्यक्ष कुंवर प्रसाद ने बताया कि इस बार पूरे घाट को पीले रंग के कपड़े से डेकोरेट किया जाएगा। जगह-जगह झंडे लगाए जाएंगे। केले के पेड़ से आम के पत्तों से तोरण द्वार बनाए जाएंगे। 51 किलो गुलाब के पंखुड़ी से पुष्प वर्षा की जाएगी। 2100 दीपों का दीपदान होगा। नौका विहार होगा गाय के कच्चे दूध की व्यवस्था रहेगी। अर्घ्य लिए



समापन पर सल्फो आहार की व्यवस्था रहेगी। आतिशबाजी होगी। इसके घाटों की मरम्मत एवं रंग-रंगों के कार्य अति शीघ्र नगर निगम शुरू करने वाला है। कार्यक्रम में गायक कलाकार हसनाथ मिश्रा उर्फ मिठू मिश्रा बिहार से सक्षम शर्मा बनारस से भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम में अतिथियों को आमंत्रित करने के काम मंच शुरू कर दिया है संस्था के संरक्षक चेतन सिंह के नेतृत्व में भोपाल जिला प्रभारी मंत्री चेतन कुमार कश्यप को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष कुंवर प्रसाद विमल कुमार सिंह, मोहन जायसवाल, अरुण ओझा इत्यादि उपस्थित रहे।

चार दिवसीय छठ पूजा कार्यक्रम

- 13 नवंबर नहाए खाए
- 14 नवंबर को खरना
- 15 नवंबर को डाला छठ
- 16 नवंबर को पारण समापन

राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं, स्टारलिंक को भारत में सेवा शुरू करने की अनुमति न दे सरकार

एमवीएम कॉलेज चौराहे पर स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रीय सुरक्षा, डेटा की गोपनीयता और निगरानी व्यवस्था से जुड़े सवालों का संतोषजनक समाधान होने तक एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवाएं शुरू करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। यह मांग स्वदेशी जागरण मंच ने केंद्र सरकार से की है। इसी मांग को लेकर सोमवार दोपहर मंच के कार्यकर्ताओं ने एमवीएम कालेज चौराहे पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एलन मस्क और उनकी कंपनी स्टारलिंक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कंपनी को भारत में सेवाएं शुरू करने की अनुमति नहीं देने की मांग की।

प्रदर्शन का नेतृत्व सतीश कुमार (अखिल भारतीय सह संगठक) ने किया। कार्यकर्ताओं ने 'स्टारलिंक हाय-हाय', 'एलन मस्क मुर्दाबाद' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। इस दौरान एलन मस्क का पुतला दहन भी किया गया।



एलन मस्क का पुतला फूंकते स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी-कार्यकर्ता।



मेले में अतिथियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले प्रतभागियों को पुरस्कृत किया।

मेले के दसवें दिन शिव सावित्री संवाद, रंगोली प्रतियोगिता और कवयित्री सम्मेलन का आयोजन

स्वदेशी जागरण मंच और स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन की ओर से शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय परिसर में स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले के 10वें दिन शिव सावित्री संवाद, रंगोली प्रतियोगिता और कवयित्री सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मेला संयोजक सतीश विश्वकर्मा, स्वदेशी जागरण मंच के मध्य क्षेत्र संयोजक सुधीर दाते, स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक श्रीकांत बुधौलिया, स्वदेशी जागरण मंच मध्यभारत प्रांत महिला कार्य प्रमुख एवं मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता संयोजक सीमा भारद्वाज, मेला सह संयोजक दीपक वर्मा, रमन तिवारी और विनय कुमार सोनी सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

उपग्रह इंटरनेट के दुरुपयोग की आशंका: साकेत सिंह राठौर

मंच के साकेत सिंह राठौर ने कहा कि उपग्रह आधारित इंटरनेट का इस्तेमाल दुश्मन ताकतों, तस्करों और विद्रोही समूहों द्वारा पारंपरिक दूरसंचार नेटवर्क से बाहर रहकर संचार करने के लिए किया जा सकता है। अलगाववादी गतिविधियों, आतंकी घटनाओं, दंगों और विरोध-प्रदर्शनों जैसी परिस्थितियों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इंटरनेट सेवाओं की निगरानी और नियमन की स्पष्ट व्यवस्था जरूरी है। ऐसे में उपग्रह इंटरनेट सेवाओं के संचालन, निगरानी और कानूनी जवाबदेही को लेकर सरकार को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

यह भी रहे मौजूद

प्रदर्शन में गौरव कुलश्रेष्ठ, स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक श्रीकांत बुधौलिया, अरुशेंड शर्मा, स्वदेशी जागरण मंच मध्यभारत प्रांत महिला कार्य प्रमुख सीमा भारद्वाज, सतीश विश्वकर्मा, सौभराज सुखवानी, कमल गौड़, रमन सिंह, अजय सोनी, अभिषेक तिवारी, दीपक वर्मा, बच्चन, किशोर बागड़े, अश्विनी सिन्हा,हरिओम सेन, वीरेंद्र पटेल, साधना शर्मा, संगीता तिवारी, अंशिका सोनी, प्रिया शर्मा, मनीषा चौरसिया, दुर्गेश नंदनी, प्रज्ञा सेन, सहित स्वदेशी जागरण मंच के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मध्यप्रदेश के 71वें स्थापना दिवस समारोह का दूसरा दिन

लोक एवं जनजातीय कलाकारों की मनोहारी प्रस्तुतियों ने मोहा मन





नृत्य प्रस्तुतियों में प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और जीवन का दिखा उल्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

तीन दिवसीय 71वें स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन सोमवार को भी लाल परेड ग्राउंड, विविध रंगों, लोक-सुरों और सांस्कृतिक उल्लास से गुलजार रहा। प्रदेश की गौरवशाली विरासत, समृद्ध लोक परंपराओं और विकास की जीवंत गाथा को समेटे राज्योत्सव में उत्साह और उमंग का अनूठा संगम देखने को मिला। परिसर में सजीं विविध प्रदर्शनियों ने जहां मध्यप्रदेश की विकास यात्रा, जनकल्याणकारी योजनाओं और कृषि क्षेत्र में नवाचारों की झलक प्रस्तुत की, वहीं देशज व्यंजन मेले ने प्रदेश के स्वाद से नागरिकों को परिचित कराया। साथ ही कृषि केंद्रित सेमिनार का आयोजन भी किया गया। सायंकाल लोक एवं जनजातीय नृत्यों की मनोहारी प्रस्तुतियों ने प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता को साकार किया, जबकि 'अनुगूंज-ब्रीदिंग फिएस्टा' की सुरमयी वाद्य प्रस्तुतियों ने वातावरण को संगीतमय बना दिया।



सूर्य की गति से प्रेरित नृत्य अभिव्यक्तियां

अन्य राज्यों की प्रस्तुतियों में हरियाणा का घूमर नृत्य प्रस्तुत हुआ। पारंपरिक रंगीन घाघरा-ओढ़नी पहने महिला कलाकार गोलाकार घूमती हुई लयबद्ध पदचाल और आकर्षक मुद्राओं के साथ नृत्य करती हैं। इसे सोनीपत की सुश्री सुनीता एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद राजस्थान का सपेरा नृत्य की प्रस्तुति हुई।

आज लोक गायक मामे खान के सुरों से सजेगी राज्योत्सव की अंतिम संध्या : समारोह के तीसरे एवं अंतिम दिवस 3 नवम्बर को दोपहर 12 से रात्रि 8 बजे तक नागरिक लाल परेड ग्राउंड, भोपाल में विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन कर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, विकास यात्रा और उपलब्धियों से परिचित हो सकेंगे। देशज व्यंजन मेले में मध्यप्रदेश के विविध अंचलों के व्यंजनों के स्वाद का आनंद भी लिया जा सकेगा। सुविख्यात लोक गायक श्री मामे खान एवं साथी, जैसलमेर द्वारा लोक गायन की प्रस्तुति दी जाएगी।

जनजातीय लोकजीवन की ऊर्जा, सामूहिक उल्लास को किया अभिव्यक्त

पूर्वरंग अंतर्गत मध्यप्रदेश एवं अन्य राज्यों की लोक एवं जनजातीय नृत्य प्रस्तुतियां हुईं। इसके अंतर्गत मप्र का गोंड करमा, बैगा करमा, गोंड गुदुमबाजा, सहरिया जनजाति का लहंगी, भील का भगोरिया, बधाई एवं डंडा नृत्य हुआ, जबकि अन्य राज्य के नृत्यों में हरियाणा का घूमर, राजस्थान का सपेरा एवं छत्तीसगढ़ का पंथी नृत्य हुआ। गोण्ड जनजातीय करमा नृत्य में प्रकृति से निकटता, सामुदायिक सहभागिता और पारंपरिक लय का सुंदर समन्वय देखने को मिला। इस नृत्य को डिण्डोरी की रोशनी भार्वे एवं साथी द्वारा प्रस्तुत किया गया। बैगा जनजातीय करमा नृत्य बैगा समुदाय के सामुदायिक जीवन, प्रकृति के प्रति आत्मीयता और उत्सवी उल्लास का प्रतिनिधित्व कर रहा था। इसे डिण्डोरी के लालसिंह मरकाम एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद गोण्ड जनजातीय गुदुमबाजा नृत्य में पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज और लयबद्ध नृत्य का आकर्षण देखने को मिला। इसे अशोक कुमार मार्को एवं साथियों ने प्रस्तुत किया।





दीपोत्सव मेले में पहुंचे प्रमुख सचिव शोभित जैन

पारंपरिक कलाकारों के पास कला का अमूल्य ज्ञान तो नई पीढ़ी को तकनीक की समझ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कलाकारों एवं प्रतिभागियों से संवाद कर उनके हुनर, रचनात्मक प्रयोगों और कलात्मक कार्यों को सराहा

गौहर महल में आयोजित दीपोत्सव एवं माटी कला फेस्ट में भारतीय संस्कृति, परंपरा और हस्तशिल्प की अनुपम छटा देखने को मिल रही है। मेले में पारंपरिक कलाओं, मिट्टी से निर्मित कलात्मक वस्तुओं, हस्तशिल्प उत्पादों और कलाकारों की रचनात्मक अभिव्यक्तियों ने परिसर को विशेष आकर्षण प्रदान किया है। दीपोत्सव के उल्लास के बीच यहां सजी कलाकृतियां प्रदेश की समृद्ध लोक एवं शिल्प परंपरा को जीवंत कर रही हैं। प्रमुख सचिव शोभित जैन ने सोमवार को दीपोत्सव एवं माटी कला कार्यशाला का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कलाकारों एवं प्रतिभागियों से संवाद कर उनके हुनर, रचनात्मक प्रयोगों और कलात्मक कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पारंपरिक कलाकारों के पास वर्षों के अनुभव से अर्जित कला का अमूल्य ज्ञान है, जबकि नई पीढ़ी आधुनिक विज्ञान, तकनीक और नवाचार की समझ रखती है। इन दोनों का समन्वय पारंपरिक कलाओं को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है।





भारतीय संस्कृति और परंपरा महत्वपूर्ण

प्रमुख सचिव जैन ने कहा कि माटी कला भारतीय संस्कृति और परंपरा की महत्वपूर्ण धरोहर है। इसे संरक्षित करने के साथ-साथ आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करना भी जरूरी है। हस्तशिल्प एवं माटी कला को प्रोत्साहन देने से न केवल कलाकारों को नए अवसर मिलेंगे, बल्कि स्थानीय कला और शिल्प को व्यापक पहचान भी प्राप्त होगी। उल्लेखनीय है कि हमीदिया महाविद्यालय के आलोक भावसार के मार्गदर्शन में आयोजित माटी कला कार्यशाला में कलाकार नए रचनात्मक प्रयोग कर रहे हैं। कार्यशाला के माध्यम से अनुभवी शिल्पकारों और नई पीढ़ी के प्रतिभागियों को एक मंच पर लाकर कला के ज्ञान एवं कौशल का आदान-प्रदान किया जा रहा है। मेले का एक प्रमुख आकर्षण गौहर महल परिसर में निर्मित 'गोकुलधाम' है। इसकी आकर्षक सज्जा और सांस्कृतिक प्रस्तुति ने परिसर में विशेष आध्यात्मिक एवं पारंपरिक वातावरण निर्मित किया है। गोकुलधाम भारतीय संस्कृति, लोक आस्था और कलात्मक अभिव्यक्ति का सुंदर संगम प्रस्तुत कर रहा है, जो मेले में आने वाले लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

'एक दूजे के लिए' परिवार के मिलन समारोह में दिखा अपनत्व के साथ प्रेम और विश्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उद्योगपति, बिल्डर, समाजसेवी, सराफा व्यापारियों ने किया डांस, सुनाए चुटकुले

शहर के प्रतिष्ठित सामाजिक समूह 'एक दूजे के लिए' ने भदभदा स्थित एक होटल में पारिवारिक मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया। इस कार्यक्रम में समूह के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रेम, विश्वास, अपनत्व तथा पारिवारिक सौहार्द का परिचय दिया। लगभग 90 सदस्यों वाले इस समूह में भोपाल के प्रतिष्ठित उद्योगपति, बिल्डर, समाजसेवी और सराफा व्यापारी शामिल हैं। इस आयोजन का उद्देश्य सभी सदस्यों को व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर एक-दूसरे के साथ आनंदमय पल बिताने तथा आपसी संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने का अवसर प्रदान करना था।



मनोरंजन, प्रतिभा और संगीत का अनूठा संगम

कार्यक्रम की शुरुआत समय पर पहुंचने वाले तीन सदस्यों को विशेष सरप्राइज गिफ्ट देकर की गई। इसके बाद मनोरंजन और उत्साह से भरपूर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ। म्यूजिक गेम्स, रोचक प्रतियोगिताओं और दो विशेष कपल गेम्स ने समारोह में चार चांद लगा दिए। समूह के सदस्यों ने अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए गीत, रचनाएं, चुटकुले और अन्य मनोरंजक प्रस्तुतियां दीं। सदस्यों का संक्षिप्त परिचय भी कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण रहा। परिचय सत्र के बीच-बीच में गीत-संगीत की महफिल सजी, जिसने पूरे वातावरण को खुशनुमा बना दिया। समारोह के अंतिम चरण में सदस्यों ने डांस किया। कार्यक्रम की सफलता में एडमिन दीपक लालचंदानी और राजेश तांतेड़, कार्यक्रम संयोजक डॉ. माधव, वर्किंग कमेटी बंटी गोगिया, राजेश तलरेजा, महेंद्र मोटा, विनोद जैन, अरविंद कृष्ण कुमार बांगड़ सत्याभूषन शर्मा एवं गोट्टू गोयल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कभी दो दर्जन से अधिक मंदिरों से समृद्ध रहा था क्षेत्र, आज परिसर में बिखरे हैं अवशेष

भोजपुर से भी प्राचीन हैं आशापुरी के मंदिर, पुरातत्व इंडिया ने आयोजित की हेरिटेज वॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र की समृद्ध पुरातात्विक विरासत से लोगों को परिचित कराने के उद्देश्य से पुरातत्व इंडिया द्वारा भोजपुर के समीप स्थित ऐतिहासिक स्थल आशापुरी में हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लगभग 20 इतिहास और विरासत प्रेमियों ने सहभागिता की। हेरिटेज वॉक का नेतृत्व पुरातत्वविद् शिवाजी राय ने किया।

भोजपुर से महज सात किलोमीटर की दूरी पर गौहरगंज मार्ग पर स्थित आशापुरी ऐतिहासिक और पुरातात्विक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है। हालांकि, इसकी ऐतिहासिक महत्ता के बावजूद यह स्थान आज भी अधिकांश पर्यटकों की जानकारी से दूर है। वॉक के दौरान शिवाजी राय ने बताया कि आशापुरी मध्यप्रदेश के विशिष्ट पुरातात्विक स्थलों में से एक है, जहां बड़ी संख्या में प्राचीन मंदिरों के अवशेष एक ही परिसर में देखने को मिलते हैं। यहां कभी दो दर्जन से अधिक मंदिरों का विशाल परिसर विद्यमान था। इन मंदिरों का निर्माण नौवीं से ग्यारहवीं शताब्दी के मध्य प्रतिहार और परमार शासकों के शासनकाल में हुआ था। वर्तमान में इनके अवशेष तालाब के किनारे विस्तृत क्षेत्र में बिखरे हुए हैं।

आठ फीट की नृत्य गणेश प्रतिमा आकर्षण का केंद्र

आशापुरी स्थित संग्रहालय अपनी समृद्ध मूर्तिकला विरासत के लिए विशेष महत्व रखता है। यहां स्थापित लगभग आठ फीट ऊंची परमारकालीन नृत्य गणेश की प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र है। वहीं, बिलौटा महादेव मंदिर में स्थित सहस्त्रलिंग ने भी प्रतिभागियों की जिज्ञासा बढ़ाई। इस विशिष्ट शिवलिंग पर एक हजार छोटे-छोटे शिवलिंग उकेरे गए हैं, जो तत्कालीन धार्मिक मान्यताओं और शिल्पकला का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।



जैन पुरातात्विक स्थल का भी किया भ्रमण

हेरिटेज वॉक के दौरान प्रतिभागियों ने आशादेवी मंदिर, भूतनाथ मंदिर समूह और आशापुरी संग्रहालय का अवलोकन किया। इसके अतिरिक्त बिलौटा महादेव मंदिर तथा सतमसिया स्थित जैन पुरातात्विक स्थल का भी भ्रमण किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को क्षेत्र की कला, मंदिर स्थापत्य, मूर्तिकला, भारतीय संस्कृति और इतिहास के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई।

सतमसिया में 12 फीट की तीर्थंकर प्रतिमा

वॉक का एक अन्य महत्वपूर्ण पड़ाव सतमसिया स्थित जैन पुरातात्विक स्थल रहा। यहां लगभग 12 फीट लंबी तीर्थंकर प्रतिमा के साथ जैन मंदिरों के अनेक अवशेष विस्तृत मैदान में बिखरे हुए हैं। प्रतिभागियों ने इन स्मारकों का अवलोकन कर क्षेत्र की बहुआयामी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को समझा। इस आयोजन का उद्देश्य आशापुरी जैसे अपेक्षाकृत कम चर्चित लेकिन महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थलों को जनसामान्य और नई पीढ़ी के बीच पहचान दिलाना तथा मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक धरोहरों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।



दुर्लभ पांडुलिपियों और शोध पत्रों के लिए की जाएगी अत्याधुनिक रिसर्च लाइब्रेरी की स्थापना

उज्जैन में बनेगी भगवान श्रीकृष्ण पर केंद्रित अत्याधुनिक रिसर्च लाइब्रेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण पर केंद्रित शोध वृत्त चित्र, नाट्य और संगीत श्रृंखलाओं के लिए समर्पित यूट्यूब डिजिटल प्लेटफॉर्म का संचालन आरंभ करने की योजना है। इसके साथ ही दुर्लभ पांडुलिपियों और शोध पत्रों के लिए उज्जैन में अत्याधुनिक रिसर्च लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। इन गतिविधियों को जन भागीदारी और विभिन्न शासकीय योजनाओं के समन्वय से व्यापक अभियान के रूप में संचालित किया जाएगा।

मंदिरों से जुड़ी भूमियों का उपयोग, मंदिर व्यवस्था की बेहतरी के लिए किया जाए

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई श्रीकृष्ण पाथेय न्यास कार्यसमिति की बैठक



श्रीकृष्ण पाथेय योजना के अंतर्गत विकास परियोजनाओं की समीक्षा

बैठक में बताया गया कि उज्जैन स्थित सांदीपनि आश्रम के विकास और जीर्णोद्धार के लिए भूमि-पूजन हो चुका है। प्रदेश में 3200 से अधिक मंदिरों के रखरखाव, प्रवेश द्वारों के निर्माण तथा श्री कृष्ण पाथेय की जल संरचनाओं के संरक्षण के लिए निर्देश जारी किए जा चुके हैं। बैठक में श्रीकृष्ण पाथेय योजना के तहत नारायण धाम महिदपुर, श्रीकृष्ण धाम छतरपुर, जानापाव महू इंदौर, अमझेरा धार, मां जागेश्वरी लोक चंदेरी, श्रीकृष्ण राधा लोक पन्ना और रायसेन जिले की जमगढ़ की पहाड़ियों में जारी विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

सभी क्षेत्रों में भगवान कृष्ण के विचार आज भी सामयिक

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के विचार वर्तमान में भी हमारा पथ प्रदर्शन कर रहे हैं। श्रीकृष्ण ने उज्जैन के सांदीपनि गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण करने के साथ ही प्रदेश के विभिन्न स्थानों में यात्राएं की। जन सामान्य के लिए ऐसे सभी स्थानों का महत्व तीर्थ के समान है। प्रदेश में स्थित ऐसे स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाए। जीवन प्रबंधन हो या अर्थव्यवस्था का संचालन सभी क्षेत्रों में भगवान कृष्ण के विचार आज भी सामयिक है।

कृष्ण भक्ति से जुड़े संस्थाओं का सहयोग भी लिया जाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों का संरक्षण संवर्धन और प्रबंधन इस रूप में हो, जिससे श्रद्धालु इन केन्द्रों से भावनात्मक रूप से जुड़ें और उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिरों से जुड़ी भूमियों का उपयोग मंदिर की बेहतर व्यवस्था करने पर विचार किया जाए। इसके तहत ऐसी भूमि पर कृषि के साथ अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने की भी कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि बड़े मंदिरों की आय के कुछ भाग का उपयोग क्षेत्र की गौशालाओं और आसपास के वृंदावन गांव की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए किया जा सकता है। भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े स्थानों के विकास में कृष्ण भक्ति से जुड़े संस्थाओं का सहयोग लेने के लिए भी पहल की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंदिरों में विद्यमान जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार, संवर्धन और प्रबंधन के लिए जल गंगा अभियान के अंतर्गत गतिविधियां संचालित की जाए।

दुकानों के बीच रहेगी तीन मीटर की दूरी, 30 अस्थाई दुकानों को भी दिए लाइसेंस

दीपावली पर राजधानी में एक हजार फुटकर दुकानों से बिकेंगे पटाखे, गोविंदपुरा क्षेत्र में सबसे ज्यादा दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दिवाली के मौके पर राजधानी में अलग-अलग जगहों पर करीब एक हजार पटाखा दुकानों से पटाखों की बिक्री की जाएगी। जिला प्रशासन ने 40 अस्थाई दुकानदारों को भी पटाखों की बिक्री के अस्थाई लाइसेंस जारी किए हैं। पटाखा कारोबार ग्यारस तक पटाखों की बिक्री कर सकेंगे। सबसे ज्यादा 190 दुकानें गोविंदपुरा क्षेत्र में लगाई जाएंगी, जबकि सबसे कम 80 दुकानें टीटी नगर में लगेंगी।

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने अस्थाई पटाखा बाजारों में 24 घंटे दमकल मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। जबकि अस्थाई दुकानों की दूरी नौ मीटर रहेगी। जिले में 1500 किलोग्राम क्षमता वाली 18 दुकानें और गोदाम हैं। इनमें तहसील बैरागढ़ के ग्राम हलालपुर में 15, तहसील कोलार के नर्मदापुरम रोड पर एक, तहसील बैरसिया के ग्राम रुतुआ और बरई में एक-एक दुकान शामिल है। तहसील हुजूर के जमुनिया छीर में 12, तहसील बैरागढ़ के सनसिटी गार्डन के पीछे चार, माधव आश्रम एक और तहसील कोलार के मिसरोद में वृंदावन गार्डन में एक गोदाम स्थित है। इसी तरह 500 किलोग्राम क्षमता वाली 14 अस्थायी व दो स्थाई दुकानें शामिल हैं। जिनमें बैरसिया रोड पर तीन, नर्मदापुरम रोड पर नौ, भानपुर चौराहा पर एक, बैरसिया में दो, परवलिया में एक और सूखी सेवनियां में एक शमिल हैं। जबकि 15 किलोग्राम क्षमता वाली दो स्थायी दुकान व गोदाम तहसील बैरसिया के रतुआ में स्थित हैं। एडीएम महेंद्र कवचे का कहना है कि थोक और फुटकर दुकानों से आग से सुरक्षा के साथ पटाखों की बिक्री की जाएगी। जिसके लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

पटाखा बाजारों में 24 घंटे तैनात रहेगी फायर दमकल



हलालपुरा पटाखा बाजार में व्यस्त व्यापारी और खरीदार।

अस्थाई दुकानों की तादाद

स्थान	दुकान संख्या
हुजूर	99
कोलार	180
बैरसिया	188
बैरागढ़	110
गोविंदपुरा	190
शहर	120
टीटी नगर	80
कुल	**967**

प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

पुराने भोपाल से लाखों के सवा 6 लाख के पटाखे जब्त, दो कारोबारियों पर केस

भोपाल। दिवाली से पहले पुराने भोपाल के भीड़भाड़ वाले बाजार में अवैध रूप से पटाखे और विस्फोटक सामग्री बेचने का मामला सामने आया है। सूचना पर एसडीएम सिटी, तहसीलदार और पुलिस की संयुक्त टीम ने दुकानों पर कार्रवाई की। यहां से करीब 6 लाख 18 हजार रुपए की विस्फोटक सामग्री जब्त की गई।

त्योहारी सीजन में बाजारों में बढ़ती भीड़ और सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन को सूचना मिली थी कि पुराने शहर के बाजार में घनी आबादी के बीच विस्फोटक सामग्री बेची जा रही है। इसके बाद टीम ने दुकानों की जांच की। कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में पटाखे और विस्फोटक सामग्री बरामद हुई। पुलिस ने इस मामले में धनराज भटेजा (42) और सुनील भटेजा (40), निवासी ग्रीन एकड़, लालघाटी के खिलाफ कार्रवाई की है। दोनों की कोतवाली रोड पर लक्की कलेक्शन के नाम से दुकान बताई गई है। धनराज के कब्जे से करीब 3.20 लाख रुपए और सुनील के कब्जे से करीब 3.17 लाख रुपए की सामग्री जब्त की गई। दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

पटाखा दुकानों में अग्नि सुरक्षा के इंतजाम अधूरे, निगम ने जारी किए नोटिस

भोपाल। पटाखा बाजारों में आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए नगर निगम ने सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच शुरू कर दी है। इसी कड़ी में हलालपुर पटाखा बाजार में निगम के अधिकारियों ने दुकानों का निरीक्षण किया।

कई दुकानों पर अग्निशमन से जुड़े इंतजाम अधूरे मिले। लापरवाही सामने आने पर निगम ने पटाखा कारोबारियों को नोटिस जारी कर कमियां जल्द दूर करने के निर्देश दिए हैं। निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सुबह करीब 6 बजे हलालपुर पटाखा बाजार पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाजार में आग से बचाव के सभी इंतजाम दुरुस्त रखे जाएं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके। इसके बाद फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने दुकानों का बारीकी से निरीक्षण किया।



कहीं अग्निशमन यंत्र कम तो कहीं रेत की बाल्टियां गायब

निरीक्षण के दौरान दुकानों के बाहर गत्ते, टायर और कागज जैसी ज्वलनशील सामग्री रखी मिली। कई जगह बिजली के तार खुले हुए थे। दुकानों पर फायर एक्सटिंग्विशर की संख्या भी पर्याप्त नहीं थी। सबसे गंभीर बात यह सामने आई कि पटाखा बाजार का आपातकालीन गेट बंद मिला। आग बुझाने के लिए पानी की उपलब्धता भी निर्धारित जरूरत के मुकाबले कम पाई गई। इसके अलावा कई दुकानों पर रेत की बाल्टियों में कचरा भरा हुआ था।

गंदगी फैलाने पर भी वसूला जुर्माना

फायर ऑफिसर सौरभ पटेल और निगम के फायर एवं स्वास्थ्य अमले ने निरीक्षण के दौरान गंदगी फैलाने पर 8 हजार रुपये का स्पॉट फाइन भी वसूला। निगम ने कारोबारियों को अग्नि सुरक्षा के सभी इंतजाम तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।

एमपी ट्रांसको चलाएगा जागरुकता अभियान

प्रतिबंधित कॉरिडोर में निर्माण करने पर 853 को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अति उच्च दाब ट्रांसमिशन लाइनों के प्रतिबंधित कॉरिडोर में हो रहे निर्माण पर नोटिस जारी किये गए हैं। तीन प्रमुख 132 केवी ट्रांसमिशन लाइनों के राइट ऑफ वे क्षेत्र में सामने आए मानव जीवन के लिये खतरा बने निर्माणों के संबंध में अब तक 853 नोटिस जारी किए जा चुके हैं। मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने इन निर्माणों से संभावित विद्युत दुर्घटनाओं को देखते हुए स्थानीय प्रशासन के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाने और संबंधित निर्माणकर्ताओं को सुरक्षा मानकों की जानकारी देने की तैयारी की है।

एमपी ट्रांसको भोपाल के अधीक्षण अभियंता सुधीर नेमा ने बताया कि भोपाल में जिन तीन 132 केवी ट्रांसमिशन लाइनों के आरओडब्ल्यू क्षेत्र में निर्माण के मामले सामने आए हैं, उनमें गोविंदपुरा भोपाल-बैरागढ़ टैप लालघाटी, भोपाल-आईटी पार्क और भोपाल-अमरावतखुर्द ट्रांसमिशन लाइन शामिल हैं। इन लाइनों के आसपास विभिन्न स्थानों पर निर्माण होने से निर्धारित विद्युत क्लियरेंस बनाए रखने की चुनौती सामने आई है।



ये क्षेत्र हैं जोखिम भरे

भोपाल में गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र, करोंद, नारियलखेड़ा, देवकीनंदन नगर, बैरागढ़, आनंद नगर, जैन कॉलोनी कलियासोत, रतनपुरऔर आसपास के क्षेत्रों में ट्रांसमिशन लाइनों के नजदीक तेजी से शहरी विस्तार हुआ है। यहां पर ट्रांसमिशन लाइन के प्रतिबंधित कारीडोर में नियम विरुद्ध निर्माण कर लिए गए हैं।

अपील के बाद अब कार्रवाई की तैयारी

कंपनी संबंधित निर्माणकर्ताओं को विद्युत सुरक्षा प्रावधानों की जानकारी देने के साथ स्थानीय प्रशासन के सहयोग से जागरूकता अभियान भी चलाएगी। संभावित विद्युत दुर्घटनाओं और व्यवधानों की रोकथाम के लिए मप्र हाई कोर्ट से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कंपनी ने नागरिकों से प्रतिबंधित कॉरिडोर में निर्माण नहीं करने और निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की है।

220 केवी के लिए 35 मीटर का सुरक्षा कॉरिडोर

निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुसार, 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन के दोनों ओर 27 मीटर और 220 केवी लाइन के दोनों ओर 35 मीटर का प्रतिबंधित कॉरिडोर निर्धारित है। इन क्षेत्रों में निर्धारित मानकों के विपरीत निर्माण होने पर गंभीर विद्युत जोखिम पैदा हो सकते हैं। तेज हवा में तारों के झूलने अथवा अन्य परिस्थितियों में भवनों और संरचनाओं के नजदीक विद्युत आर्क बनने से भी जानलेवा दुर्घटना की आशंका रहती है। इसके अलावा ऐसे निर्माण ट्रांसमिशन लाइनों के रखरखाव और निर्बाध विद्युत आपूर्ति में भी बाधा बन सकते हैं।

प्रदर्शनकारियों ने की सीएम हाउस में घुसने की कोशिश

27% ओबीसी आरक्षण, होल्ड पदों पर नियुक्ति की मांगों को लेकर आसपा, भीम आर्मी का प्रदर्शन

पुलिस ने वाटर कैनन से पानी की बौछारें कर प्रदर्शनकारियों को रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27% आरक्षण देने, 13% होल्ड पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपने और पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति की रुकी हुई 14 सीटें तत्काल स्वीकृत करने की मांग को लेकर सोमवार को आजाद समाज पार्टी, भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारी अपनी मांगों को लेकर पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़कर मुख्यमंत्री निवास की ओर जाने लगे। जिनको पुलिस ने वाटर कैनन से पानी की बौछारें कर रोक दिया। इसके बाद अपनी मांग को लेकर अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर रैली का समापन किया।


सीएम हाउस जा रहे प्रदर्शनकारियों को शिवाजी चौराहे पर वाटर कैनन से रोका गया।

बीती रात आबकारी की दो टीमों की कार्रवाई

पेज थ्री, टू स्टेट में जमी थी महफिल मुस्कान ढाबे पर मिली देसी शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अरेरा कॉलोनी के पेज थ्री, सोरा और कोलार रोहित नगर के कंट्री साइड कल्चर, टू स्टेट, कंट्री साइड मीडोज, रॉयल दरबार, देसी ढाबा और फॉरेस्टा रेस्टोरेंट में देर रात शराब परोसने पर कार्रवाई की गई है। यहां अंग्रेजी शराब परोसी जा रही थी, वहीं परेवाखेड़ा स्थित मुस्कान ढाबे से देसी शराब जब्त की गई है। टीम को देखकर संचालक भाग खड़ा हुआ, जबकि अन्य व्यक्ति आनंद दांगी से छह पेटी देसी औश्र दो पेटी मसाला शराब जब्त की है। जब्त शराब की कीमत तीस हजार रुपए आंकी गई है।



जिला आबकारी कंट्रोलर वर्षा उइके ने बताया कि मुस्कान ढाबा संचालक की तलाश की जा रही है। इधर जिन ढाबों और रेस्टॉरेंट पर बिना लाइसेंस के शराब परोसी जा रही है। उन पर नजर रखकर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है।

बीती रात अबाकारी अमले ने एक दर्जन ढाबा और रेस्टॉरेंट संचालकों पर अवैध शराब पिलाने के केस दर्ज किए हैं।

संभाग कमिश्नर ने एनएचएआई, निगम अफसरों की ली बैठक

पांच दिन में भरे जाएंगे शहर की सड़कों के गड्ढे, 15 नवंबर तक एनएच की मरम्मत के सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बारिश की वजह से शहर की खराब सड़कों को दुरुस्त करने फिर संभाग कमिश्नर कर्मवीर शर्मा ने सड़क एजेंसियों को पांच दिन की मोहलत दी है। जबकि एनएनएआई 15 नवंबर तक अपनी सड़कों की मरम्मत करेगा। इधर घासीपुरा स्थित इज्तिमागाह के आसपास की सड़कों की मरम्मत 20 नवंबर तक की जाएगी। सोमवार को संभाग कमिश्नर दफ्तर में एनएचएआई, मएपीआरडीसी, पीडब्ल्यूडी और नगर निगम के अफसरों को सड़कों के गड्ढे भरने की हिदायत दी गई है। संभाग कमिश्नर ने बैठक में शहर और आसपास की सड़कों को दीवाली के पहले मरम्मत कर गड्ढा मुक्त करने, शहर के आसपास के राष्ट्रीय राज्य मार्गों में मेंटेनेंस का काम 15 नवंबर तक पूरा करने और इज्तिमा की तैयारियों को लेकर शहर के चारों तरफ के मार्गों का काम 20 नवंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए।

20 नवंबर तक इज्तिमागाह के आसपास



सांची और भोजपुर की सड़कें भी सुधरेंगी

जनवरी माह में जीआईएस को देखते हुए भोपाल के आसपास सांची, भोजपुर जैसे पर्यटन स्थलों की सड़कों पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर की ओर आने वाले मार्गों पर भी मरम्मत कराने की बात कही। भोपाल बायपास रोड रायसेन जंक्शन पर निर्माणाधीन फ्लाई ओवर के पास एप्रोच रोड बनाने और रोड सेफ्टी को ध्यान में रखते हुए साइनेज, रेडियम लगाने के निर्देश भी दिए गए।

बीडीए कमिश्नर-ननि की संयुक्त बैठक

बीडीए के करीब 695 फ्लैट नगर निगम को जल्द होंगे हस्तांतरित

15 और 20 नवंबर तक पूरे करने होंगे काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में विकास कार्यों को गति देने और आम लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने सोमवार को भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) और नगर निगम के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। उन्होंने कहा कि किसी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए। दोनों विभाग जरूरत पड़ने पर संयुक्त रूप से मौके पर जाकर समस्याओं का समाधान करें। कार्यों की प्रगति की हर सप्ताह समीक्षा भी की जाएगी।

बैठक में बीडीए द्वारा बनाए गए 695 ईडब्ल्यूएस और एलआईजी फ्लैट नगर निगम को सौंपने का मामला प्रमुखता से उठा। इनमें नवीबाग के 312, राजा भोज फेस-2 के 257 और शहीद भगत सिंह क्षेत्र के 126 फ्लैट शामिल हैं। कमिश्नर ने इनके हस्तांतरण की प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए। मिसरोद सहित कई योजनाओं के काम अटके बीडीए के कई काम नगर निगम में लंबित हैं।

हजारों के जुटने का अनुमान, 1200 बसें, 2 हजार चार पहिया वाहन पहुंचेंगे भोपाल

भाजपा की लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ रैली कलः घर से निकलने से पहले अच्छी तरह देख लें डायवर्सन प्लान, सुबह 8 बजे से बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में 4 नवंबर यानी बुधवार को टीटी नगर स्थित अटल पथ पर आयोजित होने वाले 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' कार्यक्रम के चलते शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित रहेगी। कार्यक्रम में करीब 40 से 50 हजार कार्यकर्ताओं और आमजन के शामिल होने की संभावना है। इनके लिए 1200 बसों और करीब 2 हजार चार पहिया वाहनों से लोगों के पहुंचने का अनुमान है। इसे देखते हुए यातायात पुलिस ने वाहनों के आवागमन, कार्यकर्ताओं को उतारने और पार्किंग के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए हैं।

कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा। वहीं, सुबह 8 बजे से ही शहर के कई प्रमुख मार्गों पर यातायात का दबाव बढ़ने की संभावना है। ऐसे में रोशनपुरा, अपेक्स बैंक तिराहा, लिंक रोड-1, भदभदा चौराहा, भारत माता चौराहा और पॉलिटेक्निक चौराहे से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी हो सकती है।

इन रास्तों से आएंगी बसें, यहां होगी पार्किंग

विदिशा और रायसेन की ओर से आने वाली बसें: पटेल नगर, खजूरी कलां तिराहा, पिपलानी रोड, महात्मा गांधी चौराहा, चेतक ब्रिज, बोर्ड ऑफिस, लिंक रोड-1 और अपेक्स बैंक होते हुए टीटी नगर स्टेडियम के पास यात्रियों को उतारेंगी। बसों की पार्किंग एलएलए रेस्ट हाउस परिसर में रहेगी।

नर्मदापुरम, मंडीदीप, मिसरोद, बागसेवनिया से:

- बसें नर्मदापुरम रोड, सावरकर सेतु, गणेश मंदिर, अर्जुन नगर, सेकंड स्टाफ और तुलसी नगर होते हुए अटल पथ के पास यात्रियों को उतारेंगी। पार्किंग अंबेडकर पार्क, तुलसी नगर के पास रहेगी।
- **सीहोर, रातीबड़ और नीलबड़ की ओर से:** बसें रातीबड़, नीलबड़, साक्षी ढाबा तिराहा, भदभदा चौराहा और भारत माता चौराहा होते हुए जवाहर चौक पहुंचेंगी। यहां यात्रियों को उतारने के बाद बसें मॉडल स्कूल में खड़ी होंगी।
- **मुबारकपुर बायपास और ग्रामीण क्षेत्र से:** बसें मुबारकपुर, गांधीनगर, लालघाटी, वीआईपी रोड, पॉलिटेक्निक चौराहा, बाणगंगा और रंगमहल होते हुए कमला नेहरू स्कूल सेंटर प्वाइंट पर यात्रियों को उतारेंगी।
- **पुराने शहर की ओर से आने वाली बसें:** भारत टॉकीज, लिली चौराहा, कंट्रोल रूम, गांधी पार्क और रोशनपुरा चौराहा होते हुए टीटी नगर स्टेडियम के पास यात्रियों को उतारेंगी।

इन रास्तों पर जाने से बचें

सुबह 8 बजे से भदभदा चौराहा, भारत माता चौराहा से जवाहर चौक, मेनिट से माता मंदिर होते हुए रोशनपुरा, 1250 चौराहे से लिंक रोड-1 और अपेक्स बैंक, कंट्रोल रूम से रोशनपुरा तथा पॉलिटेक्निक चौराहे से बाणगंगा होकर रोशनपुरा की ओर यातायात का दबाव अधिक रहने की संभावना है।

आम वाहन चालक इन रास्तों का करें इस्तेमाल: - माता मंदिर चौराहे से लिंक रोड-2, सेकंड स्टाफ, अर्जुन नगर, लिंक रोड-1 और जेल रोड होकर आवागमन करें।

रणजी ट्राफी: मध्य प्रदेश की टीम 209 रन पर सिमटी

हर्ष की फिरकी ने ढाया कहर, एक पारी में 53 रन देकर झटक लिए शानदार 9 विकेट

एजेंसी ▶▶| नागपुर

बाएं हाथ के फिरकी ऑलराउंडर हर्ष दुबे ने रणजी ट्रॉफी के चौथे राउंड के मुकाबले में 9 विकेट लेकर धूम मचा दी। विदर्भ की ओर से खेलते हुए उन्होंने मध्यप्रदेश के सामने 53 रन देकर 9 बल्लेबाजों को आउट किया। हर्ष दुबे महज एक विकेट से मध्य प्रदेश के सभी 10 बल्लेबाजों को आउट करने से चूक गए। यह एक सफलता नचिकेत भुटे को मिला, जिन्होंने मध्य प्रदेश का पहला विकेट गिराया। इसके बाद के सभी नौ विकेटों को हर्ष दुबे ने गिराया।

नागपुर में हो रहे मुकाबले के पहले दिन मध्य प्रदेश की टीम 209 रन पर सिमट गई। उसकी तरफ से अथर्व महाजन ने सबसे ज्यादा 85 रन बनाए। जवाब में विदर्भ की हालत भी खराब है। दिन की समाप्ति होने तक उसके 4 विकेट 56 रन पर गिर चुके थे।



दुबे ने 4 ओवर फेंके मेडन

24 साल के हर्ष दुबे ने एमपी के सामने बॉलिंग की शुरुआत की और 23.1 ओवर फेंके. इनमें से चार मेडन रहे। उन्होंने सक्षम पुरोहित (21), चंचल राठौड़ (13), शुभम शर्मा (16), रजत पाटीदार (2), महाजन, सारांश जैन (34), अरशद खान (12), कुमार कार्तिकेय (7) और रवि किरण (1) को आउट किया। इसके जरिए हर्ष दुबे विदर्भ की ओर से रणजी ट्रॉफी में एक पारी में सबसे अच्छी बॉलिंग करने वाले बॉलर बन गए। उन्होंने अरुण ओगिराल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1967 में मध्य प्रदेश के सामने ही नागपुर में 39 रन देकर 8 विकेट लिए थे।

ईडन गार्डन में 45 ओवर में गिरे 12 विकेट, बंगाल ऑल आउट

कोलकाता। रणजी ट्रॉफी के चौथे राउंड में 2 नवंबर को बंगाल और महाराष्ट्र के बीच ईडन गार्डन में खेले जा रहे मुकाबले में गेंदबाजों का दबदबा देखने को मिला। 45 ओवर के अंदर 12 विकेट गिर गए। बंगाल की टीम 36.5 ओवर में 143 रन पर ऑल आउट हो गई। विकेटकीपर अभिषेक पोरेल ने सबसे ज्यादा रन बनाए। खराब रोशनी से खेल रुकने तक महाराष्ट्र के 8 ओवर में 21 रन पर 2 विकेट गिर गए। बंगाल के लिए अभिषेक पोरेल ने 67 गेंद पर 8 चौके की मदद से 54 रन बनाए। प्रदिप्त प्रमाणिक ने 43 गेंद पर 5 चौके की मदद से 31 रन बनाए। सुदीप कुमार घरामी ने 36 गेंद पर 4 चौके की मदद से 19 रन बनाए। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने 12 गेंद पर 2 चौके की मदद से 10 रन बनाए। सुदीप चटर्जी ने 21 गेंद पर एक चौके की मदद से 7 रन बनाए। इसके बाद महाराष्ट्र की टीम बल्लेबाजी के लिए उतरी। कप्तान पृथ्वी शॉ 21 गेंद पर 12 और दिग्विज पाटिल बगैर खाता खोले पवेलियन लौट गए। दोनों विकेट मोहम्मद शमी ने लिए। सिद्धेश वीर 7 और अंकित बवाने ने 2 रन बनाकर क्रीज पर हैं। महाराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।



हर्ष ने 2022 में किया था डेब्यू

हर्ष दुबे ने 2022 में विदर्भ की ओर से फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था। उन्होंने अपने पहले ही डेब्यू रणजी सीजन में तीन मैच खेले थे और पांच विकेट निकाले थे। इसके अगले सीजन पांच मुकाबले खेले और 23 विकेट लिए थे। वे 2024-25 के सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। तब उन्होंने 10 मैच में 16.98 की औसत से 69 विकेट लिए थे। उन्होंने पिछले रणजी सीजन में तीन ही मैच खेले थे और 14 शिकार किए थे। वर्तमान सीजन में वे अभी तक 23 विकेट ले चुके हैं और सर्वाधिक विकेट वाले गेंदबाजों में तीसरे नंबर पर हैं। उनसे आगे कार्तिक त्यागी (उत्तर प्रदेश) और तनय त्यागराजन (हैदराबाद) हैं, जिनके नाम 24 विकेट हैं।

भारत के खिलाफ नहीं खेलेंगे चैपमैन और रविंद्र

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड के सीनियर बल्लेबाज मार्क चैपमैन और रचिन रविंद्र अभी तक चोटों से नहीं उबर पाए हैं और इस कारण बुधवार से भारत के खिलाफ होने वाली 5 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। चैपमैन अपनी हैमस्ट्रिंग (जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से उबरने की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं, जबकि रविंद्र अभी भी अपने कंधे की चोट से उबर नहीं पाए हैं।

खबर संक्षेप



चेक ओपन स्क्वाश के फाइनल में सेंथिलकुमार

नई दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी वेलवन सेंथिलकुमार ब्रनो में चल रहे 35,000 अमेरिकी डॉलर इनामी पीएसए चेक ओपन के फाइनल में पहुंच गए हैं। विश्व रैंकिंग में 42वें स्थान पर काबिज चौथी वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार ने सेमीफाइनल में विश्व रैंकिंग में 32वें स्थान पर काबिज फ्रांसीसी खिलाड़ी ऑगस्टे दुसॉर्ड को सीधे गेम में 11-7, 12-10, 11-1 से हराया। इससे पहले उन्होंने क्वार्टरफाइनल में अर्जेंटीना के आठवीं वरीयता प्राप्त जेरेमियास अज़ाना को 11-3, 11-8, 11-7 से और दूसरे दौर में ब्राजील के डिएगो गोब्बी को 11-4, 11-7, 11-2 से हराया था। उन्हें पहले दौर में बाइ मिली थी। पिछले महीने जापान में एशियाई खेलों में मिश्रित टीम वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाले सेंथिलकुमार खिताबी मुकाबले में यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज स्कॉटलैंड के ग्रेग लोब्बन से भिड़ेंगे।

जम्मू कश्मीर ने जीती बधिर टी20 चैंपियनशिप

सूरत। जम्मू कश्मीर ने फाइनल में राजस्थान को हराकर बधिरों की आईडीसीए 10वीं टी20 राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप का खिताब जीता। इस चैंपियनशिप में 14 राज्यों की टीमों ने भाग लिया था, जो भारत में बधिर क्रिकेट के निरंतर विकास में महत्वपूर्ण साबित होगा। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ बधिर क्रिकेटरों के लिए खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और उनकी प्रतिभा और उपलब्धियों को अधिक मान्यता दिलाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। आईडीसीए का नए क्षेत्रों तक पहुंचने का लक्ष्य है, जिससे कि बधिर क्रिकेट को पहचान मिल सके।

इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम का ऐलान

ब्रिस्बेन। मैट रेनशॉ और कैमरन ग्रीन को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली घरेलू एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया का कार्यक्रम काफी व्यस्त है और इसलिए तेज गेंदबाजी की तिकड़ी मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस को इस महीने इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली वनडे और टी20 श्रृंखला से विश्राम दिया गया है ताकि वह 9 दिसंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला की तैयारी कर सकें।

M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal-462011 (M.P.)
www.mpsedc.mp.gov.in, 0755-2518300, marketing@mpsedc.com

NOTICE INVITING TENDER'S (NIT)

MPSEDC invites online proposals for following bids on MP Tender :-

S. No.	Tender No.	NIT
1.	MPSEDC/ SITC/ 2026/716	RFP for Annual Maintenance Contract for Civil, Plumbing and Sanitary Work of Common area of IT Park campus Sinhasa & Electronic Complex, Pardeshipura, Indore (M.P.)
2.	MPSEDC/ SITC/ 2026/717	RFP for Annual Maintenance Contract for Civil, Plumbing and Sanitary Work of Common area of IT Park campus & MPSEDC Buildings At Badwai, Bhopal (M.P.)

For detail scope of work, terms and conditions please refer to the respective bid document available on MP Tender Portal www.mptenders.gov.in.
M.P. Madhyam/128899/2026 EXECUTIVE DIRECTOR

कार्यालय वन संरक्षक सामाजिक वानिकी वृत्त, झाबुआ (म.प्र.)
राणापुर रोड मोजीपाडा नर्सरी कैम्पस झाबुआ म.प्र.
E-Mail :- ccfre.jhb@mp.gov.in
// निविदा सूचना //
निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 1625 झाबुआ दिनांक 27/10/2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सामाजिक वानिकी वृत्त झाबुआ के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में वित्तीय वर्ष 2026-27 में सामाजिक वानिकी झाबुआ अन्तर्गत रोपणीयो में उपयोग के लिये नर्सरी उपयोग सामाग्री एवं ग्रीन नेट शेड, मिस्ट चैम्बर, सिचाई व्यवस्था मरम्मत कार्य की कय के लिए www.mptenders.gov.in के माध्यम से आनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित जानकारी विभागीय वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ई निविदा क्रमांक 2026_MPFD_545855_1 के माध्यम से देखी जा सकती है। निविदा संबंधी जानकारी कार्यालयीन समय में दिनांक 28.10.2026 से प्राप्त की जा सकती है-
निविदा शर्तें :-
1. सामाजिक वानिकी वृत्त, झाबुआ अन्तर्गत समस्त इकाईयों के वन विस्तार अधिकारी द्वारा किये गये आदेश अनुसार आदेशित स्थल पर सामग्री प्रदाय करना होगी ।
2. निविदा दरे कार्य स्थल तक परिवहन लोडिंग/अनलोडिंग, व्यय एवं समस्त देय करों सहित प्रस्तावित करना होगा
3. भुगतान राशि से नियमानुसार समस्त देय करों की कटोत्री की जाएगी ।
4. फर्म के वर्तमान पंजीयन की छायाप्रति ।
5. जी.एस.टी. पंजीयन की छायाप्रति ।
6. निविदाकार के द्वारा निविदा की किसी भी शर्त का उल्लंघन करने पर निविदा निरस्त की जाकर सत्यकार की राशि शासन के पक्ष में अधिग्रहित की जाएगी ।
7. निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये 1000/- तथा ईएमडी की राशि रु 39000/- (रु. उनचालीस हजार रुपए मात्र) है, निविदाएँ आनलाईन ही क्रय की जा सकेगी एवं आनलाईन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी ।

निविदा समय सारणी

विवरण	दिनांक	समय
Tender Publishing Date and Time	Date 28/10/2026 Time 12.00 PM	निविदा से आनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर दर्षित है।
Tender Sale Start Date and Time	Date 28/10/2026 Time 12.00 PM	
Pre Bid Meeting Date	-	
Bid Submission Start Date and Time	Date 28/10/2026 Time 12.00 PM	
Bid Submission Close Date and Time	Date 17/11/2026 Time 12.00 PM	
Bid Opening Date and Time	Date 18/11/2026 Time 12.00 PM	

G-20916/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता " वनमण्डलाधिकारी सामाजिक वानिकी वृत्त झाबुआ

कार्यालय थाना प्रभारी थाना कोतवाली नगरीय पुलिस भोपाल
क्र/थाप्र/कोत/भो/ मर्ग क्र.05/2026 दिनांक-29/10/2026
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना कोतवाली भोपाल में दिनांक 26/05/2025 को हमीदिया अस्पताल भोपाल सीएमओ डॉ सुनील शाक्या के टेलीफोन अटेन्डर एस.एन वर्मा ने जरिये टेलीफोन सूचना दिया कि दिनांक 07/05/26 को सूचना दिया की पेशेन्ट राजेश पिता शिवलाल उम्र 60 साल निवासी पीरगेट थाना कोतवाली भोपाल को थाना कोतवाली की एफआरव्ही में लगे प्र.आर. 159 कन्हैयालाल द्वारा दिनांक 04/05/26 के प्रात: 08.06 बजे पीरगेट मंदिर के पास से इलाज हेतु लेकर आया गया था जो दिनांक 04/05/26 से आज दिनांक 07/05/26 तक भर्ती था जिसकी आज दिनांक 07.05.26 को प्रात: 07/16 बजे इलाज के दौरान मृत्यु हो गई जिसका PMLC NO. 768/26 है शव को मचुर्री रूम में सुरक्षार्थ रखवाया गया है उक्त सूचना पर मर्ग क्रमांक 05/2026 धारा 194 इ.ठ.र.र. का कायम कर जाँच मे लिया गया है।
यह की जांच के दौरान अज्ञात मृतक की पहचान की हर संभव तलाश किया परंतु पहचान नही हो सकी अज्ञात मृतक का हुलिया रंग सांवला कद करीब 5 फिट 6 इंच लगभग है जो स्लेटी रंग की पेन्ट व बादामी रंग का पेन्ट पहने है चहरे पर सफेद बड़ी दाढ़ी है। जिसके वारिसानो का कोई पता नही चल सका है। मिलने पर संपर्क करे।

थाना प्रभारी मो.न.7587601981
जांचकर्ता मो.न.9826558128
कंट्रोल रूम भोपाल मो.न.0755-2677341
थाना प्रभारी
थाना कोतवाली भोपाल
जी- 20931/26 स्वच्छता ही सेवा

बैंक ऑफ महाराष्ट्र Bank of Maharashtra भारत सरकार का उद्यम
अंचल कार्यालय : 1/14 प्रशासनिक जोन, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011

आधिपत्य सूचना (स्थावर संपत्ति) नियम-8 (1)
जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूहित हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। यह सूचना पत्र रजिस्टर्ड डाक एवं हैंड डिलेवरी द्वारा भेजा गया था।
ऋणी द्वारा राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्तियों का **कब्जा** निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है । ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए **बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इटारसी शाखा** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम एवं पता	बंधक रखी संपत्ति के विवरण	बकाया राशि
इटारसी शाखा, इटारसी		
ऋणी: **श्री दुर्गा प्रसाद शर्मा पुत्र श्री बेजनाथ शर्मा** सहऋणी: **श्रीमती लता शर्मा पत्नी श्री दुर्गा प्रसाद शर्मा** सभी का पता:- ईडब्लूएस-119/120, वार्ड क्रमांक 03, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पुरानी इटारसी, तहसील-इटारसी, जिला-होशंगाबाद-461111	संपत्ति क्र. 1- संपत्ति का समस्त भू भाग भूमि एवं निर्माण स्थित सीनियर EWS नंबर 119, कुल क्षेत्रफल 435.78 वर्गफुट वार्ड नंबर 03, दीनदयाल नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, इटारसी, तहसील- इटारसी, जिला-होशंगाबाद, (म.प्र.) एवं एनबी 15, प.ह.नं. 09, चर्तुसीमाएं- उत्तर-एमआईजी प्लाट, दक्षिण - रास्ता, पूर्व - प्लॉट नंबर 118 EWS, पश्चिम प्लॉट नंबर 120 EWS, संपत्ति मालिक- श्रीमती लता शर्मा पत्नी श्री दुर्गा प्रसाद शर्मा Cersai Asset ID -200058148013 संपत्ति क्र. 1- संपत्ति का समस्त भू भाग भूमि एवं निर्माण स्थित सीनियर EWS नंबर 120, कुल क्षेत्रफल 435.78 वर्गफुट, बाकि मौजा इटारसी वार्ड क्रमांक 02, दीनदयाल नगर, म.प्र. हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जिसका एच.एल. क्रमांक 9, बी क्रमांक 15, पुरानी इटारसी, तहसील-इटारसी, जिला-होशंगाबाद चर्तुसीमाएं-उत्तर - गृह निर्माण मंडल का एमआईजी प्लॉट, दक्षिण - रास्ता, पूर्व - सीनियर EWS नंबर 119, पश्चिम - रास्ता। संपत्ति मालिक- श्री दुर्गा प्रसाद शर्मा पुत्र श्री बेजनाथ शर्मा Cersai Asset ID -200058147747	₹ 20,91,105.32/- +दिनांक 19.08.2026 से अप्रभारित ब्याज एवं पेनल खर्चे बाद में खाते में जमा हुई राशि ₹ 45,000.00/- बाद में जमा हुई राशि को एडजस्ट करने के बाद बकाया बैलेंस: ₹ 20,46,105.32/- दिनांक 31/10/2026 तक (इसमें आगे लगने वाला ब्याज, पेनल्टी चार्ज और अन्य खर्च/चार्ज शामिल नहीं हैं) मांग सूचना दिनांक 19/08/2026 कब्जा दिनांक 31/10/2026

दिनांक : 03.11.2026 (अमरीत कुमार मिश्रा)
स्थान: भोपाल मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी, आंचलिक कार्यालय, भोपाल

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल
क्रमांक/पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/635/26 दिनांकः- 20/10/2026
// ई-निविदा सूचना //
"मध्यप्रदेश भण्डार कय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022" के नियमानुसार रक्षित केन्द्र नेहरू नगर भोपाल में प्रशासनिक भवन के समीप मेगजीन के पास एक सेप्टिक टैंक का निर्माण कार्य कराया जाना है एवं आरमोरी शाखा के समीप स्थित प्रसाधन कक्ष का जीणोर्धार कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	निविदा शुल्क	अनुमानित व्यय राशि (जीएसटी सहित)	ईएमडी
1.	रक्षित केन्द्र नेहरू नगर भोपाल में प्रशासनिक भवन के समीप मेगजीन के पास एक सेप्टिक टैंक का निर्माण कार्य कराया जाना है एवं आरमोरी शाखा के समीप स्थित प्रसाधन कक्ष का जीणोर्धार कार्य	1,000/-	3,54,819/-	10,645/-

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलित्त भोपाल म.प्र. के नाम से बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेंगी ।
2. निविदा शुल्क ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में वाहन शाखा, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
शेड्यूल-

निविदा पब्लिकेशन दिनांक	दिनांक 29/10/2026 के 12.00 बजे
निविदा डाउनलोड करने की दिनांक	दिनांक 29/10/2026 के 12.00 बजे से
निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक	दिनांक 19/11/2026 के 17.00 बजे तक
निविदा खोलने की दिनांक	दिनांक 20/11/2026 के 17.00 बजे
प्रिबिड मीटिंग	दिनांक 05/11/2026 के 12.00 बजे
प्रिबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान	पुराना पुलिस कंट्रोल रूप भोपाल

G-20919/26 " स्वच्छता ही सेवा " पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस, भोपाल

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल
क्रमांक/पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/634/26 दिनांकः- 20/10/2026
// ई-निविदा सूचना //
"मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022" के नियमानुसार इस कार्यालय द्वारा नगरीय पुलिस भोपाल के अंतर्गत कार्यालयो एवं थानो के प्रशासकीय भवनो में विभिन्न मरम्मत कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

क्र.	कार्य का विवरण	निविदा शुल्क	अनुमानित व्यय राशि (जीएसटी सहित)	ईएमडी
1.	पुलिस लाईन नेहरू नगर स्थित डी-ब्लाक के समीप स्थित पार्क के जीणोर्धार कार्य एवं सजग प्रहरी परिसर के सामने स्थित रिक्त भूमि पर पार्क निर्माण कार्य	2,000/-	7,47,844/-	22,500/-

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलित्त भोपाल म.प्र. के नाम से बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेंगी ।
2. निविदा शुल्क ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में वाहन शाखा, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
शेड्यूल-

निविदा पब्लिकेशन दिनांक	दिनांक 29/10/2026 के 12.00 बजे
निविदा डाउनलोड करने की दिनांक	दिनांक 29/10/2026 के 12.00 बजे से
निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक	दिनांक 19/11/2026 के 17.00 बजे तक
निविदा खोलने की दिनांक	दिनांक 20/11/2026 के 17.00 बजे
प्रिबिड मीटिंग	दिनांक 05/11/2026 के 12.00 बजे
प्रिबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान	पुराना पुलिस कंट्रोल रूप भोपाल

G-20932/26 " स्वच्छता ही सेवा " पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस, भोपाल

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग रायसेन (म.प्र.)
ईमेलः- eepwdraisen@mp.nic.in दूरभाष / फेक्स क्रमांक. 07482.222051
निविदा सूचना
निविदा सूचना क्र. 11/व.ले.लि./ रायसेन / 2026-27 रायसेन, दिनांक 21.10.2026
निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर आई.डी.	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाग	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु राशि (रू. लाख में)	रिमार्क।
1	2	3	4	5	6	7	8
1	2026_PWDRB_ 544184_1	रायसेन	रंगाई पुताई कार्य ।	रायसेन उपसंभाग अन्तर्गत शासकीय गैर आवासीय एवं आवासीय भवनों में रंगाई पुताई कार्य।	प्रथम	19.70	
2	2026_PWDRB_ 544186_1	रायसेन	रंगाई पुताई कार्य ।	रायसेन उपसंभाग अन्तर्गत शासकीय आवासीय भवनों में रंगाई पुताई कार्य।	प्रथम	19.60	
3	2026_PWDRB_ 544188_1	रायसेन	मरम्मत कार्य ।	रायसेन उपसंभाग अन्तर्गत शासकीय आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य।	प्रथम	19.50	
4	2026_PWDRB_ 544189_1	रायसेन	मरम्मत कार्य ।	रायसेन उपसंभाग अन्तर्गत शासकीय गैर आवासीय एवं आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य।	प्रथम	19.50	
						78.30	

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की 10/11/2026, (17.30) बजे अंतिम तिथि निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, रायसेन
संभाग रायसेन
जी - 20914/26 स्वच्छता ही सेवा

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
M.P. Online Help Line 0755-6720200
दीपावली के शुभ अवसर पर...
भोपाल के विभिन्न स्थानों पर भवन/भूखण्ड/ऑफिस हॉल एवं रायसेन में ईडब्ल्यूएस भवन यथास्थिति में ऑफर के माध्यम से विक्रय हेतु उपलब्ध
ई-ऑफर 25.11.2026 (रात्रि 23:59 बजे तक)

क्र.	योजना का नाम	उपलब्ध भवन क्रमांक	भवन का निर्मित क्षेत्रफल (व.मी.)	युक्तियुक्तकरण में अपसेट मूल्य (रु. लाख)	धरोहर राशि (रु. लाख)	आवेदन शुल्क (रु./जी.एस.टी. सहित)
(1) द्वारिका परिसर अरविन्द विहार बागमुगालिया भोपाल में फ्लैट						
(i)	ऑफिस हॉल (ई-ब्लाक)	2, 4, 8, 10, 12	186.00	157.72	23.66	4720/-
(ii)	ऑफिस हॉल (ई-ब्लाक)	3, 7, 9, 11	195.00	157.72	23.66	4720/-
2.	पूर्वांचल परिसर बागमुगालिया के फ्लैट 3BHK	301, 302, 402, 403	110.50	35.31	7.06	2360/-
3.	कृषि उपज मंडी के पास रायसेन में ई.डब्ल्यू.एस. आवासीय भवन	23, 28, 35 से 39, 66 से 74, 76 से 80, 87 से 89 एवं 91 से 93, 83, 84, 86, 94 से 97, 100, 101, 21, 40, 65, 82 एवं 101-ए	20.28	4.19 से 4.44 तक	0.84 से 0.89 तक	590/-
4.	''आम्रपाली आर्केड व्यावसायिक परिसर'' बागमुगालिया एक्सटेंशन भोपाल में ऑफिस चेम्बर	ए-10, ए-12, ए-11, ए-5, ए-6 एवं ए-7, सी-1, सी-2, सी-4, सी-5, सी-6 सी-8	16.94 से 37.62	9.96 से 22.15 तक	1.99 से 4.43 लाख तक	1770/-

नोट :- (1) ऑफर स्वीकृत होने पर रु. 50.00 लाख या उससे अधिक की अपसेट मूल्य की संपत्ति की शेष राशि 3 आसान किश्तों में भुगतान करने की विशेष सुविधा। (2) संपत्ति के ऑफर स्वीकृति उपरांत ऑफरकर्ता द्वारा ऑफर निरस्त कराने पर मण्डल नियमानुसार धरोहर राशि की 50 प्रतिशत राशि जब्त कर ली जावेगी। (3) ऑफर प्रस्तुत करने के पूर्व स्थल/संपत्ति का अवलोकन कर लें। (4) शासन/मण्डल द्वारा निर्धारित लीजरेन्ट एवं प्रकोष्ठ आवासीय भवनों के मूल्य का 5% एवं व्यावसायिक भवनों के मूल्य का 10% कार्पस फण्ड एवं अन्य कर/शुल्क पृथक से देय होंगे। (5) आवेदन धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि 25.11.2026। ऑफर डालने की अंतिम तिथि 26.11.2026 सायं 5.00 तक। ऑफर दिनांक 27.11.2026 को सायं 3.00 बजे खोले जावेंगे। (6) आवेदन फार्म एवं धरोहर राशि ONLINE/RTGS से जमा होगी। (7) रजिस्टर्ड मोबाइल पर BID-ID प्राप्त होगी। (8) मण्डल/शासन के नियम/शर्त लागू। (9) योजना की विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.mphousing.in पर उपलब्ध।

संपर्क : (1) संतोष चतुर्वेदी (सहायक यंत्री) मो. 9406912066 (बागमुगालिया हेतु), (2) नरेन्द्र मीणा (उपयंत्री) मो. 9301302433 (3) श्रीमती राजकुमारी मालयान (संपदा प्रबंधक) मो. 9826853657, MP Online Help Line 0755-6720200

(राजेश शुक्ला)
म.प्र. माध्यम/128897/2026 संपदा अधिकारी प्रक्षेत्र-2, भोपाल, मो. 9425012768

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023
पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।
Follow us on /mphidb /mphidb



प्रकृति के करीब सुकून के पल बिताते नजर आए दिलजीत

नई दिल्ली। पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ ने शुक्रवार को राजधानी दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक ग्रैंड ओपनिंग शो के साथ अपने 'ऑरा इंडिया टूर 2026' की शुरुआत की। दिल्ली में अपने कॉन्सर्ट से फैंस को झूमने पर मजबूर करने के बाद दिलजीत सुकून के कुछ पल बिताने ऋषिकेश पहुंच गए। यहां उन्होंने गंगा किनारे वक्त बिताया और प्रकृति की खूबसूरती का आनंद लिया। दिलजीत इन दिनों अपने 'ऑरा इंडिया टूर' पर हैं। दिल्ली में कॉन्सर्ट करने के बाद उन्होंने ऋषिकेश का रुख किया। कॉन्सर्ट की भीड़ और शोर-शराबे से दूर दिलजीत ऋषिकेश के शांत माहौल में काफी खुश नजर आए।



लाइफ Style

सोनारिका


सूट पहनकर तो पानी में नहीं जाऊंगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

'देवों के देव महादेव' में मां पार्वती का रोल निभाकर मशहूर हुईं सोनारिका भदोरिया को बिकिनी तस्वीरों के लिए जमकर ट्रोल किया गया था। अब एक्ट्रेस ने सालों बाद चुप्पी तोड़ी है। एक्ट्रेस ने ट्रोलर्स से साफ कहा है कि उन्हें अपनी पसंद के कपड़े पहनने के लिए किसी को सफाई देने की जरूरत नहीं है।

इतना ही नहीं उन्होंने बेबाक अंदाज में कहा, 'मैं बिकिनी पहनूंगी। किसी के बाप का क्या जा रहा है। दरअसल, यह पूरा मामला साल 2016 का है। उस समय सोनारिका मॉरीशस वेकेशन पर गई थीं। वहां से उन्होंने बिकिनी में कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थीं। तस्वीरें सामने आते ही सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जाने लगा। लोगों ने उनके लिए संस्कारहीन और बेशर्म जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया. इतना ही नहीं, कई यूजर्स ने भद्दे और अश्लील कमेंट भी किए। अब हाल ही में सोनारिका ने इस पूरे विवाद पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि वह आज भी बिकिनी पहनने से पीछे नहीं हटेंगी। एक्ट्रेस ने बेबाक अंदाज में कहा, 'मैं बिकिनी पहनूंगी. किसी के बाप का क्या जा रहा है।' उन्होंने यह भी कहा कि वह यह सफाई क्यों दें कि उनके पति या पिता को उनके कपड़ों से कोई परेशानी नहीं है। असल बात यह है कि उन्हें खुद बिकिनी पहनने में कोई दिक्कत नहीं है। सोनारिका ने बताया कि जब यह ट्रोलिंग हुई, तब 'देवों के देव... महादेव' शो खत्म हो चुका था। इसके बाद भी वह कई सीरियल में काम कर चुकी थीं। इसके बावजूद लोग उनका इंटरव्यू सिर्फ इस सवाल के लिए लेना चाहते थे कि पार्वती का रोल करने वाली एक्ट्रेस बिकिनी कैसे पहन सकती है। सोनारिका ने इस सोच पर सवाल उठाया।


हॉलीवुड मसाला



टारगेट प्रैक्टिस के दौरान

लगी गोली

नई दिल्ली। हॉलीवुड के जाने माने निर्देशक और 'हीट' और फैरारी जैसी फिल्मों के लिए मशहूर माइकल मान से बड़ी चूक हो गई। 83 साल के माइकल मान लॉस एंजिलिस की एक गन रेंज में टारगेट प्रैक्टिस कर रहे थे, तभी गलती से गोली उनके पैर में लग गई। उन्हें एम्बुलेंस से एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना शनिवार शाम करीब 4 बजे हुई। माइकल मान गन रेंज में मौजूद थे और वह अपनी बंदूक को होल्स्टर में रखने की कोशिश कर रहे थे, तभी अचानक फायरिंग हो गई और गोली उनके पैर में लग गई।



कैथरीन ने आदतें सुधारने की दी थी वॉर्निंग

नई दिल्ली। हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता माइकल डगलस ने हाल ही में एक्ट्रेस कैथरीन जेटा जोनस को डेट कर रहे थे, तब उन्हें एक साथ पांच महिलाओं को छोड़ना पड़ा था। कैथरीन और माइकल की शादी साल 2000 में हुई थी। हाल ही में अपनी बुक को प्रमोट करने के लिए माइकल डगलस टीवी शो 'द ग्राहम नॉर्टन शो' में पहुंचे थे, जहां उन्होंने कैथरीन जेटा जोनस के साथ अपनी शादी और लव स्टोरी पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'जब मैं कैथरीन को डेट कर रहा था, तो उन्होंने सीधा मुझे वॉर्निंग देकर कहा कि अगर मैं हम ये कर रहे हैं, तो तुम्हें अपनी पुरानी सभी आदतें सुधारनी होगी। मैं डिवोर्स था और कई लोगों से मिल रहा था। कैथरीन को डेट करते हुए मुझे पांच लड़कियों को फोन करना पड़ा और उनसे ब्रेकअप किया।

राघव निभा रहा यंग रावण का किरदार, दिखने में है यश की कॉपी



मुंबई। फिल्म 'रामायण'5 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म में यश रावण का किरदार निभा रहे हैं, जबकि यंग रावण की भूमिका राघव मल्होत्रा ने निभाई है। राघव कोई और नहीं, बल्कि फिल्म के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा के बड़े बेटे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर फिल्म में यंग रावण के किरदार के लिए राघव को ही क्यों चुना गया। राघव की शारीरिक बनावट यश से मिलती-जुलती है। वे बिल्कुल यश के बॉडी डबल जैसे लगते हैं। यही वजह है कि राघव को यंग रावण का किरदार निभाने का मौका दिया गया।

यश ने रावण का किरदार निभाने को लेकर अपनी बात रखी थी। उन्होंने कहा, 'राम की अच्छाई दिखाने के लिए रावण की बुराई का होना भी तो जरूरी है और मुझसे बेहतर बुराई कोई नहीं दिखा सकता।' यश ने कहा, 'जब मैं कोई अच्छा किरदार भी निभाऊंगा, तो मुझसे बेहतर कोई नहीं होगा।' यश ने आगे कहा, रावण को देखकर दर्शकों को लगना चाहिए, 'इसे कैसे मारा जाए?' हम सभी ने अपने अहंकार को एक तरफ रख दिया है। 'रामायण' में मेरे स्टारडम या मेरे स्टार होने की कोई बात नहीं है। इस प्रोजेक्ट पर बेहतरीन लोग काम कर रहे हैं।

हाल ही में हैदराबाद में हुए एक इवेंट के दौरान फिल्म में सीता का किरदार निभा रहीं साई पल्लवी ने रावण की भूमिका निभाने के यश के फैसले की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यश ने इस किरदार को पूरी तरह अपना लिया है और इसके लिए उन्हें लोगों की नफरत नहीं, बल्कि प्यार मिला है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'रामायण'की अब तक 11.87 लाख टिकटें बुक हो चुकी हैं। फिल्म ने एडवांस बुकिंग के जरिए 49.67 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही 'रामायण' दो पार्ट्स में रिलीज होगी।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930